सुविचार

सीखे गए को भूल जाने पर जो कुछ बच रहा है, वही शिक्षा है।

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi

Ranchi ● Tuesday, 21 November 2023 ● Year : 01 ● Issue : 300 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com




12

एंकर से ऐसे अभिनेत्री बनीं नयनतारा...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,655.15 |
| निफ्टी | : | 19,694.00 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,815 |
| चांदी | : | 79.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

## दिल्ली में एक्यूआई फिर 300 पार, हवा बहुत खराब

**NEW DELHI :** दिल्ली में सोमवार को हवा की गुणवत्ता बहुत खराब कैटेगरी में रही। सुबह 8 बजे राष्ट्रीय राजधानी में एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 310 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, सुबह 10 बजे आनंद विहार में 364, आईटीओ में 322, आरके पुरम में 348 और द्वारका में 376 दर्ज किया गया। वहीं 10 दिन बाद सोमवार से दिल्ली के स्कूल खोल दिए गए हैं। प्रदूषण के चलते सरकार ने 8 नवंबर को स्कूलों में 10 दिन के विंटर वेकेशन की घोषणा कर दी थी। इसके साथ ही दिल्ली में कंस्ट्रक्शन वर्क और ट्रकों की एंट्री पर रोक हट गई है।

## पांचों चुनावी राज्यों में अब तक 1760 करोड़ रुपये जब्त

**NEW DELHI :** चुनाव आयोग के प्रयास से पांच राज्यों मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में चुनावों के दौरान बरामदगी में वृद्धि हुई है। चुनाव की घोषणा के बाद से पांच राज्यों में अबतक 1760 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती हो चुकी है। आयोग का कहना है कि यह उसकी समान अवसर के लिए के लिए मजबूत उपायों को लागू करके स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने की अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। छत्तीसगढ़ में 76.9 करोड़, मध्य प्रदेश में 323.7 करोड़, मिजोरम में 49.6 करोड़, राजस्थान में 650.7 करोड़ और तेलंगाना में 659.2 करोड़ रुपये की जब्ती की गई है।

## देशहित में है वन नेशन, वन इलेक्शन : रामनाथ कोविंद

**RAEBARELI :** पूर्व राष्ट्रपति और वन नेशन वन इलेक्शन के चेयरमैन रामनाथ कोविंद ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन देशहित में है और इसका सभी ने किसी न किसी समय समर्थन किया है, इसके लिए वर्तमान में आम सहमति के प्रयास किये जा रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति सोमवार को रायबरेली में निजी कार्यक्रम में शामिल होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थाओं समेत राजनैतिक पार्टियों से सुझाव मांगे गए हैं। कई पार्टियों समेत नीति आयोग और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं ने इसका समर्थन किया है।

## संजय सिंह की गिरफ्तारी पर केंद्र-ईडी से जवाब तलब

**NEW DELHI :** दिल्ली के आप सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी और रिमांड मामले में दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने कथित दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संजय सिंह की गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र और प्रवर्तन निदेशालय से जवाब मांगा है। बता दें कि जस्टिस संजीव खन्ना और रश्ठ भट्टी की सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने 11 दिसंबर, 2023 तक संजय सिंह की गिरफ्तारी याचिका के संबंध में केंद्र और ईडी से जवाब मांगा है।

## जजों की नियुक्ति में पसंद नापसंद की नीति ठीक नहीं

**NEW DELHI :** सुप्रीम कोर्ट ने कॉलेजियम की सिफारिश के बावजूद जजों की नियुक्ति में हो रही देरी पर केंद्र सरकार को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा- जजों की नियुक्ति में पसंद-नापसंद की नीति ठीक नहीं है। ये अच्छे संकेत नहीं हैं। यह देश में गलत संदेश देता है। जस्टिस संजय किशन कौल और सुधांशु धूलिया की बेंच ने सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए कहा- जजों की नियुक्ति और तबादले भी सरकार अपनी पसंद नापसंद के मुताबिक कर रही है। हमने इसके लिए सरकार को पहले भी आगाह किया है।



## उदीयमान सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य, आस्था का महापर्व छठ संपन्न

रांची में लोक आस्था का महापर्व छठ उत्साह और उमंग के साथ सोमवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न हो गया। महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के चौथे दिन सुबह छठ व्रतियों ने पूरी आस्था के साथ उदीयमान सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर सभी के लिए सुख और समृद्धि की कामना की। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए रांची में आधी रात के बाद से ही जलाशयों के आसपास मेला जैसा नजारा देखने को मिला। भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए दौरा में प्रसाद सजा कर छठ व्रतियों के साथ-साथ हर कदम जलाशयों-तालाबों की ओर बढ़ते दिखे। छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन और रांची नगर निगम की ओर से विशेष सुरक्षा व्यवस्था और लाइटिंग के बीच छठव्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और ब्रहांड के कल्याण की कामना भगवान सूर्य से की।

### हाईकोर्ट : आचार संहिता उल्लंघन मामला

## हेमंत की क्रिमिनल रिट पर आज होगी सुनवाई



**PHOTON NEWS RANCHI :** सीएम हेमंत सोरेन की ओर से सरायकेला खरसांवा के आदित्यपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी (418/2014) को चुनौती देने वाले क्रिमिनल रिट की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार यानी 21 नवंबर को होगी। मामले में कोर्ट ने पिछली सुनवाई में राज्य सरकार को नोटिस जारी कर 3 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। साथ ही कोर्ट ने हेमन्त सोरेन के खिलाफ 21 नवंबर तक पीड़क कार्रवाई पर रोक भी लगाई थी। याचिका में प्रार्थी हेमंत सोरेन ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान वह अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गए थे। उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया था। उस दौरान उन पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले की सुनवाई पश्चिम सिंहभूम की निचली अदालत में चल रही है। प्रार्थी ने अदालत में चल रही कार्रवाई पर रोक लगाने व उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है।

# दो दिग्गजों में जुबानी जंग

## कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ नहीं : मोदी

## देश को बर्बाद कर रही भाजपा : मल्लिकार्जुन

### विस चुनाव को लेकर नेता दाग रहे गोले





**AGENCY RAJASTHAN :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजस्थान की गहलोत सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ भी नहीं है। इस कांग्रेस सरकार को सबक सिखाना जरुरी है। राजस्थान में महिला अत्याचार बढ़ा है और यहां के मुख्यमंत्री सर्टिफिकेट देते हैं कि वे फर्जी शिकायत दर्ज करवाती हैं, यह महिलाओं का अपमान है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को पाली के जाडन में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने आपके मोबाइल का बिल भी कम कर दिया है। डेटा की वर्ष 2014 से पहले की कीमत होती तो आज आपको एक मोबाइल पर अधिक खर्च करने पड़ते। एक परिवार में कम से कम चार मोबाइल होते हैं, मोदी ने यह खर्चा बचाया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ नहीं है। कांग्रेस के लिए परिवारवाद ही सब कुछ है। उसके पास तुष्टिकरण के अलावा कुछ नहीं है। दंगाइयों और आतंकियों के हौसले बुलंद हो गए। ऐसी विकृत वाली मानसिकता वाली कांग्रेस को अच्छे से सबक सिखाना जरूरी है। कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन की यह पहली हरकत नहीं है। सनातन को लेकर उन्होंने क्या-क्या कहा, यह सबने देखा है। कांग्रेस और उसके साथी सनातन को खत्म करने का ऐलान कर रहे हैं।

**AGENCY RAJASTHAN :** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सेवा में लगी है। इंदिरा गांधी जैसी महान नेता ने अपनी जान कुर्बान की। राजीव गांधी ने अपनी जान इस देश की एकता के लिए दी। कांग्रेस में जान देने वाले लोग हैं और भाजपा जान लेने वाले लोग हैं।

खड़गे ने सोमवार को अनूपगढ़ में पार्टी उम्मीदवार शिमला नायक के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को किसने मारा, नाथूराम गोडसे ने। उस नाथूराम गोडसे के लोग कहां है, किस पार्टी में हैं। देखो यह लोग एक तरफ देश की बात करते हैं और दूसरी तरफ देश के लिए कुबार्नी देने वाले महात्मा गांधी के खिलाफ भी बोलते हैं। गांधी और नेहरूजी की फिलॉसफी के खिलाफ बोलते हैं। इंदिराजी ने जो काम किए, उनको कभी स्वीकार नहीं किया।

खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने चुनावी वादे किए थे कि विदेशों में जमा कालाधन लाऊंगा और हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख रुपये डालूंगा। आपके खाते में 15 लाख रुपये आ गए क्या। लोगों ने जब नहीं कहा तो उन्होंने कहा कि आप झूठ बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री कैसे झूठ बोल सकते हैं। मैं जब उनको कुछ कहता हूं तो वह कहते हैं कि मुझे झूठों का सरदार बोलते हैं। मोदी ने कहा था कि हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार देंगे।

## राजस्थान में भाजपा हिट विकेट है : प्रियंका

**RAJASTHAN :** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने आज अजमेर के केकड़ी और जहाजपुर (भीलवाड़ा) में जनसभा को संबोधित किया। स्थानीय देवी-देवताओं को नमन करते हुए प्रियंका ने कहा- त्योहार में जैसे हम पूजा करते हुए घर की सफाई करते हैं। वैसे ही जब चुनाव का समय आता है तो भी सफाई जरूरी है। चुनाव के समय नेता धर्म की बात करते हैं। इनकी आदत बन गई है कि चुनाव आएगा, धर्म की बात करेंगे, वोट मिल जाएगा। काम करने की जरूरत ही नहीं है। ये आदत देश की जनता ने डाल दी। ऐसे आदत मत बिगाड़ो। जब बच्चा गलत करता है। बच्चा किसी दूसरे के घर से कुछ चोरी करके ले आता है तो मां उसको डांटती है। कभी-कभी चांटा भी मारती है। कहती है- जा वापस देकर आ। नेता बड़ी-बड़ी गलतियां कर रहा है, गलत काम कर रहा है, उसको डांटा नहीं गया क्या? उसकी आदत बिगड़ जाए, ठीक है क्या? नेता का काम है तुम्हारी सेवा करना। आपने नेताओं और राजनीतिक दलों की बहुत आदत बिगाड़ ली। अब यह गलती मत करो। अब इनसे जवाब मांगो। प्रियंका ने कहा कि हाल ही में मोदी जी ने कांग्रेस के लिए कहा- कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को रन आउट करने में लगे हैं, लेकिन इनकी पार्टी तो खुद ही हिट विकेट है राजस्थान में। इनकी पार्टी पूरी तरह से बिखरी हुई है। इनके जो पुराने नेता थे, सबको परे कर दिया गया है।

## नौ दिन से फंसे हैं 41 मजदूर, ड्रिलिंग रुकी टनल धंसने का डर



**AGENCY UTTERKASHI :** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिलक्यारा टनल में 9 दिन से 41 मजदूर फंसे हैं। टनल में ऑगर मशीन से ड्रिलिंग रोक दी गई है। मशीन के साथ काम कर रहे मजदूरों में 16 नवंबर के भूकंप के बाद से दहशत है। वे टनल के अंदर काम करने से घबरा रहे हैं। एनएचआईडीसीएल डायरेक्टर अंशु मनीष ने बताया कि टनल के अंदर कभी भी, कुछ भी हो सकता है। इसलिए किसी अनहोनी के मद्देनजर ऑगर मशीन के साथ काम कर रहे मजदूरों के लिए अलग से टनल बनाई जा रही है। डंडालगांव की तरफ से वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए काम जारी है। सिलक्यारा की तरफ से 6 इंच की नई पाइपलाइन टनल के अंदर भेजने में सफलता मिली है। अंदर फंसे मजदूरों के लिए डाइट चार्ट बनाकर आज शाम से सेब, दलिया, खिचड़ी जैसे हल्के खाद्य पदार्थ भेजे जाएंगे। इसके अलावा एंडोस्कोपी जैसा एक कैमरा भी मंगाया जा रहा है जिससे अंदर फंसे लोगों को देखा जा सके। टनल के अंदर भेजने के लिए रोबोट भी मंगवाए गए हैं, लेकिन अभी उन्हें अंदर भेजने में कामयाबी नहीं मिली है। सिलक्यारा टनल में हादसा 12 नवंबर की सुबह 4 बजे हुआ था। टनल के एंट्री पॉइंट से 200 मीटर अंदर 60 मीटर तक मिट्टी धंसी। इसमें 41 मजदूर अंदर फंस गए। रेस्क्यू के दौरान 16 नवंबर को टनल से और पत्थर गिरे जिसकी वजह से मलबा कुल 70 मीटर तक फैला गया। टनल के अंदर फंसे मजदूर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के हैं।

### HC ने सरकार से 48 घंटे में मांगा जवाब

**UTTERKASHI :** उत्तराखंड उच्च न्यायालय, नैनीताल ने उत्तरकाशी की सिलक्यारा टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने संबंधी पीआईएल की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि सिलक्यारा सुरंग से कब मजदूर बाहर निकलेंगे। कोर्ट ने सरकार से 48 घंटे के भीतर जवाब मांगा है। इस निमार्णाधीन सुरंग में विभिन्न राज्यों के 41 मजदूर पिछले नौ दिन से फंसे हुए हैं। सोमवार को कार्यवाहक हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमारी तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए। उन्होंने इसकी अगली सुनवाई के लिए 22 नवम्बर की तिथि तय की है। खंडपीठ ने मिनिस्ट्री ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट, सचिव लोक निर्माण विभाग, केंद्र सरकार और नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है।

## IPC में मौत की सजा बरकरार रखेगी सरकार

● नए कानूनों में पहली बार टेररिज्म की परिभाषा बनी

**AGENCY NEW DELHI :** केंद्र सरकार भारतीय न्याय संहिता में मृत्युदंड के प्रावधान को बरकरार रखेगी। इसे हटाने की मांग के बीच संसदीय समिति ने यह सिफारिश की थी कि मृत्युदंड के प्रावधान पर सरकार फैसला करे। संसद के शीतकालीन सत्र में तीनों कानून- भारतीय न्याय संहिता, नागरिक सुरक्षा संहिता और साक्ष्य अधिनियम पास होने की उम्मीद है। मानसून सत्र में पेश इन कानूनों पर गृह मंत्रालय की स्थायी समिति ने समीक्षा के बाद मृत्युदंड की सजा के प्रावधान को हटाने के मुद्दे पर विचार किया। इसमें तर्क यह आया कि दोषपूर्ण न्यायिक प्रणाली से किसी निर्दोष को मृत्युदंड मिल सकता है। कई देशों में मृत्युदंड की सजा खत्म करने के उदाहरण भी दिए गए।

## पानी गिराने को लेकर दो पक्षों में विवाद उग्र लोगों ने एक महिला का घर जलाया

### घर का सारा सामान जलकर राख, महिला के बयान पर प्राथमिकी दर्ज

**CRIME REPORTER RANCHI :** बरियातू थाना क्षेत्र के जनता फ्लैट में रहने वाले मनोज कुमार और एक महिला के बीच रविवार को बालकोनी में पानी गिराने की बात को लेकर जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों की ओर से कई लोग मौके पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। महिला के बयान पर बरियातू थाना में एफआईआर दर्ज हुआ है।

**दमकल ने आग को बुझाया, अफरा-तफरी**

बरियातू थाना प्रभारी ने बताया कि बालकोनी में सफाई के लिए महिला के द्वारा पानी गिराया गया था। पानी को देखकर मनोज गुस्से में आ गया। इसी बात पर मनोज और महिला में विवाद होने लगा। महिला का आरोप है कि मनोज अपने साथियों के साथ मिलकर घर पर हमला कर दिया और घर में आग लगा दिया। आग लगने की घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल हो गया। बरियातू पुलिस का कहना है कि महिला के घर में आग लगने की घटना हुई तो मौके पर मौजूद लोगों ने घर का सामान बाहर निकालने का प्रयास किया लेकिन लोग सफल नहीं हो पाए। घर में रखा हुआ पलंग, फ्रिज और अन्य सामान पूरी तरह से जलकर राख गया। फायर ब्रिग्रेड के कर्मचारियों ने जबतक आग पर काबू पाया घर का एक भी सामान नहीं बचा था। बरियातू पुलिस का कहना है कि घटना को अंजाम देने वाले मनोज और अन्य आरोपियों के खिलाफ केस हो गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

### आईसीसी ने वर्ल्डकप टीम ऑफ द टूर्नामेंट का किया ऐलान, 12 खिलाड़ियों की लिस्ट में 6 भारतीय, ऑस्ट्रेलिया के 2 खिलाड़ी शामिल

# वर्ल्ड कप की 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' के कप्तान बने रोहित शर्मा, शमी टॉप विकेटटेकर

**AGENCY NEW DELHI :** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने वर्ल्ड कप 2023 की 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' का ऐलान कर दिया है। इस टीम के कप्तान रोहित शर्मा हैं, जिन्होंने इस टूर्नामेंट में लगातार 10 मैच अपनी टीम को जिताए। इस लिस्ट में सबसे ज्यादा 6 भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के दो खिलाड़ियों को जगह मिली है। इसके अलावा श्रीलंका, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के 1-1 खिलाड़ी को जगह दी गई है। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया रविवार को वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में भारत को 6 विकेट से हराकर छठी बार चैंपियन बना है।

### इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 की टीम (बल्लेबाजी क्रम में) है, PERFORMANCE के अनुसार मिला मौका

**क्विंटन, साउथ अफ्रीका (विकेटकीपर)**




साउथ अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज ग्रुप स्टेज के दौरान शानदार फॉर्म में थे, क्विंटन डी कॉक ने पूरे टूनोमें ट में 107.02 की स्ट्राइक रेट से 594 रन बनाए। टूर्नामेंट में विकेटकीपर चुने गए डी कॉक ने सबसे ज्यादा 20 डिसमिसल किए हैं।

**रोहित शर्मा, भारत (कप्तान)**




टीम इंडिया के कप्तान और ओपनर रोहित शर्मा ने मेजबान टीम के लिए इस वर्ल्ड कप में 597 रन बनाए। रोहित इस टूर्नामेंट में रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। वहीं विराट कोहली टॉप पर हैं।

**विराट कोहली (भारत)**



विराट कोहली ने वर्ल्ड कप को 765 रन के साथ खत्म किया। वे एक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। दूसरे नंबर पर भारत के ही सचिन तेंदुलकर हैं, जिन्होंने 2003 में 673 रन बनाए थे।

**डेरिल मिचेल (न्यूजीलैंड)**




न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में डेरिल मिचेल की अहम भूमिका रही। उन्होंने नौ पारियों में 69 के औसत और 111.06 के स्ट्राइक रेट से 552 रन बनाए। भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने 134 रन की जुझारू पारी खेली।

**केएल राहुल (भारत)**



टीम इंडिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज राहुल ने 11 मैचों में 452 रन बनाए। 31 साल के खिलाड़ी ने वर्ल्ड कप में 75.33 की औसत से बल्लेबाजी की, जो टूर्नामेंट के दौरान किसी भी बल्लेबाज के लिए तीसरा बेस्ट है।

**ग्लेन मैक्सवेल (ऑस्ट्रेलिया)**



ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल ने नीदरलैंड के खिलाफ 40 बॉल पर शतक लगा दिया था। जो टूर्नामेंट इतिहास का सबसे तेज शतक रहा। वहीं अफगानिस्तान के खिलाफ मैक्सवेल ने 128 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 201 रन बनाए।

**रवींद्र जडेजा (भारत)**



भारत के स्टार ऑलराउंडर जडेजा ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 16 विकेट चटकाए और बल्ले से 120 रन बनाए। उनका इकोनॉमी रेट टूर्नामेंट में सबसे बेहतर में से एक रहा, जो प्रति ओवर 4.25 था।

**जसप्रीत बुमराह (भारत)**




बुमराह ने वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन किया और बेहद किफायती रहे। वे बेस्ट इकोनॉमी रेट में दूसरे नंबर पर रहे। उनसे आगे भारत के ही आर अश्विन हैं। बुमराह ने 11 मैचों में 20 विकेट लिए।

**दिलशान मदुशंका (श्रीलंका)**



श्रीलंका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने 9 मैचों में 21 विकेट लिए। वे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर रहे। उनका इस वर्ल्ड कप का बेस्ट बॉलिंग फिगर 5/80 रहा, जो भारत के खिलाफ था।

**एडम जम्पा (ऑस्ट्रेलिया)**



ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जम्पा टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। जम्पा ने 23 विकेट अपने खाते में डाले। जम्पा एक वर्ल्ड कप में बतौर स्पिनर सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं।

**मोहम्मद शमी (भारत)**



भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस वर्ल्ड कप के टॉप विकेटटेकर रहे। वे शुरूआती चार मैच में टीम की प्लेइंग 11 से बाहर थे, लेकिन आखिर के सात मैचों में उन्होंने 24 विकेट लिए। शमी इस वर्ल्ड कप में 24 विकेट के साथ टॉप पर रहे।

**जेराल्ड कूट्जी (साउथ अफ्रीका)**



साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज जेराल्ड कूट्जी ने आठ मैचों में 20 विकेट लिए। 23 साल के गेंदबाज ने 6.23 की इकोनॉमी के साथ वर्ल्ड कप का समापन किया।

BRIEF NEWS

## गोड्डा में तालाब में डूबने से दो की मौत

**GODDA :** गोड्डा में छठ पूजा के दौरान तालाब में डूबने से दो लोगों की मौत हो गयी। इसमें एक 10 साल का बच्चा और एक व्यक्ति शामिल है। गोड्डा के मोतिया ओपी क्षेत्र अंतर्गत बिरनिया गांव में तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। दूसरी घटना बलबड्डा थाना क्षेत्र की है, जहां एक बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रविवार शाम हीरालाल तांती (30) अर्घ्यदान के पहले दिन स्नान के दौरान तालाब में डूब गया, जिसे लगातार ढूंढने का प्रयास किया जा रहा था। एनडीआरएफ की टीम को देवघर से बुलाया गया। उनके आने तक सोमवार को ग्रामीणों की मदद से शव ढूंढ लिया गया। ये घटना मोतिया ओपी के बिरनिया पंचायत के ततवा टोली की है। दूसरी घटना बलबड्डा थाना क्षेत्र के मधुरा में अशोक यादव का 10 वर्षीय पुत्र पवन यादव अपनी नानी के घर आया था। वह स्नान के दौरान डूब गया।

## महिला की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या

**KHUNTI :** जिले के मारंगहादा थानांतर्गत दुलमी गांव के सुकन बुरू पहाड़ के दक्षिणी तराई स्थित बाहबुरू जंगल के सूखे नाले से पुलिस ने सोमवार को एक महिला का शव बरामद किया। शव की पहचान दुलमी गांव निवासी सुंदर मनी मुंडाइन (47) के रूप में हुई है। महिला की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या की गई है। उसके दोनों हाथ और पैर गमछा और साड़ी से बंधे थे। जानकारी के अनुसार महिला 17 नवंबर को दोपहर बाद से लापता थी। स्वजन उसकी खोजबीन में जुटे थे। सोमवार सुबह बहाबुरू जंगल के सूखे नाले में पत्थर के खोह में कुछ ग्रामीणों ने जब महिला का शव देखा, तब इसकी जानकारी उसके स्वजनों सहित अन्य ग्रामीणों को मिली। बाद में इसकी सूचना मारंगहादा थाना की पुलिस को दी गई।

## नाबालिग आदिवासी लड़की का संदिग्ध अवस्था में शव बरामद

**LATEHAR :** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ओवरब्रिज के पास सोमवार को एक आदिवासी लड़की का संदिग्ध अवस्था में शव बरामद हुआ है। मृतक लड़की की पहचान हो गयी है। वह चंदवा प्रखंड की रहने वाली है। हालांकि कुछ लोगों के द्वारा लड़की की दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की भी संभावना जताई जा रही है। हालांकि पुलिस अभी इस संबंध में बिना जांच किए कुछ भी बताने से इनकार कर रही है। जानकारी के अनुसार सोमवार को कुछ लोगों ने रेलवे ओवर ब्रिज के पास एक लड़की का शव पड़ा हुआ देखा। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी शुभम कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। लड़की के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी छठ महापर्व में चंदवा के नदी घाट पर गई थी वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद भारी संख्या में लोग चंदवा थाना पहुंच गए और घटना के विरोध में आक्रोश जताने लगे।

## सड़क पर बह रहा है नाले का गंदा पानी, ग्रामीण परेशान

**BAHRAGORA :** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के बनकाटा पंचायत अंतर्गत शालवनी से बेंन्दा मंदिर तक जानेवाली सड़क पर नाला का गंदा पानी बह रहा है। इससे आने-जाने वाले राहगीरों व श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है नाली नहीं होने के कारण गंदे पानी सड़क पर बह रहे हैं। जहां पर चापाकल की पानी सड़क पर बहता है, ठीक उसके पास मंदिर भी है। ऐसे में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस सड़क से जनप्रतिनिधि तथा पदाधिकारियों का भी आना जाना लगा रहता है । फिर भी इस ओर किसी का ध्यान नहीं देने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ संपन्न



### घाटों पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब, लोग हुए भाव-विभोर

**PHOTON NEWS KHUNTI :** लोक आस्था और नेम निष्ठा का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार को उदीयमान भगवान भास्कर को दूसरा और अंतिम अर्घ्य प्रदान करने के साथ ही संपन्न हो गया। सुबह तीन बजे से ही पूरा वातारण छठ मैया के गीतों से गुंजामयान हो उठा। चार बजते-बजते श्रद्धालुओं की सैलाब छठ घाटों पर उमड़ पड़ा। जिला मुख्यालय के राजा तालाब, चौधरी तालाब, साहू तालाब के अलावा, कुजला, सोसोटोली सहित आसपास के छठ घाटों में भीड़ इस कदर उमड़ी की तिल रखने की जगह नहीं थी।

जैसे ही पूर्व में उदीयमान सूर्य नारायण की लालिमा नजर आयी, पूरा छठ घाट ऐही सूर्यो संहस्त्रांशों के वैदिक मंत्रों से गुंजने लगा। भगवान भास्कर को दूसरा अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने सूर्य पूजन और रवि षष्ठी व्रत की कथा सुनकर हवन किया और प्रसाद का वितरण किया। प्रसाद पाने के लिए मानो लोगो में होड़ लग गयी थी। सांध्य और प्रातःकालीन अर्घ्य को लेकर नदियों, तालाबों और सरोवरों के छठ घाटों की आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी थी। छठ घाटों से लौटने के बाद व्रतियों ने विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना कर अपने और परिवार की खुशहाली की कामना की।

तोरपा इस बार भी फ्रंड्स क्लब के सौजन्य से छाता नदी छठ घाट पर भगवान सूर्य नारायण की प्रतिमा स्थापित की गई। हजारीबाग के पुरोहित गौरी शंकर मिश्र ने वैदिक मांत्रोच्चार के बीच प्रतिमा की प्राणा प्रतिष्ठा और अन्य अनुष्ठान संपन्न कराये। भोला साहू सपत्निक मुख्य यजमान के रूप में शाामिल हुए। फ्रेंड्स क्लब छठ पूजा समिति द्वारा काफी आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी थी, जिसकी तारीफ हर कोई कर रहा था। पूजा समिति द्वारा रविवार शाम और सोमवार की सुबह छठ घाट पर ही जगरता का आयोजन किया था। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों से पूरा वातावरण छठमय हो गया।

## व्रतियों ने भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर की परिवार एवं देश के हित की कामना




उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने जातीं छठ व्रती। ● फोटोन न्यूज

**KODERMA :** सोमवार की सुबह भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न हो गया। व्रती व उनके स्वजनों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर खुद के लिए और समाज व देश के हित की कामना की। इससे पहले सोमवार की अहले सुबह से ही श्रद्धालु पास के छठ घाटों पर पहुंचने लगे थे। इन घाटों पर रोशनी की बेहतर व्यवस्था होने से यहां का दृश्य मनोहारी था।

भक्ति भाव माहौल में विधि-विधान से सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती सोमवार को अपने-अपने घरों की ओर लौट गए। विभिन्न घाटों पर कोई व्रती पैदल चलकर तो कोई अपनी सवारियों से आए तो कोई दूर के इलाकों से टेंपो से पहुंचे थे। इधर कोडरमा के राजा तालाब, बरसोतियाबर, प्रेम सागर तालाब, डोमचांच स्थित शिवसागर तालाब, झुमरीतिलैया के इंदरवा, चाराडीह, उरवां समेत अन्य जगहों के घाटों पर कुछ श्रद्धालु पूरी रात मौजूद रहे। इस दौरान गाना-बजाना का भी दौड़ चला। कुछ पूजा समितियों के तरफ से सजाए गए थे, कुछ लोगों ने अपने घाटों को अपने तरीके से सजाए थे जिन लोगों के घर से तलाब और नदी की दूरी अधिक थी, वे लोग अपने घर-आंगन या फिर छत पर घटों का निर्माण कर सजाए और भगवान भास्कर को अर्घ्य दिए।

## छठ पर्व में बंद दो घरों को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों की चोरी



चोरी के बाद घरों में बिखरे पड़े सामान। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS DUMKA :** नगर थाना के हीरो शोरूम के पीछे एक बंद घर में चोरों ने रविवार रात चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर के मालिक संजय कुमार परिवार के सदस्यों के साथ छठ महापर्व मनाने देवघर गए थे। चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। सोमवार सुबह आस पास के लोगों ने जब मेन गेट का ताला टूटा देखा तो इसकी सूचना घर के मालिक को दी।

सूचना मिलने पर जब संजय कुमार दुमका पहुंचे, तो देखा कि उनके घर से लैपटॉप, मोटर और जेवरात की चोरी चोरों ने कर ली है। गृहस्वामी का कहना है कि उनकी पत्नी के आने के बाद ही पता चल पायेगा कि कितने रुपये मूल्य के जेवरात की चोरी हुई है।

नगर थाना क्षेत्र के बंदरजोरी स्थित प्रभात नगर मोहल्ले में कब्रिस्तान के पीछे दीपक कुमार मंडल के घर में सोमवार की अहले सुबह अज्ञात चोरों ने दरवाजा तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। दीपक कुमार की पत्नी किरण देवी ने बताया कि वे लोग परिवार के साथ छठ पूजा देखने गये। कुछ ही घंटे के अंतराल में घात लगाये चोरों ने घर का मुख्य दरवाजा तोड़कर हजारों की संपत्ति चोरी कर ली। चोरों ने अलग-अलग स्थान पर रखे करीब 15 हजार रुपये नगद सहित सोने की अंगूठी एवं सोने की बाली जेवरात समेत जरूरी कागजात भी चुरा ले गये। इसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम बैंक पासबुक शामिल है।

नगदी समेत चोरी जेवरात की चोरी करीब एक लाख की आंकि गई है। घटना की सूचना नगर थाने को दे दी गयी है। पुलिस आकर घटनास्थल पर पहुंच अनुसंधान में जुट गई है। हालांकि पुलिस को अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

## एक साथ तीन घरों में चोरी, जेवर समेत लाखों की संपत्ति उड़ाया

### छठ घाट पर सुबह अर्घ्य देने गए थे परिवार के सभी सदस्य



घर में बिखरे पड़े सामान। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS DHANBAD :** धनबाद जिले के बाघमारा थाना क्षेत्र में एक साथ तीन घरों में चोरी हो गई। चोरों ने जेवर और नकदी समेत लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। परिवार के सभी सदस्य छठ घाट पर सुबह के वक्त अर्घ्य देने के लिए गए थे। इसी क्रम में चोरी हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बताया जाता है कि बाघमारा थाना क्षेत्र के हॉस्पिटल कॉलोनी में दो बीसीसीएल कर्मियों और एक कॉलेज कर्मी के घर चोरी हुई है। चोरों ने घरों से नकदी और जेवर समेत लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया है।

जानकारी के अनुसार परिवार के सभी सदस्य छठ पर्व को लेकर सोमवार सुबह अर्घ्य देने के लिए छठ घाट गए थे। इसी दौरान चोरों ने घरों में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने बीसीसीएल हॉस्पिटल में काम करने वाली माया कुमारी, तिलवा देवी और बाघमारा कॉलेज में काम करने वाली सुनीता देवी के घर चोरी की है। इसमें बीसीसीएल हॉस्पिटल में काम करने वाली माया कुमारी के घर से छह लाख के जेवर और एक लाख नकद पर हाथ साफ किया है। वहीं तिलवा देवी के घर से नौ लाख के जेवर और दो लाख नकदी चोरी की गई है। वहीं बाघमारा कॉलेज कर्मी के घर से एक जोड़ा पायल और 10 हजार नकदी पर हाथ साफ किया गया है। तीनों घरों से कुल तीन लाख नकद और 15 लाख के जेवर की चोरी हुई है।

घटना की जानकारी भुक्तभोगियों को तब हुई, जब वे लोग छठ घाट से अपने घर लौटे। घटना की जानकारी मिलने पर उन्होंने पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही बाघमारा और बरोरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

वहीं भुक्तभोगी बीसीसीएल कर्मियों ने कहा कि सभी लोग छठ घाट गए थे। इसी दौरान चोरी की घटना हुई है। चोरों ने नकदी सहित लाखों के जेवर की चोरी की है।

## विधायक कोचे मुंडा के पैतृक गांव में चल रहा था धर्मांतरण, ग्रामीणों ने किया हंगामा

### गांव पहुंचे पुलिस पदाधिकारी, प्राथना सभा कर रहे लोगों से की पूछताछ



बच्चे का इलाज कर रहे ईसाई मिशनरी के लोग। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KHUNTI :** तोरपा थाना क्षेत्र के ममरला गांव में तीन साल के कुपोषित बच्चे के इलाज के बहाने एक मकान में ईसाई धर्मावलंबियों द्वारा प्रार्थना सभा आयोजित करने को लेकर गांव में हंगामा खड़ा हो गया। ममरला तोरपा के विधायक कोचे मुंडा का पैतृक गांव है।

सोमवार को ईसाइयों द्वारा कुपोषित बच्चे के इलाज के नाम धर्मांतरण की जानकारी मिलने पर विधायक कोचे मुंडा, तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कमाार झा, थाना प्रभारी मनीष कुमार और पुलिस अवर निरीक्षक ममरला गांव पहुंचे और प्रार्थना सभा करा रहे लोगों से पूछताछ की। जानकारी के अनुसार सोमवार को ममरला गांव में जयफल भेंगरा के घर में तीन साल के एक कुपोषित बच्चे का इलाज के नाम पर ईसाई मिशनरी के कुछ लोग प्रार्थना सभा कर रहे थे। तभी जयफल के भाई छोटन भेंगरा को पता चला कि कुछ ईसाई समुदाय के लोग घर मे आकर प्रार्थना कर रहे हैं, तो इसकी जानकारी विधायक कोचे मुंडा को दी। विधायक ने थाना प्रभारी मनीष कुमार और बीडीओ कुमुद कुमार झा को जानकारी देते हुए गांव जाकर मामले को देखने को कहा।

सूचना पाकर तोरपा प्रशासन ममरला गांव पहुंचा, तो देखा कि जयफल के घर में तीन से चार लोग और बच्चे की मां तथा गांव के कुछ अन्य लोग प्रार्थना कर रहे थे। उनसे पूछताछ कर जांच की जा रही है। इस मामले को लेकर जयफल के भाई छोटन भेंगरा ने बताया कि सुंदारी बरटोली से एक युवती से उसके भाई जयफल ने शादी की है। उसके दो जुड़वें बेटे हुए, जिसमे एक जन्म से ही कुपोषित है। उस कुपोषित बच्चे को ठीक करने के नाम पर उसकी ससुराल से ही कुछ लोग आकर प्रार्थना सभा कर रहे थे। घटना के बाद तोरपा प्रशासन और खूंटी के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने गांव पहुंच बच्चे को देखा, तो बच्चा कुपोषित पाया। सिविल सर्जन और तोरपा रेफरल अस्पताल की डॉ चयन सिन्हा ने बताया कि जन्म से ही बच्चे के सिर में परेशानी है, जिसे इलाज से ठीक किया जा सकता है।

विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि मुझे सोमवार सुबह आठ बजे ही सूचना मिली थी कि मेरे गांव में ईसाई मिशनरियों द्वारा प्रार्थना सभा की जा रही है। सूचना पाकर विधायक ममरला गांव पहुंचे, तो देखा कि कुछ लोग छोटन के भाई के घर मे प्रार्थना सभा कर रहे थे।

## निजी कार्यक्रम से पत्नी और बच्चों संग बोकारो पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



बोकारो एयरपोर्ट पर पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सीएम। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BOKARO :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन और बच्चों से साथ सोमवार को बोकारो पहुंच गये। मुख्यमंत्री के बोकारो आगमन की सूचना को लेकर आनन-फानन में तमाम अधिकारी उनको रिसीव करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे।

मुख्यमंत्री के आने की सूचना मिलने के बाद बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी प्रियदर्शी आलोक, चास एसडीएम दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, ट्रैफिक डीएसपी पूनम मिंज, चास एसडीपीओ पुरुषोत्तम सिंह समेत अन्य आला अधिकारी फौरन एयरपोर्ट पहुंच गए। हेमंत सोरेन का निजी कार्यक्रम होने के कारण जिले के अधिकारियों ने कुछ भी बोलने से परहेज किया। उन्होंने कैमरे के सामने किसी ने कुछ नहीं कहा, हां इतना जरूर बताया कि वो अपना इलाज कराने के लिए बोकारो पहुंचे हैं।

जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री कोऑपरेटिव कॉलोनी के रहने वाले डेंटिस्ट डॉ अभय कुमार सिन्हा के आवास गए। मुख्यमंत्री पूर्व में अपने दांतों को डॉक्टर एके सिन्हा के पास दिखा चुके हैं। इसलिए ऐसे कयास लगाये जा रहे हैं कि दांतों की तकलीफ होने के कारण ही पुनः मुख्यमंत्री डॉक्टर से दिखाने के लिए ही रांची से बोकारो आए हुए हैं। इसलिए उनका ये दौरा अचानक हुआ है, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है।

बताया जाता है कि दंत चिकित्सक अभय कुमार सिन्हा मुख्यमंत्री के काफी करीबी भी हैं। जिले के अधिकारियों के अनुसार अगर मुख्यमंत्री को डेंटिस्ट के पास अधिक समय लगेगा और अंधेरा होने लगेगा तो मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से रांची वापस लौट जाएंगे। मुख्यमंत्री सोरेन के आगमन को लेकर कोऑपरेटिव कॉलोनी में डॉक्टर के आवास के आसपास सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है।

### विशेष जागरूकता एवं सहायता अभियान के तहत 100 दिवसीय कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

## मानव तस्करी और असुरक्षित पलायन झारखंड की गंभीर समस्या : मनोरंजन



घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करती आंगनबाड़ी सेविका। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KHUNTI :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सी डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में सोमवार को खूंटी साप्ताहिक हाट में सौ दिवसीय बच्चों के हित संबंधित विशेष जागरूकता एवं सहायता अभियान के तहत कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में डालसा के सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि मानव तस्करी के संबंध में आम नागरिकों को जागरूक होना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि मानव तस्करी और असुरक्षित पलायन दुनिया भर में एक गंभीर समस्या है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा अपराध है, जिसमें लोगों को उनके शोषण के लिए खरीदा जाता है इसमें अधिकतर बच्चे बच्चियां और महिलाएं इसका शिकार होते हैं। डालसा सचिव ने कहा कि असुरक्षित पलायन और मानव तस्करी झारखंड की भी गंभीर समस्या है।

उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी और जिला प्रशासन इस दिशा में काम कर रहे हैं, ताकि लोगों को अपने जिले में ही काम मिल सके और आगे बढ़ने का अवसर मिले। डालसा सचिव ने कहा कि हमें बिचौलियों, मानव तस्करों से सावधान रहना होगा। यहां के सीधे-सादे लोग किसी के बहकावे में ना आएं। मानव तस्करी के मामलों में जो भी व्यक्ति शामिल है, दंड का पात्र हो सकता है तथा इसकी सूचना जल्द से जल्द डालसा खूंटी, जिला प्रशासन, अनुमंडल पदाधिकारी और नजदीकी आंगनबाड़ी सेविका को दें।

## दो घरों का ताला तोड़ सगाई के लिए रखे गहने व 60 हजार रुपए की चोरी



घर की अलमारी में बिखरे पड़े सामान। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर में रविवार की शाम दो घरों में चोरी हो गई थी। इधर, चोरों ने सोमवार को भी मानगो के दो घरों का ताला तोड़ कर चोरी कर ली। पहली घटना उलीडीह थाना अंतर्गत महावीर कॉलोनी के रहने वाले उदय सिंह के घर में घटी। उदय सिंह अपने परिवार संग घर में ताला लगाकर छठ पूजा करने सपरिवार डिमना लेक गए थे। डिमना लेक में सुबह का अर्घ्य देकर लौटे तो घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। चोरों ने ताला तोड़ कर अंदर घुसे और घर में रखे दोनों अलमीरा के साथ-साथ बॉक्स पलंग को तोड़कर नगद और सारे जेवरात लेकर फरार हो गए। उदय ने बताया कि छठ घाट पर भीड़ होने के कारण महिलाओं ने सारे गहने घर पर ही रख दिए थे। दो दिन बाद घर पर छोटे भाई की सगाई होने वाली है। नई बहू के लिए भी छठ पूजा के पूर्व जेवरात खरीद कर सगाई हेतु घर में रखा गया था। उदय ने बताया कि लगभग 10 लाख के सोने के जेवरात एवं घर में रखे हुए लगभग 60 हजार नकद समेत लाखों के गहनों की चोरी हुई है।

**पड़ोसी के घर भी चोरी का किया प्रयास :** उदय के अनुसार उनके पड़ोसी उपेंद्र शर्मा के घर पर भी चोरों ने चोरी का प्रयास किया पर इस दौरान लोग अपने-अपने घर लौटने लगे, जिस कारण चोर घटना को अंजाम नहीं दे पाए। इसके एक माह पूर्व भी चोरी की घटना हुई थी, जिसका पुलिस ने अब तक खुलासा नहीं किया है।

**BRIEF NEWS**

### पांच जगहों पर लगाया गया कॉन्वेक्स मिरर

**RANCHI :** रांची में ट्रैफिक पुलिस और रोड सेफ्टी की ओर से पांच स्थानों पर कॉन्वेक्स मिरर इंस्टॉल किया गया है। कॉन्वेक्स मिरर एसएसपी आवास, एटीआई मोड़, लेक व्यू हॉस्पिटल कटिंग बरियातु, मेन रोड ओवरब्रिज के नीचे और कडरू ब्रिज के नीचे इंस्टॉल किया गया है। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने सोमवार को बताया कि शहर में तीखी मोड़ पर दुर्घटना को कम किया जा सके। इसलिए संयुक्त रूप से ट्रैफिक पुलिस ,नगर निगम और रोड सेफ्टी की ओर से मिरर इंस्टॉल किया गया है, जिससे दुर्घटना में कमी हो। लोग सुरक्षित होकर अपने वाहन चलाये।

### फुड बाजार दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**RANCHI :** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित फुड बाजार दुकान में आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। सुखदेव नगर थानेदार ने बताया कि इस मामले में अभी तक लिखित शिकायत नहीं आई है। इस वजह से किसी प्रकार का केस नहीं हुआ है। फुड बाजार में किचन में खाना बनाने के दौरान आग लगने की घटना हुई थी। मौके पर मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया था। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई थी।

### चीफ जस्टिस पहुंचे बाल संप्रेक्षण गृह, जाना हाल

**RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा ने सोमवार को बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे सभी बच्चों से मुलाकात की, और करीब एक घंटे बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे बच्चों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बाल कैदियों की बातों और समस्याओं को सुना। मुख्य न्यायाधीश का स्वागत संप्रेक्षण गृह के बच्चों ने तिलक लगा कर और गुलदस्ता भेंट कर किया। इस दौरान चीफ जस्टिस ने बच्चों के क्लास रूम को भी देखा। वहां बच्चों ने उन्हें अपने द्वारा बनाई गई पेंटिंग दिखाई। एक बच्चे ने मुख्य न्यायधीश की पेंटिग बनाई थी, जिसे मुख्य न्यायधीश को भेट किया, और फिर बच्चों ने स्थानीय भाषा में स्वलिखित देशभक्ति गीत सुनाया।

### मूल कोटि के अफसर बनेंगे एसडीओ

**RANCHI :** झारखंड प्रशासनिक सेवा से लगभग 60 अधिकारियों को मूल कोटि से अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर प्रमोशन मिलेगा। विगत 16 नवंबर को ही इन अधिकारियों को प्रोन्नति देने संबंधी विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक कर ली गयी है। सदस्य राजस्व पर्षद की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में अधिकारियों के नामों पर विचार हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार वरीयता के अनुसार अधिकारियों को प्रमोशन दिया जायेगा। वहीं,अनारक्षित श्रेणी में भी कुछ आरक्षित संवर्ग के अधिकारियों को प्रमोशन दिया जायेगा।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776




# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने को उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

## सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर लोगों ने सुख और समृद्धि की कामना की





**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची में लोक आस्था का महापर्व छठ उत्साह और उमंग के साथ सोमवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न हो गया। महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के चौथे दिन सुबह छठ व्रतियों ने पूरी आस्था के साथ उदीयमान सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर सभी के लिए सुख और समृद्धि की कामना की। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए रांची में आधी रात के बाद से ही जलाशयों के आसपास मेला जैसा नजारा देखने को मिला। भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए दौरा में प्रसाद सजा कर छठ व्रतियों के साथ-साथ हर कदम जलाशयों-तालाबों की ओर बढ़ते दिखे। रांची के अरगोड़ा तालाब, विवेकानंद सरोवर, बटन तालाब, शालीमार तालाब, हटिया डैम, हटनिया तालाब, कांके डैम, स्वर्णरेखा नदी, तिरिल तालाब और डिस्टलरी तालाब के साथ साथ अन्य जलाशयों में छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन और रांची नगर निगम की ओर से विशेष सुरक्षा व्यवस्था और लाइटिंग के बीच छठव्रतियों ने भगवान भास्कर

## मजदूर व वेटर के परिजनों के साथ सीएम हेमंत सोरेन ने दिया अर्घ्य

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची के हटनिया तालाब छठ घाट पर परिजनों के साथ आम श्रद्धालु के रूप में पहुंचे। मजदूरी करने वाले मनोज शाह और वेटर का काम करने वाले मनोज कुमार के परिजनों के संग अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। भगवान भास्कर को नमन किया और व्रतियों से आशीर्वाद लिया।

रांची में छठ घाट सजे थे। छठी मइया के गीत गूंज रहे थे। इसी बीच निर्धारित समय पर छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ घाट पहुंचे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन के साथ अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और आशीर्वाद लिया।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि त्योहार ही हैं, जो लोगों के उत्साह और आस्था को एक दूसरे से जोड़कर रखते हैं। विभिन्न तालाबों में लोग भगवान भास्कर को अर्घ्य दे रहे हैं। इसकी तैयारी बहुत पहले से शुरू हो गई थी।


अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देते सीएम हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन।

मुझे लगता है जो मंजर छठ में चार दिनों तक रहता है, वह 12 महीने रहे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छठी मइया से झारखंड की उन्नति और राज्यवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली, शांति और निरोग जीवन की प्रार्थना की। सीएम ने कहा कि छठ महापर्व असीम आस्था, पवित्रता, आत्मानुशासन, स्वच्छता और प्रकृति पूजा का प्रतीक है। धर्मपत्नी कल्पना सोरेन और दोनों पुत्रों के साथ हटनिया तालाब छठ घाट पर सीएम हेमंत सोरेन आम श्रद्धालु के रूप में पहुंचे। उन्होंने यहां न्यू पुलिस



लाइन निवासी दैनिक मजदूर मनोज शाह की धर्मपत्नी और व्रती अलका देवी एवं रेस्टोरेंट में वेटर का काम करने वाले मनोज कुमार की धर्मपत्नी अनीता देवी (व्रती) के परिजनों के साथ अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर नमन किया और व्रतियों का आशीर्वाद लिया।

## चडरी तालाब में कल्पना ने झुमाया



**PHOTON NEWS RANCHI :** चार दिवसीय महापर्व छठ का समापन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हो गया। इस दौरान चडरी सरना समिति चडरी तालाब में छठ पर्व पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। चडरी सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि छठ महापर्व एवं जतरा महोत्सव के अवसर पर पहला अर्घ्य के दिन रविवार को सीपी सिंह के कोष से निर्मित चडरी तालाब के मुख्य द्वार एवं दशकर्म स्थल का उद्घाटन किया गया।

## लापता आफताब का जला हुआ शव का अवशेष बरामद, पैसा के विवाद में दोस्तों ने कर दी हत्या

### 36 दिनों से लापता था आफताब, सीसीटीवी फुटेज से मिला पुलिस को सुराग

**CRIME REPORTER RANCHI :** लोअर बाजार थाना क्षेत्र से लापता युवक आफताब का जला हुआ शव पुलिस ने रविवार को पतरातू घाटी से बरामद किया। आफताब 13 अक्टूबर से लापता था। इस संबंध में लोअर बाजार थाना में केस हुआ था। लोअर बाजार थानेदार दयानंद कुमार ने बताया कि आफताब के लापता होने के बाद लोअर बाजार इलाके में लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाला गया। फुटेज में देखा गया कि युसुफ अपनी बाइक पर बैठाकर आफताब को ले जा रहा था। पुलिस ने युसुफ को पकड़ा और उससे पूछताछ की गई तो उसने आफताब को पहचाने से इंकार कर दिया। लेकिन जब पुलिस ने फुटेज दिखाया तब युसुफ ने हत्या करने की बात स्वीकार की। युसुफ ने बताया कि वह अपने दो साथी सद्दाम और बंटी के साथ मिलकर आफताब को सद्दाम के घर ले गया था। युसुफ ने आफताब को पैसा दिया था। कई बार पैसा मांगने पर भी आफताब पैसा नहीं लौटा रहा था। इसी बात को लेकर युसुफ ने हत्या करने की योजना बनाई थी। सद्दाम के घर में आफताब की हत्या करने के बाद तीनों आरोपी आफताब का शव लेकर पतरातु घाटी पहुंचे और शव को चला दिया ताकि आफताब की पहचान नहीं हो पाए।

### हत्या करने के बाद चोरी के केस में चले गए जेल

पुलिस का कहना है कि युसुफ को पकड़ने के बाद सद्दाम और बंटी को रिमांड पर लिया गया। तीनों से पूछताछ करने के बाद उन्हें पतरातू घटना ले जाया गया। तीनों ओरोपियों के निशानदेही पर आफताब का जला हुआ शव का अवशेष बरामद किया। तीनों ओरोपियों ने पूछताछ में बताया कि सद्दाम के घर में आफताब की इतनी पिटाई की गई कि उसकी मौत हो गई। देर रात ओरोपियों ने कार से शव का ढिकाना लगाया। पुलिस की जांच में इस बात का सुलासा हुआ है कि सद्दाम और बंटी आफताब की हत्या करने के बाद बाइक चोरी के केस में जेल चले गए थे। आफताब को मारने से पहले दोनों ओरोपियों ने कई जगहों से बाइक चारी कर उसे बेच दिया था। दोनों ओरोपियों को इस बात की जानकारी थी कि वह चोरी के केस में गिरफ्तार हो जाएंगे तो हत्या के केस में बच सकते हैं। दोनों आरोपी पुलिस के सामने आ गए और अपने साथ कई अन्य युवकों को भी गिरफ्तार कराया जो शहर में चोरी की घटना को अंजाम देते थे।

**विश्व बाल दिवस : नीली रोशनी में जगमग हुआ राजभवन**

## दुनिया भर के सभी बच्चों के साथ अपनी आवाज जोड़ने पर गर्व : सीपी राधाकृष्णन


नीली रोशनी से जगमगाता राजभवन।

**PHOTON NEWS RANCHI :** विश्व बाल दिवस पर पूरा राजभवन नीले प्रकाश से रोशन हुआ। इस दिवस पर बाल अधिकारों के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए रांची स्थित राजभवन को नीले प्रकाश से प्रकाशित किया गया। विश्व बाल दिवस, संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौता को अंगीकार किए जाने के वर्षगांठ के अवसर पर हर वर्ष 20 नवंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य दुनिया भर के बच्चों के अधिकारों के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करना है। विश्व बाल दिवस यूनिसेफ का बच्चों के लिए, बच्चों के द्वारा थीम पर आधारित एक वैश्विक दिवस है। इस मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि मुझे दुनिया भर के उन सभी बच्चों के साथ अपनी आवाज जोड़ने पर गर्व है, जो अपनी समस्याओं, जो कि उनकी शिक्षा, सुरक्षा, सशक्तीकरण और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी है और समाधान की मांग रहे है। नीले प्रकाश से प्रकाशित राजभवन बच्चों के समर्थन का प्रतीक है, जो सभी लोगों से झारखंड के बच्चों के लिए एक सुरक्षित और कल्याणकारी वातावरण सुनिश्चित करने और सामूहिक प्रयास के माध्यम से बच्चों के हित में काम करने का आग्रह करती है। विश्व बाल दिवस बच्चों के हित में एजेंडा निर्धारित करने और बाल अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

**उत्तरकाशी निमार्णाधीन सुरंग हादसा पर पूरी जानकारी लेकर ही बयानबाजी करें तो बेहतर**

# बाबूलाल को एकांतवास पर जाने की जरूरत : सुप्रियो

**PHOTON NEWS RANCHI :** उत्तरकाशी निमार्णाधीन सुरंग हादसे में बाबूलाल मरांडी के बयान पर झामुमो ने तिखी प्रतिक्रिया जाहिर की है। कहा कि बाबूलाल मरांडी का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। लगता है कि उन्हें कोई काम-धाम नहीं बचा है, इसलिए उन्हें अब एकांतवास पर जाने की जरूरत है। वे कहें तो सरकार इसकी व्यवस्था करा देगी। यह बात झामुमो केंद्रीय महासचिव व प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी में चाल धंसने के बाद 41 मजूदरों में झारखंड के सबसे अधिक 15 मजदूर दबे हैं। जैसे ही इसकी जानकारी सरकार को मिली, दूसरे ही दिन वहां एक वरिष्ठ आईएएस भुवनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम रवाना हो गयी, जो वहां पर दिन-रात डटकर मुकाबला कर रही है। पल-पल की जानकारी राज्य सरकार और सीएम ले रहे हैं। इसके बाद भी बाबूलाल हेमंत सरकार पर संवेशनहीन होने का आरोप लगा रहे हैं। अजीब बात है, उन्हें हर चीज में राजनीति नजर आती है। अगर उन्हें और उनकी पार्टी की केंद्र सरकार को जरा सी भी मजदूरों और गरीबों की चिंता होती तो यह सवाल केंद्र सरकार से करना चाहिए, जहां पर केंद्र सरकार अपने उद्यमी मित्रों के लिए कई प्रोजेक्ट पर बिना कोई सुरक्षा उपाय के काम शुरू करवा दे रही है। हाल के वर्षों में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं। सेना के जवान तक लापता हो गए। सिक्किम में तो डैम ही बह गया। यह सीधे तौर पर केंद्र सरकार का


प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों से बातचीत करते सुप्रियो भट्टाचार्य।

## बाबूलाल फोबिया से ग्रसित है झामुमो : प्रतुल शाहदेव

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा ने झामुमो पर पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि एनआरसी के मुद्दे पर झामुमो को हमेशा सांप सूंघ जाता है। दरअसल यह बांग्लादेशी मुसलमान और रोहिंग्या मुसलमान का समर्थन करने वाली पार्टी है। तभी यह नहीं चाहती कि अल्पसंख्यक कल्याण की योजनाओं का पूरा हिस्सा झारखंड के मुसलमान को मिले। बल्कि वो तो ऐसा चाहती है कि स्थानीय मुसलमान के हिस्से की भी मुस्लिम घुसपैठिये लूट कर ले जाएं। प्रतुल ने कहा कि संथाल परगना में लगातार मुस्लिम घुसपैठिए आदिवासी बेटियों को लव जिहाद के जाल में फंसा कर स्थानीय निकाय और जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। फिर भी झामुमो उनकी वकालत कर अपना आदिवासी विरोधी चेहरा दिखा रहा है।



## रोजगार के लिए पलायन चिंता की बात : बाबूलाल

**RANCHI :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर एक बार फिर हमला बोला है। उन्होंने राज्य से हो रहे पालयन के लिए हेमंत सरकार को जिम्मेदार बताया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हमारे पास प्रचुर मात्रा में खनिज संसाधन हैं। पर्यटन के दृष्टिकोण लिहाज से भी हम बेहतर हैं। इसके बाद भी राज्य से रोजगार के लिए पलायन होना चिंता की बात है। मरांडी ने आगे कहा कि अगर बुनियादी ढांचे को हमने मजबूत कर कानून और व्यवस्था को दुरुस्त किया होता, तो लोगों को यहीं पर नौकरियां मिलती। लेकिन राज्य सरकार इस ओर ज्यादा ध्यान नहीं दे रही है, इसलिए पलायन बढ़ गया है।" पूर्व सीएम ने कहा कहा कि राज्य से आदिवासियों की आबादी लगातार कम हो रही है। जब बड़ी आबादी संख्या में राज्य के लोग रोजगार के लिए बाहर जाते तो आबादी कम हो जाती है। लेकिन क्या उन्हें वहां भी रोजगार मिल पाता है ये गौर करने वाली बात है। बता दें कि हाल ही में केंद्रीय भाजपा नेतृत्व ने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी पहचान एक बेहतर संगठनकर्ता के रूप में रही है।

## गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को जमीन पर उतारने में जुटी सरकार

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य की हेमंत सोरेन ने सरकार ने उच्च शिक्षा से वंचित होने वाले विद्यार्थी के लिए बड़ी राहत देते हुए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की शुरूआत की है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना को उतारने में जुटी है।

पहले चरण में इस योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक स्टूडेंट का आवेदन आमंत्रित किया गया है, जिसे पोर्टल के माध्यम ऑनलाइन आवेदन दाखिल किया जायेगा। इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर लग रहे कैपों में व्यापक प्रचार प्रसार के साथ आवेदन मांगे जायेंगे। इस संबंध में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल कुमार पुरवार ने सभी जिलों के उपायुक्त को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। विभाग ने स्टूडेंट इनफॉरमेशन रिक्वेस्ट फार्म के माध्यम से राज्य के सभी जिलों में छात्रों का हार्ड कॉपी में डाटा एकत्रित करने को कहा है। छात्रों के डाटा का उपयोग पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए किया जाएगा। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि हार्ड कॉपी में मिलने वाले छात्रों के सूचनाओं को जिला स्तर पर सॉफ्ट कॉपी में कम्पाइल करके रखना है, जिससे पोर्टल तैयार होने के बाद जिला स्तर पर सॉफ्ट कॉपी में कंपाइल्ड छात्रों के सूचनाओं को उसमें अपलोड किया जा सके।

पोर्टल पर छात्रों से संबंधित सूचना अपलोड होने के उपरांत छात्रों को एसएमएस या ईमेल के माध्यम से इसकी सूचना उपलब्ध कराई जाएगी। पोर्टल पर अपलोडेड सूचना का ऑनलाइन सत्यापन होने के बाद ही स्टूडेंट रजिस्ट्रेशन प्रोसेस पूर्ण माना जाएगा। विभाग ने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से संबंधित कार्रवाई के लिए मॉडल पदाधिकारी के रूप में सैयद रियाज अहमद को बनाया है।

BRIEF NEWS

## बोलेरो पलटने से 4 पुलिसकर्मी घायल, घायलों में टेंसा आउटपोस्ट के अधिकारी



**ROURKELA :** सुंदरगढ़ जिले के लहुणीपाड़ा में पुलिस वाहन पलटने से एक पुलिस अधिकारी समेत 4 पुलिसकर्मी घायल हो गये। घायलों को राउरकेला इस्पात जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक कर्मचारी की हालत गंभीर होने के कारण उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। लहुणीपाड़ा चौकी के पास यह दुर्घटना सुबह उस समय हुई जब टेंसा आउटपोस्ट पुलिसकर्मी बोलेरो में गश्त से लौट रहे थे। यह स्पष्ट नहीं है कि दुर्घटना किस कारण से हुई।

## लोकआस्था का पर्व छठ संपन्न, विभिन्न नदी घाटों पर रही श्रद्धालुओं की भीड़



**ROURKELA :** सूर्य देव को दूसरा अर्घ्य देकर चार दिनों तक चलने वाला छठ पूजा सोमवार को संपन्न हो गया है। राउरकेला के विभिन्न नदी घाटों पर कल शाम सूर्य देव को पहली अर्घ्य देने के बाद आज सबेरे दूसरा अर्घ्य दी गयी। सोमवार की सुबह श्रद्धालुओं ने ब्राह्मणी नदी के बालूघाट, रूपटोला घाट, पानपोसा, झिरिपानी समेत कोइल नदी के अन्य घाटों पर छठ माता की पूजा की और सूर्य देव को अर्घ्य दिया। उत्सव को सुचारू रूप से चलाने के लिए विभिन्न छठ पूजा समितियों द्वारा विस्तृत व्यवस्था की गई थी।

## पोल से नीचे गिरी कार, दो गंभीर रूप से घायल



**ROURKELA :** सुंदरगढ़ जिले के महुलपदा में एक कार पुल से नीचे गिर गई। इससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए राउरकेला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, हादसा सुंदरगढ़ जिले के महुलपदा थाना अंतर्गत फुलझार के नगरिया पोल के पास हुआ। रात करीब दो बजे क्योंझर जिले के कदाड़िया गांव से राउरकेला की ओर आने के दौरान गाड़ी का नियंत्रण खोने से वह पोल के नीचे पानी में गिर गयी। कदाड़िया गांव के अजीत महंत और चालक ओमकार बेहरा गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि यदुमनी महाकुड़ मामूली रूप से घायल हो गए।

## मैट्रिक परीक्षा के जिला स्तरीय टॉपर्स हुए सम्मानित



**ROURKELA :** भारतीय विद्या भवन, सेक्टर 5, राउरकेला द्वारा आज मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। सेक्टर 6 स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में 14वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। विभिन्न विषयों में जिला स्तर के टॉपर्स को स्वामी चिदानंद शताब्दी मेरिट पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार समारोह में सुंदरगढ़ जिले सहित अन्य जिलों के टॉपर्स ने भी भाग लिया।

## सर्व भारतीय ब्यूटीफुल हेल्थ कॉन्टेस्ट में पांच प्रतिभागी सफल



**ROURKELA :** अखिल भारतीय स्वास्थ्य प्रतियोगिता राउरकेला के प्रतियोगियों को उनकी सफलता पर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता 24 से 27 अक्टूबर तक औरंगाबाद में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में ओडिशा के कुल 17 प्रतियोगियों ने भाग लिया और 12 ने विभिन्न श्रेणियों में पदक जीते। इनमें से राउरकेला के 5 लोगों ने मेडल जीते। सोमवार को बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन की ओर से प्रतियोगियो बधाई के साथ सम्मानित किया गया। राज्य सरकार सभी खेलों को बढ़ावा दे रही है, लेकिन बॉडी बिल्डिंग की अनदेखी कर रही है, जिससे फेडरेशन में नाराजगी है। ओडिशा स्टेट बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यव्रत ओझा ने कहा, अगर प्रतियोगियों को प्रोत्साहन मिले तो वे इस क्षेत्र में अधिक सफल होंगे।

# अधेड़ व्यक्ति की निर्मम हत्या, जंगल के कुएं से नग्न अवस्था में शव बरामद

## एक दिन पूर्व लापता हुआ था अधेड़, कुंए से आसपास मिले खून के छींटे




**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुमारडुंगी थानांतर्गत बड़ारायकमन गांव के जंगल के एक कुंए में एक दिन पूर्व लापता 62 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति का शव नग्न अवस्था में बरामद हुआ है। वृद्ध का शव जिस कुंए से बरामद हुआ है उसके आसपास खून के छींटे पड़े हैं। जिसे देखकर ग्रामीण हत्या की आशंका जता रहे हैं।

जानकारी अनुसार बड़ा रायकमन गांव के 62 वर्षीय सुग्रीव गोप एक दिन पहले खेत से लापता हो गए थे। सुग्रीव के परिजनों ने बताया कि रविवार की सुबह से ही सुग्रीव धान काटने के लिए जंगल की ओर गए थे। वहां से वो लापता हो गए। जब शाम तक घर नहीं आए तो सुग्रीव गोप की परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चला। सोमवार की सुबह सुग्रीव गोप की पत्नी जब धान काटने खेत में गई, तो खेत के सामने कुएं में सुग्रीव गोप का नग्न शव देखा। घटना की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई, बड़ारायकमन के ग्रामीण मुंडा मनीष हेम्ब्रम और मानकी राजेन्द्र हेम्ब्रम ने लाश की शिनाख्त की। और घटना की जानकारी थाना प्रभारी को दी। सूचना मिलते ही कुमारडुंगी थाना प्रभारी दिलीप कुमार टुडू दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। कुएं से शव को बाहर निकाला गया। बाहर निकालने से देखा गया कि सुग्रीव गोप का गला रेतकर हत्या कर दी गई है। इतना ही नहीं हत्यारों ने उसके पेट को धारदार हथियार से फाड़ दिया है। जिससे सुग्रीव के अंदरूनी भाग बाहर निकल गए हैं। पुलिस ने घटना स्थल के आस पास छानबीन की। लेकिन सुग्रीव गोप के कपड़े एवं चप्पल नहीं मिले।

थाना प्रभारी दिलीप कुमार टुडू ने बताया कि प्रथम दृश्य हत्यारों ने हत्या की घटना को कहीं दूसरे जगह में अंजाम दिया और सच छुपाने की नियत से शव को कुएं में फेंक दिया है। उन्होंने कहा कि पूरा खुलासा पोस्टमार्टम के बाद ही सामने आएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या के कारण का अभी कोई पता नहीं चल पाया है, पूछताछ जारी है। जल्द ही पुलिस मामले का खुलासा करेगी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा सदर अस्पताल भेज दिया है।

## बाइक व कार की टक्कर एक की मौत, एक गंभीर



**PHOTON NEWS GHATSHILA :** धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के सोनाखून गांव के समीप एनएच 18 फोरलेन पर सोमवार की शाम बाइक तथा कार की टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। धालभूमगढ़ थाना की पुलिस ने दोनों को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया। अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सा डॉ मोगली मुर्मू ने जांचोपरांत चाकुलिया थाना क्षेत्र के कमारीगोड़ा निवासी मंटू गोराई को मृत घोषित कर दिया।

गंभीर रूप से घायल धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के मौदासोली गांव निवासी रवि गोप का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में लोगों ने बताया कि बाइक सवार घाटशिला की ओर से धालभूमगढ़ जा रहा था। इस दौरान पीछे से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे बीच सड़क पर पलट गई। कार पर सवार बंगाल के कुछ लोगों को भी चोट आई है। पुलिस ने कार को जब्त कर उसमें सवार लोगों का धालभूमगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कराया।

## तीन यात्री ट्रेनों का आज उद्घाटन करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, कार्यक्रम में रेलमंत्री भी होंगे शामिल

**PHOTON NEWS BADAMPAHAR :** चक्रधरपुर रेल डिवीजन के बादामपहाड़-टाटानगर सेक्शन से होकर 3 नई ट्रेन चलेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पैतृक आवास बादामपहाड़-रायरंगपुर से होकर चलने वाली 3 नई ट्रेन शालीमार-बादामपहाड़ साप्ताहिक एक्सप्रेस, बादामपहाड-राउरकेला साप्ताहिक एक्सप्रेस और सप्ताह में 6 दिन चलने वाले बादामपहाड़-टाटानगर मेमू पैसेंजर का उद्घाटन किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसका उद्घाटन करेंगी। इस दौरान रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहेंगे।

इन तीन ट्रेनों के चलने से बादामपहाड़, रायरंगपुर के यात्रियों को टाटानगर, राउरकेला, खड़गपुर और कोलकाता जाने में काफी सहूलियत होगी। वहीं इसके साथ ही बंगाल, ओड़िशा और झारखंड के छोटे स्टेशनों के यात्रियों को ट्रेनों के चलने का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम को लेकर रेलवे के अधिकारियों ने तैयारी पूरी कर ली है।

**टाटा-बादामपहाड़ मेमू पैसेंजर :** ट्रेन नंबर 08147/08148 बादामपहाड़-टाटा-बादामपहाड़ मेमू पैसेंजर रविवार को छोड़कर बाकी अन्य 6 दिन चलेगी। यह ट्रेन 8 कोच की होगी। बुधवार से नियमित चलेगी। ट्रेन नंबर 08147 टाटा-बादामपहाड़ मेमू पैसेंजर सुबह 9.55 बजे खुलेगी, वहीं दोपहर 12.15 बजे बादामपहाड़ पहुंचेगी। दूसरी ओर से ट्रेन नंबर 08148 बादामपहाड़-टाटा मेमू पैसेंजर दोपहर 12.45 बजे खुलेगी जो कि टाटानगर 3.20 बजे पहुंचेगी।

### शालीमार-बादामपहाड़ एक्सप्रेस

ट्रेन नंबर 18049/18050 शालीमार-बादामपहाड़-शालीमार साप्ताहिक एक्सप्रेस है। यह ट्रेन 8 कोच का है। 26 नवंबर से ट्रेन नियमित चलेगी। ट्रेन नंबर 18049 शालीमार-बादामपहाड़ एक्सप्रेस शनिवार रात 11.05 बजे शालीमार से खुलेगी, जो कि टाटानगर सुबह 3.10 पहुंचेगी, टाटानगर से ट्रेन 3.35 बजे खुलकर सुबह 5.40 बजे बादामपहाड़ पहुंचेगी। वहीं ट्रेन नंबर- 18050 बादामपहाड़-टाटानगर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक रविवार रात 10 बजे खुलेगा जो कि सोमवार रात 12.10 बजे टाटानगर पहुंचेगा। टाटा से ट्रेन 12.35 बजे खुलेगी जो कि सुबह 5.30 बजे शालीमार पहुचेगी।

### बादामपहाड़-राउरकेला एक्सप्रेस

ट्रेन नंबर 18051/18052 बादामपहाड़-राउरकेला-बादामपहाड़ साप्ताहिक एक्सप्रेस रविवार (26 नवंबर) से नियमित चलेगी। यह ट्रेन 8 कोच की होगी। प्रत्येक रविवार को ट्रेन नंबर-18051 बादामपहाड़ -राउरकेला एक्सप्रेस सुबह 6.30 बजे बादामपहाड़ से चलेगी। टाटानगर में यह ट्रेन सुबह 8.45 बजे पहुंचेगी और 8.50 बजे खुलेगी। ट्रेन सुबह 11.45 बजे राउरकेला पहुंचेगी। ट्रेन नंबर-18052 राउरकेला - बादामपहाड़ एक्सप्रेस राउरकेला से रविवार दोपहर 2.20 बजे खुलेगी। टाटानगर शाम 5.10 बजे पहुंचेगी, 5 मिनट रूककर शाम 5.15 बजे खुलेगी। बादामपहाड़ ट्रेन रात 7.25 बजे पहुंचेगी।

## पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे छह बदमाशों को किया गिरफ्तार

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** पुलिस ने बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के घर डकैती की घटना को अंजाम देने से पहले आधा दर्जन आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित सोनारी थाना क्षेत्र के जुबली पार्क के पास घटना को अंजाम देने के लिए जुटे थे। पुलिस वर्दी में हथियार के साथ घटना को अंजाम देने से पूर्व रांची के तीन अपराधी समेत आधा दर्जन अपराधी को पुलिस दबोच लिया।

इस संबंध में जमशेदपुर के एसएसपी किशोर कौशल ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित के पास से बोलेरो गाडी , देसी पिस्तोल, दो गोली, दो वर्दी का कपड़ा ओर सात मोबाइल बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों में जमशेदपुर जिले के एमजीएम थाना क्षेत्र स्थित भिलाई पहाड़ी निवासी रमेश महतो, सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के रेडियो मैदान निवासी प्रभाष मुखर्जी, बिरसानगर थाना क्षेत्र के लुगडीह निवासी बबलु लोहार, रांची जिले के नामकुम थाना क्षेते स्थित तुंजु इमली पेड़ के पास रहने वाले मनीष सिंह, अमृत लाल सिंह ओर तुपुदाना थाना क्षेत्र स्थित देवगाय निवासी महेश सिंह मुण्डा का नाम शामिल है।

पुलिस के अनुसार रविवार को सूचना मिली कि बिष्टपुर थाना क्षेत्र के सर्किट हाउस एरिया में किसी व्यवसायी के घर में डकैती की योजना बनाने को लेकर जुबली पार्क के आस- पास बदमाश एकत्र हो रहे हैं और घटना को अंजाम देने के लिए तैयारी कर रहे हैं। सूचना पर सिटी एसपी के नेतृत्व में छापामारी करने के लिए टीम बनाया गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में सभी ने अपराध स्वीकार किया और बतलाया कि ये लोग सर्किट हाउस एरिया में डाका डालने के नियत से हरवे हथियार के साथ एकत्र हुए थे। हरवे हथियार एवं पुलिस के वर्दी में घटना को अंजाम देना था। गिरफ्तार आरोपित के बयान के अधार पर बबलू को गिरफ्तार किया गया। आरोपित के विरुद्ध बिष्टुपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## नशे की हालत में पुत्र ने पिता पर किया जानलेवा हमला, इलाज के दौरान मौत

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा थाना अंतर्गत गाड़ीग्राम के आमकांडी में नशे की हालत में अशोक माझी ने अपने पिता मंगल माझी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना शनिवार की है। इधर, घटना के बाद घायल को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान रविवार शाम उसकी मौत हो गई। सोमवार को पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, पुलिस आरोपी पुत्र अशोक माझी की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार मंगल माझी के चार पुत्र हैं। इनमें से दो की शादी हो चुकी है और दो अविवाहित हैं। बेटों से सही तरीके से खाना नहीं मिलने के कारण गांव में ही दूसरे के घरों से मांगकर वह खाना खाते थे। शनिवार को अचानक बड़ा बेटा नाराज हो गया और पिता से बहस करने लगा। दोनों के बीच हुई विवाद के क्रम में बेटे के हमले से पिता के सिर पर गंभीर चोट लगी और वह लहूलुहान हो गया था। एमजीएम अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

## निजी अस्पताल के छत से गिरकर मरीज की मौत

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला के एक निजी नेत्र अस्पताल की छत से गिरकर एक मरीज की मौत हो गयी। मृतक की पहचान लाठीकाटा इलाके के मंगरू तिगा के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगरू तिगा 3 दिनों से राउरकेला सिविल टाउनशिप के बर्मा आई हॉस्पिटल में भर्ती थे। उनकी मोतियाबिंद की सर्जरी हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रविवार की शाम अस्पताल के दूसरी मंजिल में अन्य लोगों के साथ खाना खाते समय वह अचानक नीचे कूद गया। उसे तुरंत राउरकेला सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रघुनाथपल्ली थाना पुलिस ने खुदखूसी का मामला दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।पुलिस के मुताबिक 40 वर्षीय मंगरू की मौत किन परिस्थितियों में




अस्पताल से गिरकर हुई, यह जांच के बाद पता चलेगा।

प्रखंड स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## अगर बच्चे अपने अधिकारों से वंचित रह गए तो बेहतर दुनिया का निर्माण संभव नहीं : विधायक

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** हाटगम्हारिया में एस्पायर संस्था की ओर से प्रखंड स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एस्पायर संस्था की ओर से संचालित विभिन्न केंद्रों के बच्चे एवं अभिभावक शामिल हुए। इस मौके पर एस्पायर संस्था के बच्चों ने नाटक पेश कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक दीपक बिरुवा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष बलवंत गोप, जिप सदस्य प्रमिला पिंगुवा, प्रखंड प्रमुख नितम गागराई, मुखिया जयप्रकाश लागुरी, मुखिया अनीता कोड़ा, मुखिया रानी मेलगांडी उपस्थित हुए। सभी अतिथियों ने बच्चों के अधिकार की जानकारी देते हुए उनके शिक्षा पर



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक व अन्य। ● फोटोन न्यूज

बल दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक दीपक बिरुवा ने कहा कि बच्चे ही हमारा भविष्य है। लेकिन अगर बच्चे अपने अधिकारों से वंचित रह जाएंगे तो एक बेहतर दुनिया का निर्माण नहीं किया जा सकेगा। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए कि हर बच्चे को हर अधिकार प्राप्त हो। यह दिवस अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता, बच्चों के प्रति जागरूकता और बच्चों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। अभिभावकों में जागरूकता की कमी के कारण कई बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। साथ ही अनेक चुनौतियां भी है। इन चुनौतियों का सामना करते हुए अपने बच्चों को स्कूल भेजने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा विकास की पहली सीढ़ी है। शिक्षा पाना हर बच्चे का अधिकार है। सरकारी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा के साथ मध्याह्न भोजन, पोशाक और पुस्तकें भी प्रदान की जाती है।हर बच्चे को प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त करने के साथ साथ स्वस्थ्य रहने व सुरक्षा पाने का अधिकार है। बच्चे का अधिकार है कि वह स्वस्थ सामाजिक वातावरण में विकास करे। साथ ही घर का वातावरण सुरक्षित और खुशनुमा हो, यह भी अभिभावकों की जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम बाल अधिकारों को जाने और अधिक से अधिक अभिभावकों को इस विषय में जागरूक करें। तभी बाल अधिकार दिवस मनाना सार्थक होगा। अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस पर हम प्रण करें कि हम बाल अधिकारों का सम्मान करें। इसके इस मौके पर एस्पायर संस्था के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## मसकल लाइब्रेरी कमारहातु का स्थापना दिवस संपन्न, बच्चों के बीच कई प्रतियोगिताएं आयोजित

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** सदर प्रखंड के मसकल लाइब्रेरी कमारहातु का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित सदर अंचलाधिकारी बुड़ाए सारु ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा से जुड़े रहना अति आवश्यक है। अगर जीवन में आगे बढ़ना है तो शिक्षक के अलावा समाज के बुद्धिजीवियों का मार्गदर्शन का अनुसरण कर शिक्षा से अवश्य जुड़ें। विशिष्ट अतिथि लाइब्रेरी मैन संजय कच्छप ने कहा कि हम नब्बे फीसदी किताबों और दस फीसदी डिजिटल के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करें। चूंकि किताबें पढ़कर ही हम कई रचनात्मक एवं सकारात्मक ज्ञान अर्जित कर सकते हैं। डिजिटल का सहारा हम सीमित दायरे में आवश्यकतानुसार ले सकते हैं। चूंकि यह कभी -कभी हमें नकारात्मक चीजों की ओर आकर्षित कर सकती है।उन्होंने कहा कि अच्छी बात है कि लाइब्रेरी परंपरा को लेकर



विजेता को प्रमाण-पत्र देते अतिथि। ● फोटोन न्यूज

सरकार हमारे साथ है और हर पंचायत में लाइब्रेरी संचालित करने की योजना चल रही है। कार्यक्रम को बाल संस्कार केन्द्र असुरा के निदेशक सिकंदर बुड़ीउली और प्राथमिक विद्यालय गुड़ा के प्रधान शिक्षक दामु सुंडी ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में एलकेजी से लेकर स्नातक के विद्यार्थियों के बीच चित्रांकन, निबंध, सामान्य ज्ञान,क्विज व भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस दौरान सदर एसडीपीओ दिलीप खलखो, डॉ. दुलमु बिरुली, इंजीनियर विनोद कुमार हांसदा और कोल्हान एजुकेशनल एंड चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष चंद्रमोहन बिरुवा ने बच्चों का हौसला अफजाई किया।

प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी विद्यार्थियों में सूरज तुबिद, जयमती देवगम, अनिता देवगम, विजय देवगम, अनिकेत देवगम, अमन देवगम, मुन्नी देवगम, कैलाश देवगम, लक्ष्मण पाट पिंगुवा, विष्णु पाट पिंगुवा, कृष्णा सिंकू, सोनाराम देवगम, सोमा देवगम, राम देवगम, सपना कालुंडिया, राकेश देवगम आदि को अतिथियों के हाथों प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया।

झींकपानी के नवागांव में बॉयज क्लब की ओर से आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का फाइनल के साथ समापन

# कृष्ण एफसी ने कॉकटेल एफसी को ट्राइब्रेकर में हराकर बना चैंपियन

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** झींकपानी प्रखंड के नवागांव में बॉयज क्लब नवागांव की ओर से आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल खेल प्रतियोगिता का फाइनल सह समापन रविवार को हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपक बिरुवा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख प्रदीप तामसोय, मुखिया अंजना तामसोय, जोड़ापोखर मुखिया गुरु चरण मुंडा, ग्रामीण मुंडा मोरान सिंह तामसोय उपस्थित हुए। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कृष्ण एफसी बनाम कॉकटेल एफसी के बीच के बीच हुआ। जिसमें कृष्ण एफसी ने कॉकटेल एफसी



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते विधायक दीपक बिरुवा व अन्य। ● फोटोन न्यूज

को ट्राइब्रेकर में हराकर चैंपियन बना। वही 40 प्लस में राजेन एफसी ने जोजोबेड़ा एफसी को 1- 0 गोल से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। जबकि एक दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता में बांग्लादेश बॉर्डर एफसी ने जय महाकाल एफसी एफसी को हराकर विजेता बना। इसके पूर्व अतिथियों में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद फाइनल खेल का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक दीपक बिरुवा ने कहा कि खेल प्रतिभा को विकसित करने के लिए ग्रामीण खेल प्रतियोगिता एक सार्थक कदम है। टूनार्मेंट में हार जीत का परवाह न कर खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी खेल प्रतियोगिता के माध्यम से ही खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा के माध्यम से पहुंचते हैं। खेल जीवन में अनुशासन के साथ लक्ष्य प्राप्ति का प्रमुख साधन है जिसका उपयोग खिलाड़ी अधिक से अधिक करें। उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। इसके माध्यम से देश में खिलाड़ी अपना दमखम दिखा कर पहचान बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाना है। कोई भी खेल हो खेल को खेल की भावना से खेलें. ऐसे प्रतियोगिता से गांव के युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कई निर्णायक कदम उठा रही है। पहली बार राज्य में खेल नीति बनाई गई है। खेलों के माध्यम से भी नौजवान आगे बढ़े और अपने परिवार, राज्य व देश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष दुम्बी कुंकल, उपाध्यक्ष खूबसूरत कोडा, सचिव अर्जुन तामसोय, सानू तामसोय, चिंतामणि गोप, नाथो बलमुचू, त्रिभुवन, सतारी, श्यामलाल, मधुसूदन, किरण, हरीश, श्रीराम, किशोर, सोमनाथ, चुंबरू, मोटाय, प्रताप, डीबी, डेबरा, प्रकाश, बाजार, गौरांग, लॉरेंस, मेघनाथ, अनिल, सिकंदर, बुधन समेत अन्य सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

# लखीसराय में सनकी आशिक ने छठ से लौट रहे परिवार पर की ताबड़तोड़ फायरिंग, अब तक दो की मौत





**लखीसराय।** लखीसराय शहर के कबैया थाना अंतर्गत पंजाबी मोहल्ला में छठ घाट से घर आ रहे श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच ही एक सनकी ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। छह लोगों को गोली लगी है जिनमें दो भाइयों की मौत हो गई। वहीं बहन दुर्गा झा पीएमसीएच में जिंदगी और मौत से जूझ रही हैं। डीएम अमरेंद्र कुमार, एसपी पंकज कुमार, एएसपी रौशन कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इस वारदात में एक ही परिवार को निशाना बनाया गया है। शशिभूषण झा के दो बेटे चंदन झा एवं राजेंद्र झा की मौत गोली लगने से हो गई। इसके अलावा शशिभूषण झा की पुत्री दुर्गा झा की हालत पीएमसीएच में गंभीर बनी हुई है। जबकि खुद शशिभूषण झा की बहु लवली देवी, पत्नी राजनंदन झा एवं कुंदन झा की पत्नी प्रीति झा गोली लगने से जख्मी हैं। एसपी पंकज कुमार ने बताया की शशिभूषण झा के घर के सामने आशीष चौधरी का घर है। आशीष चौधरी शशिभूषण झा की बेटी दुर्गा से कई वर्षों से प्यार करता था।

वह उससे शादी करना चाहता था। लड़की वाले इसका विरोध करते थे। आशीष चौधरी जबरन शादी करना चाहता था जिसका विरोध लड़की एवं उसके घर वालों ने किया था। इस कारण दोनों पक्ष में मारपीट हो गई थी। सोमवार को सनकी आशिक ने अपने घर की गली में उस समय घटना को अंजाम दिया जब शशिभूषण झा परिवार सहित छठ घाट से घर आ रहे थे। परिवार के कुल छह लोगों को गोली मारी गई जिसमे तीन की मौत हो गई है। पुलिस ने घर पर आकर परिवार के सदस्यों से पूछताछ की। सनकी ने किस कारण से इस घटना को अंजाम दिया है इसका अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस हर स्तर से जांच कर रही है। जहां फायरिंग हुई वहां केवल खून ही खून दिखाई दे रहे हैं। पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। लोग अपने-अपने घर में छिप गए हैं। भाजपा कार्यकताओं ने सदर अस्पताल से चंदन झा एवं राजनंदन झा की लाश को जबरन अपने कब्जे में करके मुख्य सड़क पर लाकर जाम करते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया है। इस दौरान रोकने का प्रयास कर रही पुलिस से भी भाजपा कार्यकर्ता उलझ गए। जवानों से हाथापाई भी की गई है।

भाजपा कार्यकताओं के कहना है की सुबह से दो भाईयों का शव सदर अस्पताल में रखा हुआ है। परिवार के चार लोग जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। बावजूद अभी तक पोस्टमार्टम करके शव को सुरक्षित स्वजन के हवाले नहीं किया गया है।

सदर अस्पताल में शव को देखने वाला तक नहीं है। उधर पटना से जारी बयान में क्षेत्रीय विधायक सह नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने पुलिस प्रशासन पर हमला बोला है। उन्होंने कहा की एक अल्पसंख्यक परिवार को अपराधी प्रवृत्ति का लोग लगातार धमकी दे रहा था। जबरन शादी करने को लेकर दवाब बनाया जा रहा था।

लड़की और उसके घर वालों का घर से निकलना मुश्किल हो गया था। और आखिर में परिवार के दो लोगों की हत्या करते हुए चार लोगों को जख्मी कर दिया है। पुलिस तमाशबीन बनी रही। लखीसराय की घटना ने सूबे को शासन व्यवस्था को शर्मशार कर दिया है।

शव को कबैया थाने के गेट के बाहर रख कर भाजपा कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। एएसपी रौशन कुमार वहां पहुंचे हैं। भाजपा कार्यकर्ता उनसे भी उलझ गए। वहां तनाव को स्थिति बनी हुई है। उधर मृतक का एक भी सदस्य वहां नहीं है।

## सीतामढ़ी में 5 संदिग्धों की मौत की सुध लेने पहुंचे विजय सिन्हा और पूर्व मंत्री, पीड़ित परविारों से मिले



सीतामढ़ी। बाजपट्टी में जहरीली शराब से पांच लोगों की मौत की आशंका के बाद राजनीति गरमा गई है। नेता विरोधी दल विजय सिन्हा, पूर्व मंत्री सह गया के विधायक डॉ. प्रेम कुमार, सीतामढ़ी जिला भाजपा प्रभारी रामसूरत राय बाजपट्टी के नरहा गांव में अभी-अभी पहुंचे हैं।

शोक संतप्त परिवारों का कुशलक्षेम पूछकर ढांढस बंधा रहे हैं। एक-एककर सभी छह परिवारों से मिलकर उनकी बात सुनेंगे। वास्तविक वस्तुस्थिति जानने का प्रयास करेंगे। जिला भाजपा के नेता भी उनके साथ हैं। कथित शराब कांड में निजी नर्सिंग होम में इलाजरत रोशन कुमार की हालत गंभीर है, उसे वेंटीलेटर पर रखा गया है। इलाज कर रहे डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि अभी हालत गंभीर है।

उधर, शराब के धंधेबाजों की धर-पकड़ के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। एसपी का कहना है कि उन्हें सिर्फ एक व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम कराने के लिए मिला है। इस व्यक्ति की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही स्पष्ट किया जा सकेगा कि उसकी मौत जहरीली शराब पीने से हुई या अन्य कोई कारण है। इसके बाद वे सीतामढ़ी विधायक डॉ. मिथिलेश कुमार के डुमरा स्थित आवास पर प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे। जिसमें इस कांड में भाजपा का स्टैंड रखेंगे।

# नशे में धुत दबंगों ने बुजुर्ग महिला की पीट-पीट कर की हत्या



**मधेपुरा :** नशे में धुत दबंगों ने बुजुर्ग महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इससे पहले बुजुर्ग पति-पत्नी को गांव में दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। मारपीट के दौरान एक दूसरे को बीच बचाव करने के दौरान बुजुर्ग महिला की पीट-पीट कर हत्या कर दी। इस घटना में घर के पांच सदस्य घायल हैं, जिसमें मृतका के पति की हालत गंभीर है। परिजनों का कहना है कि पड़ोस के ही दबंग पांच नशेड़ियों ने मिलकर इस घटना को अंजाम दिया है। घटना मुरलीगंज थाना क्षेत्र के पोखराम परमाणनंदपुर पंचायत के वार्ड संख्या 11 की है। घटना के संबंध में युवती का कहना है कि शाम के अर्घ्य के बाद हमलोग खाना खाकर घर में बैठे थे। तभी गांव का कारी यादव, मंजय यादव, विजो यादव, फूलन यादव सहित अन्य कुछ लोग उसके घर में घुस गये और परिवार के सदस्यों को पीटने लगे। मारपीट के दौरान दोनों दंपति जान बचाने के लिए घर से बाहर भागे, लेकिन बदमाश उन्हें खदेड़कर पीटने लगे। इसी क्रम में पति को बचाने की कोशिश में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई।

घटना के संबंध में युवती का कहना है कि कुछ दिन पहले हमलोग घर में खाना खाकर सोने जा रहे थे, तभी वे लोग ( वही सभी आरोपी) घर में घुस गये और मुझे उठाकर ले गये। मेरे साथ गलत व्यवहार करने की कोशिश की लेकिन किसी तरह मैं वहां से भागकर आ गयी। फिर पंचायत हुई जिसमें स्थानीय लोगों के द्वारा मामले को रफा दफा कर दिया गया था। उसी का बदला लेने के लिए रात में फिर हमारे घर में जबरन घुसकर मेरे घरवालों के साथ मारपीट की, जिसमें मेरी मां की मौत हो गई। युवती ने बताया कि दबंगों ने मेरी मां को दौड़ा-दौड़ाकर लाठी डंडे से जमकर पीटा है। युवती ने बताया कि हमलोग धोबी जाति के हैं जबकि वह लोग यादव है।

***क्या कहती है पुलिस***

**घटना के संबंध में मधेपुरा एसपी राजेश कुमार का कहना है कि इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों गिरफ्तार किया है। फिलहाल पीड़ित परिजनों के द्वारा आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन प्राप्त होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।**

## 8 साल के मासूम ने पूरे नियम के साथ किया छठ का निर्जला व्रत



**गया :** आस्था का महापर्व छठ पूजा संपन्न हो गया है। महिलाओं ने जहां अपने पति और पुत्र की लंबी आयु के आयु के लिए आस्था का महापर्व छठ पूजा रखी थी। वहीं 8 वर्षीय बच्चे ने भी 36 घंटे का निर्जला उपवास रखकर उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरघाटी बजार के रहने वाले संतोष यादव के 8 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार छठ व्रत का पूजा निर्जला व्रत रखकर किया। सौरभ डीएवी पब्लिक स्कूल में चौथी क्लास का छात्र है। सौरभ ने कहा कि उसके मन में अचानक छठ करने की लालसा जागी। इसके बाद वह छठ पूजा करने 2022 में अपने नानी के यहां डोभी के गम्हरिया गांव गया और वहां से छठ पूजा की शुरूआत की सौरभ बताता है कि आज उसका छठ पूजा का दूसरा त्यौहार है। इसे वह पूरी शुद्धता के साथ नियम का पालन कर मनाया है। छठ पूजा के लिए कृत्रिम घाट के किनारे साज-सज्जा कर साफ-सफाई की गई। पावन पर्व को लेकर महिलाओं ने घरों में आटा, गेहूं के अलावा रसोई में साफ-सफाई की। पहले दिन व्रती महिलाएं स्नान आदि कर छठी मैय्या पूजा-अर्चना करेंगी और फिर शाम को प्रसाद के रूप में चावल, चने की दाल और लौकी का सेवन किया। मान्यता के अनुसार, पहले दिन सात्विक भोजन का सेवन शुद्धीकरण के लिए किया जाता है। रविवार को पूरे दिन और रात महिलाएं निर्जला व्रत रखा और सोमवार की सुबह भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत खोला। सौरभ ने कहा कि इस पर्व में छठ व्रत की हुई महिलाएं जमीन पर ही सोती हैं। मैं भी सो रहा था और हर रोज प्रयोग में लिए जाने बर्तनों के बजाए छठ पर्व में अलग बर्तनों में खाना-पानी किए। इसके लिए गुरुवार को बाजार में खरीदारी चलती रही।

## बिहार के इस जिले में होगी 32 बालू घाटों की नीलामी, निकलेगा 200 करोड़ से ज्यादा का टेंडर



आरा। भोजपुर जिले में नए सिरे से बनाए गए 32 बालू घाटों की नीलामी के लिए बुधवार 22 नवंबर से दस्तावेज डाउनलोड होने की प्रक्रिया शुरू होने के साथ आवेदन जमा होने का कार्य शुरू हो जाएगा।बिहार बालू खनन नीति 2009 (संशोधित) के तहत अगले पांच वर्षों के लिए नीलाम हो रहे इन घाटों को लेने के लिए आवेदन जमा होने का कार्य 28 नवंबर तक चलेगा। इसके बाद कागजातों की जांच चार दिसंबर तक की जाएगी।

# अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में भी छठ पूजा की धूम, बिहार और झारखंड के लोगों की बनी है कमेटी





**लाखों श्रद्धालुओं ने दिया उदीयमान सूर्य को अर्घ्य, पटना समेत पूरे बिहार के घाटों पर उमड़ी भीड़**


**रामनगर,** । रोजी रोटी की तलाश में कई लोग अपने वतन को छोड़कर सात समंदर पार दूसरे देशों में चले गए। आज वह वही बस गए हैं। पर, अपनी सांस्कृतिक धरोहरों को आज भी संजो कर रखा है। ऐसे ही नगर में निवास करने वाले कुछ लोग अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में बसे हुए हैं। जो प्रत्येक वर्ष अपने माटी की खुशबू वहां पर भी बिखरते हैं। यहां पर छठ पूजा मनाई जाती है। अमेरिका के न्यू जर्सी में रहने वाले इंजीनियर प्रशांत प्रभाकर का कहना है कि अपने बच्चों को अपनी संस्कृति और पर्व त्योहारों के बारे में जानकारी देना जरूरी है। इसलिए प्रत्येक वर्ष छठ पूजा यहां पर भी धूमधाम से मनाया जाता है। यहां पर एक कमेटी बनी हुई है। इसमें बिहार और झारखंड के लोग शामिल हैं। जो सम्मिलित रूप से छठ पूजा मनाते हैं। इसके लिए कमेटी की तरफ से ही स्थल का चयन छठ पूजा के लिए किया जाता है। साथ ही पूजा में लगने वाले सामग्री भी उन्हीं के द्वारा उपलब्ध कराई जाती है।

ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट, सिडनी और मेलबर्न में रहने वाले अर्पित आनंद,मंजू, प्रियंका, संतोष गुप्ता, प्रतीक उपाध्याय का कहना है कि कई जगह स्विमिंग पुल में ही छठ पूजा किया जाता है। पर, अब लोगों की संख्या बढ़ी है तो, छठ घाट पर भी किया जाता है। यहां पर भी घाट पर पारंपरिक छठ गीत बजते हैं। साफ सफाई को लेकर ध्यान रखना पड़ता है। कूड़ा फैलाने पर पाबंदी है। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में रहने वाले नगर निवासी प्रकाश पाल और निधि पाल का कहना है कि सामूहिक रूप से लोग इकट्ठा होकर सूर्य को अर्घ्य देते हैं। यहां पर भी छठ पूजा में लगने वाले ठेकुआ, खजूर समेत अन्य सामग्री तैयार किया जाता है।

पूजा का सामान यहां पर भी स्टोर में मिल जाता है। कुछ बिहार से आने वाले मित्रों से मंगा लिया जाता है। अमेरिका में रहने वाली नेहा का कहना है कि स्थानीय लोग भी हमारी भावनाओं का सम्मान करते हैं। प्रसाद ग्रहण करने आते हैं। त्योहार की खुशियां एक दूसरे के साथ मिलकर बांटते हैं। बता दें कि इस पूजा पर कई लोग विदेश से भी अपने घर आकर घर परिवार के साथ इस पूजा में शामिल होते हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### घरवाले छठ घाट पर गए थे, दरिंदे ने पहले हाथ-पैर बांधा फिर आंख पर पट्टी बांध किया रेप



**गोपालगंज :** 7 साल की मासूम के साथ हैवानियत हुई है। मासूम के माता-पिता छठ घाट पर गए थे। इसी बीच दरिदा घर आया और मासूम को अगवा कर चिमनी के पास खेत में ले गया। इसके बाद पहले हाथ-पैर बांधा फिर आंख पर पट्टी बांधकर दरिंदगी की। इस दौरान मासूम चीखती-चिल्लती रही लेकिन दरिंदे ने एक न सुनी और बेरहमी से पीटने लगा। जब मासूम बेहोश हो गई तो उसे छोड़कर फरार हो गया। काफी देर बाद जब मासूम को होश आया तो वह किसी तरह अपने घर पहुंची। सोमवार देर रात ही छठ घाट से किशोरी के स्वजन जब घर पर पहुंचे तो किशोरी को नहीं पाकर उसकी तलाश शुरू कर दी। काफी देर के बाद स्वजन ने किशोरी को घर के पीछे खेत की तरफ से आते देखा। मासूम बच्ची को खून से लथपथ देखकर उसकी मां ने पूछताछ की तो दंग रह गई। फौरन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने अधेड को पकड़ कर पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अधेड़ की पहचान थाना क्षेत्र के घोड़ाघाट गांव के सत्येंद्र प्रसाद के रूप में की गई है। किशोरी की मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि की गई है। मामले में पीड़ित की मां के आवेदन पर प्राथमिकी करने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित को सोमवार के दिन न्यायालय में प्रस्तुत किया

### बेतिया में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, आरोपी फरार; पुलिस जांच में जुटी




**बिहार :** दहेज के नाम पर हत्या का मामला सामने आया है। बेतिया में दहेज के लिए विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने एक लाख रुपए और बुलेट बाइक की मांग की थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया है। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जांच जारी है। मृतका की पहचान शहनाजा खातून के रूप में की गई है। रामनगर थाना क्षेत्र के बरवा बजरिया गांव की रहनी वाली शहनाजा खातून की शादी इस वर्ष फरवरी में असकली मियां के साथ हुई थी। इस दौरान लड़की के पिता ने बेटी को कई उपहारों के साथ विदा किया था। परिजनों के मुताबिक, ससुराल पक्ष लगातार बाइक और एक लाख रुपये देने का दबाव बना रहे थे। मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या कर दी गई। नरकटियागंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जय प्रकाश सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पदाधिकारी को भेजा गया था। पुलिस शव को कब्जे में लेकर सोमवार पोस्मार्टम कराकर परिजनों को सौंप दी हैं।

### पत्नी ने किया था छठ; अपराधियों ने पति को बुलाकर कर दी हत्या



**बिहार :** उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के विधान सभा क्षेत्र में अपराधियों ने एक युवक को घर से बुलाकर उसकी हत्या कर दी। घटना वैशाली जिला के राघोपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदपुर पंचायत के हैबतपुर गांव की है। मृतक की पहचान हैबतपुर निवासी चंदेश्वर शाह के पुत्र मुकेश कुमार साह (30) के रूप में की गई है। इस घटना से स्थानीय लोगों में इस बात का आक्रोश भी था कि घटना की जानकारी मिलने के करीब 3 घंटे बाद राघोपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे थे।

### नार्थ इस्ट एक्सप्रेस से शातिर चोर रंगे हाथ गिरफ्तार, रेलवे को लगा रहा था लाखों का चूना



**बक्सर।** बक्सर-दानापुर रेलखंड के रघुनाथपुर स्टेशन पर दुर्घटना का शिकार हुई नार्थ इस्ट ट्रेन के क्षतिग्रस्त डब्बों पर चोर उच्क्कों की लगातार निगाहें लगी हैं। अभी कुछ ही दिनों पूर्व कोच से केबल चोरी करते रेल पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। इसी क्रम में सोमवार को एक बार फिर केबल काटते एक चोर को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में संलिप्त दो अन्य को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते आरपीएफ निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर क्षतिग्रस्त कोच की निगरानी सोमवार की सुबह सहायक उप निरीक्षक रमेश कुमार सिंह व अन्य कर्मी कर रहे थे। तभी उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त कोच से एक व्यक्ति को बैटरी बॉक्स से कनेक्टिंग केबल को काटते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से एक हेक्सा ब्लेड, एक रिंच, एक चाकू व चोरी का काटा हुआ केबल मिला। पूछताछ में उसकी पहचान सिकरौल लख निवासी गुड्डू कुमार के रूप में की गई। उसने बताया कि दो दिन पूर्व भी उसने बिहिया निवासी अपने मित्र कार्तिक के साथ मिलकर बैट्री केबल काटकर बिहिया थाना के पास मौजूद मंटू गुप्ता के दुकान में बेचा है।

गिरफ्तार चोर की निशानदेही पर जब उपरोक्त बिहिया के कबाड़ी दुकानदार के यहां छापेमारी की गई तो वहा से कार्तिक और मंटू गुप्ता दोनों को पूर्व में चोरी किए गए रेलवे के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। अग्रिम कानूनी करवाई पूरी करते हुए तीनों को रेलपे कोर्ट आरा प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# अग्निहोत्र यज्ञ है प्रदूषण मुक्ति का मार्ग

वैदिक साहित्य प्रकृति के प्रति आदर से भरा पूरा है। इस आस्था का तर्क संगत विज्ञान भी है। जर्मनी के डॉ. कुलरिच बर्क वैदिक अग्निहोत्र विज्ञान को कई देशों तक पहुंचा रहे हैं। डॉ. बर्क बर्लिन विश्वविद्यालय में गणित के प्राध्यापक रहे हैं और लगभग चार दशक से वैदिक विज्ञान में सक्रिय हैं। डॉ. बर्क ने 'व्हाट इज डन एंड व्हाट कैन बी डन विद अग्निहोत्र' शीर्षक से तीन सौ पृष्ठों का शोधपत्र बनाया। अग्निहोत्र विज्ञान पर उनके 20 से ज्यादा शोधपत्र विभिन्न देशों में प्रकाशित हुए हैं। डॉ. आरके पाठक बताते हैं कि, ''सूर्योदय के समय सम ऊर्जा, विद्युत ऊर्जा उत्सर्जित होकर पृथ्वी को ऊर्जावान बनाती है। अग्निहोत्र से इसकी सकारात्मकता में वृद्धि होती है। इसी तरह सूर्यास्त के समय ऊर्जा का उत्सर्जन वापस वातावरण में मिलता है। उनके मुताबिक कई देशों में भारत के इस प्राचीन विज्ञान को अपनाया जा रहा है। डॉ. उलरिच बर्क 40 वर्ष से अधिकांश देशों में भारत के प्राचीन अग्निहोत्र विज्ञान का प्रचार कर चुके हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के बागवानी संस्थान के सेवानिवृत्त निदेशक डॉ. आरके पाठक भी इस अभियान से जुड़े हैं। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, केरल और गुजरात के किसान भी इस अभियान का हिस्सा हैं। अग्निहोत्र यज्ञ कर्म का हिस्सा है। इससे प्रदूषण मुक्ति होती है। ऋग्वेद अग्नि स्तुति से ही प्रारम्भ होता है। कहते हैं, ''हम अग्नि की स्तुति करते हैं। अग्नि यज्ञ में पुरोहित हैं। यज्ञकर्ता को रत्न देने वाले हैं।'' (1.11) भारतीय परम्परा में यज्ञ असाधारण कर्मकाण्ड रहा है। वैदिक ज्ञान के तमाम सूत्र आधुनिक विज्ञान से भी सत्य हैं। ऋग्वेद में ही कहते हैं कि, ''यह सृष्टि यज्ञमय है। पूर्व काल में पूर्वजों ने तमाम यज्ञ किए थे।'' यज्ञ विधान का लगातार विकास हुआ है। यज्ञ में देव स्तुतियां हैं। यज्ञ का मूल तत्व स्वाहा है। स्वाहा का अर्थ समर्पण है। समर्पण कई तरह का है। हव्य समर्पण है। भाव समर्पण है। ज्ञान समर्पण है। अहंकार समर्पण है। गीता में यज्ञ को व्यापक अर्थ में समझाया गया है। श्रीकृष्ण कहते हैं, ''कुछ योगी देवताओं के लिए यज्ञ करते हैं जबकि अन्य यज्ञकर्ता ब्रह्म की अग्नि में स्वयं को ही अर्पित कर देते हैं।'' यज्ञ कई तरह के हैं। कुछ लोग अपनी भौतिक सम्पत्ति व योगाभ्यास से अर्जित शक्ति को यज्ञ में अर्पित करते हैं। उपनिषदों के समय सभी कर्मों को बंधनकारी माना जाता था। कर्मबंधन में बंधे व्यक्ति का पुनर्जन्म होता है। केवल यज्ञ ही बंधन में नहीं डालता। श्रीकृष्ण अर्जुन को बताते हैं, ''प्राचीन काल में प्रजापति ने यज्ञ से प्राणी उत्पन्न किए थे और कहा था कि, ''यज्ञ तुम्हारी सभी इच्छाओं को पूरा करेगा।'' श्रीकृष्ण कहते हैं, ''तुम यज्ञ के द्वारा देवताओं का पोषण करो। देवता तुम्हारा पोषण करेंगे।'' यहाँ देवताओं और मनुष्य के बीच सामान्य अनुबंध दिखाई पड़ता है। अनुबंध टूटता है। प्रकृति की शक्तियां कोप में होती हैं। तूफान आते हैं। अतिवृष्टि और अनावृष्टि होती है। भूमण्डल का ताप बढ़ता है। मनुष्य प्रकृति की शक्तियों के सम्मुख स्वाहा समर्पण करता है। प्रकृति की शक्तियां पोषण करती हैं। यजुर्वेद के एक मन्त्र में यज्ञ से प्रार्थना है, ''हे यज्ञ जहां तक द्यावा, पृथ्वी, समुद्र और दिशाएं हैं, वहां तक हम सभी प्राणी आपसे ऊर्जा पाते हैं।'' गीता (4.31) में श्रीकृष्ण कहते हैं, ''जो यज्ञ के बाद शेष बचे अन्न खाते हैं वह ब्रह्म को प्राप्त करते हैं।'' गीता का यज्ञ चक्र ध्यान देने योग्य है। श्रीकृष्ण कहते हैं, ''अन्न से प्राणी होते हैं। अन्न वर्षा से होता है और वर्षा यज्ञ से होती है। यज्ञ सत्कर्मों से उत्पन्न होता है।'' यहाँ यज्ञ को सत्कर्म कहा गया है। यज्ञ-चक्र बहुत प्रेमपूर्ण कल्पना है। श्री कृष्ण बताते हैं, 'अन्न से प्राणी होते हैं। वर्षा से अन्न उत्पन्न होता है। वर्षा यज्ञ से होती है और यज्ञ कर्म से उत्पन्न होता है।' (3.14) मनुस्मृति (3.76) में भी यही स्थापना है 'यज्ञ में दी गई आहुति सूर्य को मिलती है। सूर्य से पर्जन्य - मेघ आते हैं। वर्षा से अन्न पैदा होता है, अन्न से प्रजाए उत्पन्न होती हैं।' तैत्तिरीय उपनिषद् में कहते हैं 'परमतत्व से आकाश का जन्म हुआ। फिर वायु फिर अग्नि, जल और पृथ्वी की उत्पत्ति हुई। पृथ्वी से औषधियां और औषधियों से अन्न तथा अन्न से पुरुष उत्पन्न हुआ।' यहां सृष्टि के विकास क्रम का वर्णन है। श्रीकृष्ण अन्न से प्रारम्भ करते हैं। यहां प्रत्यक्ष भौतिकवाद है। ब्रह्मवादी इसी चक्र को परम तत्व से प्रारम्भ करते हैं। यज्ञचक्र सतत प्रवाही है। श्रीकृष्ण कहते हैं 'जो इस यज्ञचक्र के संचालन में सहायक नहीं होता, वह इन्द्रिय सुखों में संलग्न दुष्ट स्वभाव वाला है और उसका जीवन व्यर्थ है।' (3.16) यहां यज्ञ चक्र विरोधी को दुष्ट कहा गया। गीता का यज्ञ एक व्यापक अवधारणा है। यज्ञ का एक अंग 'दक्षिणा' है। दक्षिणा कर्मकुशलता का पारिश्रमिक है। दक्ष का अर्थ कुशलता होता है। ऋग्वेद (10.107.2) में भी दक्षिणा को अनिवार्य बताया गया है। वैदिक काल में यज्ञ का अनुभूत दर्शन था। अनुभूत दर्शन से यज्ञ संस्था का विकास हुआ। विकास के क्रम में कर्मकाण्ड की कई विधियां जुड़ी। वाजपेय यज्ञ में रथ में घोड़े जोते जाते थे, दौड़ होती थी, यजमान विजेता बनता था। राजसूय यज्ञ में वरुण या इन्द्र का अभिषेक होता था। तैत्तिरीय आरण्यक (2.10) के अनुसार अग्नि में ह्विष्य से देवयज्ञ, पितरों को अन्न जल तर्पण से पितृयज्ञ, पशुपक्षियों को भोजन देने से भूतयज्ञ, विद्वानों अतिथियों को भोजन देने से मनुष्ययज्ञ पूर्ण होता है लेकिन स्वाध्याय से ब्रह्मयज्ञ पूरा होता है -यत् स्वाध्यायम धीर्यात, तद् ब्रह्मयज्ञ सन्तिष्ठते। स्वाध्याय का अर्थ कोरा अध्ययन ही नहीं है। कुछ लोग इसका अर्थ अच्छा साहित्य पढ़ना लेते है, तो अनेक विद्वान ऋग्वेद आदि के अध्ययन को स्वाध्याय बताते है। वस्तुतः यहां स्व-अध्ययन पर जोर है।

# सुरंग मेकिंग तकनीक पर विफलता की जिम्मेदारी तय हो

ANALYSIS



डॉ. रमेश ठाकुर

**पहाड़ी दुर्गम क्षेत्रों को तहस-नहस करके उनमें विशालकाय सुरंगें बनाने के लिए आधुनिक तामझाम, टेक्नोलॉजी व उपयुक्त सिस्टम नहीं हैं। यही बड़ा कारण है कि पहाड़ों में बड़े प्रोजेक्ट कामयाब नहीं हो रहे। वहां, इस तरह की परियोजनाओं के विफल होने के पीछे पर्यावरण प्रकोप भी मुख्य वजह है। उत्तराखंड़ में बीते दशक भर में घटी तमाम दर्दनाक घटनाएं इसका ताजा उदाहरण हैं। उन्हीं में यह मौजूदा सुरंग की घटना भी शामिल है, जहां, ब्रह्मखाल-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाड़ों का सीना चीरकर सिल्क्यारा और डंडालगांव के बीच लगभग पांच किलोमीटर लंबी सुरंग बन रही थी। सुरंग तो नहीं बनी, लेकिन चालीस जिंदगी मौत से जरूर लड़ रही हैं। निश्चित रूप से यह घटना रोंगटे खड़े करती है। समय जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, धड़कने तेज हो रही हैं। सुरंग के आसपास के डरावने सन्नाटे से बाकी मजदूर कैसे मुक्त हों? इसकी उम्मीद भी मुकम्मल तौर पर कोई नहीं बंधवाता। 12 तारीख से लेकर अभी तक स्थिति गंभीर बनी हुई है।**

अब समय आ गया है कि सुरंग मेकिंग तकनीक विफलता की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। हुकूमतें इस बात को बेशक न मानें, पर टनल इंजीनियरिंग, अंडरपिनिंग व टनलिंग विधि में भारतीय व्यवस्था अब भी काफी पिछड़ी है। पहाड़ों को फाड़कर उनके भीतर टनल (सुरंग) बनाने का अनुभव नहीं है। हालांकि सॉफ्ट-ग्राउंड क्षेत्र में टनल, सब-वे व सीवर बनाने की विधि में हमारी तकनीक कारगर और मजबूत हैं। पहाड़ी दुर्गम क्षेत्रों को तहस-नहस करके उनमें विशालकाय सुरंगें बनाने के लिए आधुनिक तामझाम, टेक्नोलॉजी व उपयुक्त सिस्टम नहीं हैं। यही बड़ा कारण है कि पहाड़ों में बड़े प्रोजेक्ट कामयाब नहीं हो रहे। वहां, इस तरह की परियोजनाओं के विफल होने के पीछे पर्यावरण प्रकोप भी मुख्य वजह है। उत्तराखंड़ में बीते दशक भर में घटी तमाम दर्दनाक घटनाएं इसका ताजा उदाहरण हैं। उन्हीं में यह मौजूदा सुरंग की घटना भी शामिल है, जहां, ब्रह्मखाल-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाड़ों का सीना चीरकर सिल्क्यारा और डंडालगांव के बीच लगभग पांच किलोमीटर लंबी सुरंग बन रही थी। सुरंग तो नहीं बनी, लेकिन चालीस जिंदगी मौत से जरूर लड़ रही हैं। निश्चित रूप से यह घटना रोंगटे खड़े करती है। समय जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, धड़कने तेज हो रही हैं। सुरंग के आसपास के डरावने सन्नाटे से बाकी मजदूर कैसे मुक्त हों? इसकी उम्मीद भी मुकम्मल तौर पर कोई नहीं बंधवाता। 12 तारीख से लेकर अभी तक स्थिति गंभीर बनी हुई है। उम्मीद की किरणें हर पल धूमिल होती दिख रही हैं। हालांकि शासन-प्रशासन का रेस्क्यू अभियान मुस्तैदी से जुटा है।



घटनास्थल पर पहुंचकर मजदूरों के परिजन चीख-चिल्ला, रो-बिलख रहे हैं और सिस्टम को ललकार रहे हैं। सुरंग को मौत की सुरंग बोलकर ईश्वर से हाथ फैलाकर उनके लिए सलामती की दुआ कर रहे हैं। वैसे, दुआएं उनके परिजन क्या, बल्कि समूचा भारत कर रहा है। मजदूर सुरंग के भीतर किस हाल में होंगे, ये तो सिर्फ वही जानते होंगे? घुप्प अंधेरे में मंडराती बिन बुलाई मौत उनके सामने दस्तक देकर खड़ी होगी, जिसे वो भयभीत होकर निहार रहे होंगे। उस दृश्य की कल्पना मात्र से भी कलेजा कंपकपाता है। बहरहाल, एक उम्मीद बंधी है कि अमेरिकी से कोई आधुनिक ड्रिल मशीन मंगवाई गई है जिसके जरिए मजदूरों को बाहर निकालने की कोशिश जारी हैं। ड्रिल मशीन के जरिए सुरंग के बाजू में एक गड्ढा करके उसमें पाइप डाला जाएगा। इसके सहारे अंदर फंसे मजदूरों को बाहर निकाला जाएगा। यह अमेरिकी ड्रिल मशीन बहुत तेज स्पीड से टनल काटती है। इसके अलावा थाईलैंड से भी मशीनें मंगवाई गई हैं जो इस रेस्क्यू अभियान में भारतीय सेना की मदद करेगी। लेकिन यह घटना कई सवाल खड़े करती है। उत्तराखंड में कई सरकारी प्रोजेक्ट विफल हुए और बड़े हादसों में तब्दील हुए। इशारा साफ है कि मानवीय हिमाकतों का खामियाजा कुदरत ने तुरंत दिया। केदारनाथ पॉवर प्रोजेक्ट, उत्तरकाशी थर्मल प्लांट, बद्रीनाथ आदि में हुए हादसे संकेत ही तो देते हैं कि पहाड़ों को मत छेड़ो? अगर छेड़ोगे तो उसका अंजाम बुरा होगा? बुरा हो भी रहा है। फिर भी कुदरत से मुकाबले करने के लिए इंसान आगे खड़े हैं। खुदा न खास्ता सुरंग में फंसे इन 40 मजदूरों के साथ कोई अनहोनी हो जाती है, तो उसकी भरपाई कौन करेगा। सुरंग ढहने के खिलाफ कानूनी सुरक्षा के लिए सतह प्रक्रिया भी कोई तय नहीं है, जिससे हताहतों के परिजन कानूनी लड़ाई लड़कर न्याय पा सकें। कहा जाता है कि विनाश की उत्पत्ति विकास से ही होती है। विकास के लिए हम इतने अंधे हुए पड़े हैं कि पर्यावरण की रक्षा करना ही भूल गए। प्राकृतिक संरचनाएं मानव या उनके द्वारा निर्मित मशीनों को कतई इजाजत नहीं देतीं कि उनका सीना वो बिलावजह चीरें? ये बात सौ आने सच है कि विकास के लिए हम पर्यावरण के नियंत्रण को पूरी तरह भूल गए हैं। एक कड़वी सच्चाई से इंजीनियर पूरी तरह वाकिफ होते हुए भी मौन रहते हैं? उन्हें पता होता है कि मैदानी क्षेत्र सुरंग बनाने में मदद करते हैं, लेकिन पहाड़ी क्षेत्र बिल्कुल नहीं? बावजूद इसके पहाड़ों का दोहन करने से बाज नहीं आते? मैदानी क्षेत्रों में जब सुरंगों का निर्माण होता है तो उसमें ताजी हवा प्रदान करने और मीथेन जैसी विस्फोटक गैसों और ब्लास्ट धुएं सहित हानिकारक गैसों को हटाने के लिए वेंटिलेशन महत्वपूर्ण होता है। जबकि, निकास स्क्रबर के साथ भूमिगत उपयोग के लिए केवल कम धुएं वाले विस्फोटकों का चयन करने से भी समस्याएं कम होती है, लंबी सुरंगों में एक प्रमुख हवादार संयंत्र शामिल होता है जो तीन फीट व्यास तक के हल्के पाइपों के माध्यम से और बूस्टर प्रशंसकों के साथ एक मजबूर ड्राफ्ट को नियोजित करता है। इन सभी तकनीकों को नहीं अपनाया जाता। उच्च स्तर ड्रिलिंग उपकरण द्वारा हेडिंग पर और वेंट लाइनों में उच्च-वेग हवा द्वारा पूरे सुरंग में उत्पन्न शोर को अकसर संचार के लिए सांकेतिक भाषा के साथ ईयर प्लग के उपयोग की आवश्यकता होती है। सुरंगों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण निषिद्ध होते हैं, क्योंकि आवारा धाराएं ब्लास्टिंग सर्किट को सक्रिय करती हैं। पहाड़ी सुरंगों में तेज धमक से तूफानी धाराओं का भी उठने का डर रहता है। ऐसे में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। विदेश में जब किसी बड़ी टनल का निर्माण होता है तो उससे पूर्व भू-वैज्ञानिक जांच करवाई जाती है। विभिन्न स्थानों के सापेक्ष और जोखिम वाले क्षेत्रों का गहन भू-गार्भिक विश्लेषण होता है। अफसोस इस तरह की कोई विधि हमारे यहां नहीं अपनाई जाती। हमारे इंजीनियर पर्वतीय क्षेत्रों के मिजाज को समझने में भूल करते हैं। विकसित वेल-लॉगिंग और भू-भौतिकीय तकनीक को प्रॉपर तरीके से नहीं अपनाते। नतीजा ऐसे हादसे होते हैं। फिलहाल यह घटना किसी दर्दनाक हादसे में तब्दील न हो, सभी मजदूर सुरक्षित सुरंग से बाहर निकलें, इसके लिए हर जरूरी प्रयास किए जाने चाहिए।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# एक सितारा, जो मेकअप में ही दुनिया से हुआ विदा

आज के फिल्म प्रेमियों को शायद यह बात पता न हो कि हिंदी सिनेमा में एक हीरो ऐसा भी हुआ है जो शूटिंग के दौरान घोड़े से गिरकर बेहोश हो गया और मेकअप उतारे बिना ही इस दुनिया से हमेशा के लिए चला गया। इस सितारे का नाम था श्याम। इस घटना को हुए लगभग 72 वर्ष हो चुके हैं। श्याम का पूरा नाम श्याम सुंदर चड्ढा था। उनकी अभिनय यात्रा मात्र बारह वर्ष रही। उन्होंने केवल 32 वर्ष की आयु पाई, लेकिन इतनी कम आयु में ही उन्हें सुपर स्टार का दर्जा हासिल हो चुका था । वे केएल सहगल के बाद बने दूसरे सुपरस्टार थे। इतने कम समय में जो लोकप्रियता और प्रसिद्धि उन्होंने पाई वह कम ही लोगों को नसीब होती है। उनका जन्म 22 फरवरी, 1920 को सियालकोट (पाकिस्तान) में हुआ था । पांच भाई बहनों में वे सबसे बड़े थे। उनके पिता सीताराम चड्ढा प्रथम विश्व युद्ध के दौरान सेना में भर्ती हो गए थे। इसलिए श्याम की पढ़ाई रावलपिंडी, कोहाट, ऐबटाबाद और पेशावर में हुई। उन्होंने पेशावर के खालसा हाईस्कूल से प्रथम श्रेणी में दसवीं की और उच्च शिक्षा रावलपिंडी के एक कॉलेज से प्राप्त की। लेकिन पहले साल ही उन्हें टायफाइड हो गया जो उन दिनों बहुत घातक माना जाता था। परंतु श्याम ने इस बीमारी को तो हराया ही बल्कि इस कारण उनके शरीर में कई विचित्र बदलाव हुए। उनका औसत कद अचानक बढ़कर छह फीट से अधिक हो गया और उनका व्यक्तित्व भी आकर्षक होकर निखर आया। वे कॉलेज के नाटकों और अन्य स्टेज कार्यक्रमों में काम करने लगे और प्रशंसा भी पाने लगे। तभी उनके एक मित्र जहूर राजा जो उनके साथ ही काम करते थे बंबई चले गए। जब कुछ समय बाद वह रावलपिंडी आए तब तक श्याम बीए पास कर चुके थे और बंबई (अब मुंबई ) जाने के लिए तैयार हो गए। इसके लिए परिवार को मनाने का काम उनके चाचा ने किया। शायद उनकी किस्मत भी साथ दे रही थी कि तभी बॉम्बे टॉकीज ने नए चेहरों की तलाश के लिए एक विज्ञापन दिया। श्याम ने अपने फोटोग्राफ्स और बायोडाटा वहां भेजा और उसके बाद बुलावे पर स्क्रीन टेस्ट दिया। स्क्रीन टेस्ट में तो वह पास हो गए लेकिन लंबे कद के कारण हीरोइन छोटी पड़ रही थी अतः उनको काम नहीं मिला। वह लाहौर लौट आए। उन्हें यहां एक पंजाबी फिल्म गवांडी में काम करने का मौका मिला जो हिट रही। 1942 में उन्हें निमार्ता निर्देशक आरसी तलवार ने फिल्म खामोशी के लिए कोलकाता बुलाया। इस फिल्म में उनकी हीरोइन रमोला थीं। यह फिल्म हल्की-फुल्की कॉमेडी थी और खूब पसंद की गई। अगले साल उन्होंने फिल्म भलाई की जिसमें पृथ्वीराज कपूर भी थे। मुंबई और कोलकाता के बाद श्याम शालीमार पिक्चर्स की फिल्म मन की जीत के लिए पुणे आए । इस फिल्म की नायिका थी नीना और इसके गीत बहुत मशहूर हुए थे जो जोश मलीहाबादी के लिखे हुए थे। इस फिल्म से श्याम को व्यापक पहचान मिली लेकिन वह स्टार फिल्म मजबूर (1948) से बने । इसमें पहली बार उन्होंने मुनव्वर सुल्ताना के साथ काम किया था । फिल्म के संगीतकार थे गुलाम हैदर। कारदार प्रोडक्शन की फिल्म दिल्लगी (1949) ने उन्हें सुपर स्टार बना दिया । फिल्म की नायिका थीं सुरैया और संगीत था नौशाद अली का। इस फिल्म का गीत- तू मेरा चांद मैं तेरी चांदनी... सहित अन्य गीत भी खूब पसंद किए गए। इसी वर्ष आई उनकी फिल्म बाजार और पतंगा (निर्देशक एचएस रवेल) के गीत भी गली-गली गूंजे। पतंगा फिल्म के संगीतकार थे सी. रामचंद्र और इसका गाना- मेरे पिया गए रंगून वहां से किया है टेलीफून... और गोरे-गोरे मुखड़े पे... काफी लोकप्रिय हुए थे। 1950 में फिल्मीस्तान के लिए उन्होंने दो फिल्में निर्दोष तथा समाधि साइन की । निर्दोष तो कुछ खास नहीं चली लेकिन समाधि में श्याम ने अशोक कुमार के भाई की भूमिका निभाई थी। फिल्म में नलिनी जयवंत और कुलदीप कौर भी थीं। कुलदीप कौर से उनका प्रेम प्रसंग भी चला । फिल्म का संगीत सी. रामचंद्र का था और इसका एक गीत- गोरे गोरे ओ बांके छोरे... आज भी बहुत शौक से सुना जाता है। 1950 में ही श्याम की फिल्में छोटी भाभी, संगीता, सूरजमुखी, चांदनी रात, चार दिन, कनीज, रात की रानी तथा मीना बाजार आईं। 1951 में ही श्याम की आखिरी फिल्म शबिस्तान शुरू हुई जिसमें उनके साथ नसीम बानो, कुक्कू, सप्रू एवं मुराद भी काम कर रहे थे। श्याम इस फिल्म में राजकुमार की भूमिका निभा रहे थे। फिल्म की कुछ रीलें बन चुकी थीं। 25 अप्रैल के उस मनहूस दिन फिल्म की आउटडोर शूटिंग में वे घोड़े से गिरकर बेहोश हो गए। उन्हें बॉम्बे हॉस्पिटल लाया गया लेकिन शाम को ही उन्होंने दम तोड़ दिया। श्याम की मौत ने पूरे बंबई शहर को हिला दिया। कहते हैं कि उनकी अंतिम यात्रा में इतने लोग शामिल हुए थे कि सारी बंबई उस दिन ठहर सी गई थी। उनकी मौत के दो महीने बाद उनकी बीवी मुमताज कुरैशी, जिसे श्याम प्यार से ताजी कहते थे ने एक बेटे को जन्म दिया । एक बेटी सेहरा पहले से ही थी। बाद में उनकी पत्नी अपने दोनों बच्चों को लेकर पाकिस्तान चली गई थीं। श्याम की बच्ची बाद में पाकिस्तान टेलीविजन की मशहूर प्रोड्यूसर बनी और उनका बेटा डॉक्टर। जो लंदन में रहता था। श्याम के उर्दू के सुप्रसिद्ध साहित्यकार सआदत हसन मंटो से बहुत अच्छे संबंध थे । मंटो ने उन पर एक शब्द चित्र लिखा था- मुरली की धुन जिसमें उन्होंने श्याम से अपनी पहली मुलाकात से लेकर अपने पाकिस्तान जाने तक साथ बिताए गए लम्हों का खाका खींचा है । वह लिखते हैं-'श्याम सिर्फ बोतल व औरत का रसिया नहीं था। जिंदगी में जितनी नेमतें मौजूद हैं, वह उन सब का आशिक था। अच्छी किताब से भी उसी तरह प्यार करता था, जिस तरह एक अच्छी औरत से करता था।

## Social Media Corner

सच के हक में...




भाजपा सेवा, सुशासन, विकास, गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण की पर्याय है। पाली के जाडन में आशीर्वाद देने उमड़े इस जनसैलाब से साफ है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



शौर्य और पराक्रम की धरा राजस्थान के लालसोट विधान सभा क्षेत्र की जनता-जनार्दन राष्ट्रवाद के साथ है, भाजपा के साथ है। सुरक्षा, सुशासन और विकास के लिए भाजपा आवश्यक है, आस्था के सम्मान के लिए भाजपा आवश्यक है। अथाह समर्थन के लिए हार्दिक आभार लालसोट वासियो!

**(सीएम योगी आदित्यनाथ के ट्विटर अकाउंट से)**



राहुल गांधी का भारत माता के विरोध में बात करना कोई अतिशयोक्ति नहीं है, उनके परवरिश और संस्कार ही भारत विरोधी रहे हैं। चीन, पाकिस्तान और जॉर्ज सोरोस की गोद में खेलने वाले @RahulGandhi से मातृभूमि भारत के सम्मान की उम्मीद नहीं की जा सकती।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# बच्चों से जुड़े मुद्दों का हो समाधान

बाल दिवस केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अधिकांश देशों में मनाया जाता है। भारत में बाल दिवस प्रतिवर्ष 14 नवंबर को मनाया जाता है लेकिन बच्चों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह दिवस 20 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। वैश्विक स्तर पर इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना, उनकी समस्याओं को हल करना, उनके कल्याण के लिए काम करना तथा अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देना है। बाल दिवस दुनियाभर में 191 देशों में मनाया जाता है और अनेक देशों में इसे मनाने की तारीखें अलग-अलग हैं। जनवरी से लेकर दिसंबर तक हर माह किसी न किसी देश में बाल दिवस का आयोजन होता है। वैसे तो बाल दिवस मनाए जाने की शुरूआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में देखें तो इसे दुनियाभर में मान्यता मिली 1953 में। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 नवंबर 1954 को 'विश्व बाल दिवस' मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जिनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्टूबर 1953 में मनाया गया था। विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वीके कृष्णमेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1954 में अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के तमाम देशों से अपील की गई थी कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई एक ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फ बच्चों को ही समर्पित हो। दुनियाभर में बाल दिवस के माध्यम से लोगों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल मजदूरी इत्यादि बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। माना जाता है कि सबसे पहले बाल दिवस तुर्किये में मनाया गया था। आइए देखते हैं कि दुनियाभर में किन देशों द्वारा कब बाल दिवस मनाया जाता है। जनवरी के पहले शुक्रवार को बहामास में, 11 जनवरी को ट्यूनिशिया, जनवरी के दूसरे शनिवार को थाईलैंड, फरवरी के दूसरे रविवार कुक द्वीप समूह, नाउरू, निउए, टोकेलौ तथा केमन द्वीप समूह में, 13 फरवरी को म्यांमार, मार्च के पहले रविवार को न्यूजीलैंड, 17 मार्च को बांग्लादेश, 4 अप्रैल को चीनी ताइपे, हांगकांग, 5 अप्रैल को फिलीस्तीन, 12 अप्रैल को बोलिविया तथा हैती, 23 अप्रैल को तुर्किये, 30 अप्रैल को मेक्सिको, 5 मई को दक्षिण कोरिया तथा जापान, मई के दूसरे रविवार को स्पेन तथा यूके, 10 मई को मालदीव, 17 मई को नार्वे, 27 मई को नाइजीरिया, मई के आखिरी रविवार को हंगरी, 1 जून को चीन सहित कई देशों में बाल संरक्षण दिवस के रूप में, 1 जुलाई को पाकिस्तान, जुलाई के तीसरे रविवार को क्यूबा, पनामा, वेनेजुएला, 23 जुलाई को इंडोनेशिया, अगस्त के पहले रविवार को उरुग्वे, 16 अगस्त को पैराग्वे, अगस्त के तीसरे रविवार को अर्जेन्टीना तथा पेरू, 9 सितंबर को कोस्टा रीका, 10 सितंबर को हौण्डुरस, 14 सितंबर को नेपाल, 20 सितंबर को आस्ट्रिया तथा जर्मनी, 25 सितंबर को नीदरलैंड, 1 अक्टूबर को अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला तथा श्रीलंका, अक्टूबर के पहले बुधवार को चिली, अक्टूबर के पहले शुक्रवार को सिंगापुर, 8 अक्टूबर को ईरान, 12 अक्टूबर को ब्राजील, अक्टूबर के चौथे शनिवार को मलेशिया, अक्टूबर के चौथे रविवार को आस्ट्रेलिया, नवंबर के पहले शनिवार को दक्षिण अफ्रीका, 20 नवंबर को अजरबैजान, कनाडा, साइप्रस, मिस्त्र, इथियोपिया, फिनलैंड, फ्रांस, यूनान, आयरलैंड, इजराइल, केन्या, मैसिडोनिया, नीदरलैंड, फिलीपींस, सर्बिया, स्लोवेनिया, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, त्रिनिदाद व टोबेगो, 5 दिसंबर को सूरीनाम, 5 दिसंबर को सूडान तथा 25 दिसंबर को कांगो गणराज्य, कैमरून तथा भूमध्यरेखीय गिनी में बाल दिवस का आयोजन किया जाता है।

# गंभीर होता जलवायु संकट

धरती के बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने की कोशिशों के बावजूद संतोषजनक परिणाम नहीं मिल रहे हैं। पिछले साल वातावरण में तीन ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा ने सभी पूर्ववर्ती रिकॉर्ड तोड़ दिया, तो वर्तमान वर्ष के सबसे गर्म साल होने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र के मौसम विज्ञान से संबंधित संगठन ने बताया है कि ग्रीनहाउस गैसों की बढ़ती मात्रा धरती को गर्म करती जा रही है, जिससे मौसम में बड़े बदलाव हो रहे हैं। संगठन के महासचिव पेटेरी टालस ने निराशा व्यक्त करते हुए कहा है कि कई दशकों से वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं, हजारों पन्नों की ढेरों रिपोर्ट प्रकाशित हो चुकी हैं तथा जलवायु पर दर्जनों सम्मेलन हो चुके हैं, फिर भी हम अभी भी गलत दिशा में बढ़ रहे हैं। इस माह के अंत में दुबई में संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक सम्मेलन आयोजित हो रहा है। एक पखवाड़े के इस सम्मेलन में अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के अलावा इस पर भी चर्चा होनी है कि 2050 तक जीवाश्म ईंधनों- कोयला, तेल, गैस आदि- का इस्तेमाल पूरी तरह बंद करने के लिए क्या उपाय किये जाने चाहिए। ऐसे प्रमुख ऊर्जा स्रोतों की जगह स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग पर बल दिया जा रहा है, लेकिन जो देश सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन करते हैं, उनकी कटौती अपेक्षित नहीं है। हमारे वातावरण में वैश्विक स्तर पर कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा औद्योगिक काल से पूर्व के औसत से 50 फीसदी अधिक है। मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड की मात्रा भी तेजी से बढ़ी है। ये ग्रीनहाउस गैसें धरती के तापमान को वातावरण से बाहर जाने में बाधा बनती हैं, जिससे गर्मी बढ़ती जाती है। पेरिस जलवायु सम्मेलन में यह तय किया गया था कि धरती के तापमान में वृद्धि को इस सदी के अंत तक औद्योगिक दौर से पहले के तापमान से दो डिग्री सेल्सियस से कम रखा जायेगा।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# सैम ऑल्टमैन के ओपनएआई सीईओ के रूप में वापसी का रास्ता बंद : रिपोर्ट

**सैन फ्रांसिस्को।**

सैम ऑल्टमैन ओपनएआई में कथित तौर पर फिर से वापसी नहीं करेंगे। अब पूर्व ट्विच सीईओ एम्मेट शीयर को चैटजीपीटी डेवलपर में अंतरिम सीईओ के रूप में नियुक्त किए जाने की संभावना है। सूचना के अनुसार, कंपनी के अधिकारियों द्वारा उन्हें वापस लाने के कड़े प्रयासों के बावजूद, ऑल्टमैन ओपनएआई के सीईओ का पदभार नहीं सभालेंगे। ओपनएआई के सह-संस्थापक और बोर्ड निदेशक इल्या सुतस्केवर ने कहा कि अमेजन के स्वामित्व वाली वीडियो स्ट्रीमिंग साइट ट्विच के सह-संस्थापक शीयर अंतरिम सीईओ के रूप में पदभार संभालेंगे। रविवार देर रात रिपोर्ट में कहा गया है कि यह फैसला बोर्ड द्वारा ऑल्टमैन को अचानक बाहर करने और अध्यक्ष ग्रेग ब्रॉकमैन को बोर्ड से हटाने के चलते उत्पन्न संकट को और बढ़ा सकता है। आंतरिक रूप से फैसले की घोषणा के तुरंत बाद कर्मचारी सैन फ्रांसिस्को में ओपनएआई मुख्यालय से निकल गए।ऐसा माना जा रहा है कि शीयर की नियुक्ति से ऑल्टमैन की वापसी का रास्ता बंद हो गया है। वीकेंड में ऑल्टमैन की वापसी के बारे में बोर्ड गहन चर्चा कर रहा था। ऑल्टमैन ओपनएआई के कार्यालय में लौटे और कहा कि यह पहली और आखिरी बार होगा, जब उन्होंने गेस्ट बैज पहना होगा। इसका मतलब साफ था कि वह या तो सीईओ के रूप में लौटेंगे या कभी वापस नहीं लौटेंगे। ओपनएआई के सीईओ के रूप में ऑल्टमैन की वापसी पर सस्पेंस सोमवार को भी जारी रहा क्योंकि ओपनएआई लीडर्स और निवेशकों ने ऑल्टमैन को कंपनी में बहाल करने की मांग की। उन्हें 17 नवंबर को अनौपचारिक रूप से बर्खास्त कर दिया था। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्या नडेला कथित तौर पर ऑल्टमैन, पूर्व ओपनएआई अध्यक्ष ग्रेग ब्रॉकमैन और वर्तमान बोर्ड सदस्यों के बीच चर्चा में मध्यस्थता कर रहे हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, अगर कोई समझौता नहीं हुआ, तो चीजें अलग रास्ता अपनाएंगी।



# आगरा-लखनऊ, पूर्वांचल, बुंदेलखंड, गोरखपुर लिंक एवं गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे लगेंगे उद्योग

**लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने औद्योगिक केंद्रों के लिए स्थलों को चिन्हित कर लिया है। योजना के अनुसार यूपीडा प्रदेश में पांच एक्सप्रेसवेज के किनारे औद्योगिक केंद्रों की स्थापना करेगा। इनमें आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे एवं गंगा एक्सप्रेसवे शामिल हैं। इस पर योगी सरकार अनुमानित सात हजार करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च करेगी। प्रदेश के कुल 12 जनपदों को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेसवे पर 11 स्थलों को औद्योगिक गलियारे के लिए चुना गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1522 हेक्टेयर है। इस पर करीब 2300 करोड़ के अनुमानित व्यय का अनुमान है।इसी तरह, 7 जनपदों को जोड़ने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे 6 स्थलों को चिन्हित किया गया है। इसका प्रस्तावित क्षेत्रफल 1884 हेक्टेयर है, जिस पर 1500 करोड़ से ज्यादा व्यय का अनुमान है। इसी तरह, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से जुड़े 10 जनपदों में 5 स्थलों का चयन किया गया है। इसका कुल क्षेत्रफल 532 हेक्टेयर है, जिसके विकास पर करीब 650 करोड़ का व्यय अनुमानित है। वहीं, 9 जनपदों को जोड़ने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर औद्योगिक गलियारे के लिए 5 स्थानों को चिन्हित किया गया है, जिसका प्रस्तावित क्षेत्रफल 1,586 हेक्टेयर है और अनुमानित व्यय 2300 करोड़ होने की संभावना है। पांचवां और अंतिम एक्सप्रेसवे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे है। इसके 4 जनपदों में 2 स्थानों को औद्योगिक केंद्रों के लिए चुना गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 345 हेक्टेयर होगा और अनुमानित व्यय 320 करोड़ होने की संभावना है। कुल मिलाकर इन पांचों एक्सप्रेसवेज पर 30 स्थलों को चिन्हित किया गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 5,800 हेक्टेयर से ज्यादा है। यूपीडा की ओर से चिन्हित सभी 30 स्थलों से जुड़े 108 ग्रामों को प्रदेश सरकार की ओर से अधिसूचित किया जा चुका है। वहीं, भूमि क्रय के लिए संबंधित 6 जिलाधिकारियों को 200 करोड़ रुपए भी जारी किए जा चुके हैं।

# नवंबर में अब तक क्रिप्टो में 173 मिलियन डॉलर का नुकसान : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।**

नवंबर महीने में अब तक क्रिप्टोकरेंसी में 173 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है, जिसमें दो घटनाओं से 91 फीसदी नुकसान हुआ है। ब्लॉकचेन और स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट सुरक्षा कंपनी सर्टिक के अनुसार, नवंबर ने पहले ही 2023 में चौथा सबसे बड़ा मासिक घाटा दर्ज किया है। यह उछाल क्रिप्टोक्यूरेंसी एक्सचेंज पोलोनीक्स की हालिया हैक से प्रेरित था। साइबर अपराधियों द्वारा पोलोनिक्स के हॉट वॉलेट खत्म कर दिए जाने के बाद हैकरों ने पोलोनिक्स से 114 मिलियन डॉलर से अधिक की चोरी कर ली है।

अरखाम डेटा से पता चला है कि एक एथेरियम वॉलेट, जिसे अब पोलोनिक्स हैकर के रूप में टैग किया गया है, ने 357 लेनदेन में पोलोनिक्स से कुल 114 मिलियन डॉलर मूल्य के टोकन भेजे। सर्टिक अलर्ट ने एक्स पर पोस्ट किया, नवंबर में घाटा अब तक 173 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जिसमें दो घटनाएं 91 फीसदी नुकसान का हिस्सा हैं। इसमें कहा गया है, नवंबर में पहले से ही इस साल किसी भी महीने का चौथा सबसे अधिक घाटा है। सुरक्षा फर्म ने यह भी बताया कि फिशिंग स्कीम के चलते लगभग 27 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। इस बीच, क्रॉस-चेन क्राइम के जरिए क्रिप्टोकरेंसी में 7 बिलियन डॉलर से ज्यादा की अवैध रूप से हेराफेरी की गई है, जिसमें उत्तर कोरिया के लाजर समूह को जुलाई 2022 और इस साल जुलाई के बीच लगभग 900 मिलियन डॉलर की चोरी से जोड़ा गया है। ब्लॉकचेन एनालिटिक्स फर्म एलिप्टिक के अनुसार, विकेंद्रीकृत एक्सचेंज (डीईएक्स), क्रॉस-चेन ब्रिज और सिक्का स्वैप सर्विसेज ने 7 बिलियन डॉलर के अवैध फंड को प्रोसेस्ड किया है।

# एडटेक यूनिकॉर्न फिजिक्सवाला ने 100 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की

**नई दिल्ली।**

एडटेक कंपनी फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने कथित तौर पर 100 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है, जो लागत-पुनर्गठन प्रक्रिया के बीच कंपनी में पहली छंटनी है।एंट्रैकर की रिपोर्ट के मुताबिक, फिजिक्सवाला ने पुष्टि की कि लगभग 70 से 120 कर्मचारियों को हटा दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, सामग्री, संचालन और अन्य विभागों के कर्मचारियों को हटा दिया गया।कंपनी के कार्यकारी ने कहा, हम विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए अगले छह महीनों में अतिरिक्त 1,000 कर्मचारियों को नियुक्त करने की योजना भी बना रहे हैं।

फिजिक्सवाला पिछले साल वेस्टब्रिज कैपिटल और जीएसवी वेंचर्स से 10 करोड़ डॉलर के राउंड के साथ यूनिकॉर्न बन गया। वित्त वर्ष 2012 में परिचालन से कंपनी का राजस्व 9.5 गुना बढ़कर 233 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2011 में 24.6 करोड़ रुपये था। 2016 में प्रसिद्ध यूट्यूब स्टेम शिक्षक अलख पांडे द्वारा स्थापित और बाद में तकनीकी कार्यकारी प्रतीक माहेश्वरी द्वारा शामिल किया गया, फिजिक्सवाला जेईई, एनईईटी और अन्य इंजीनियरिंग प्रवेश और राज्य बोर्ड परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पाठ्यक्रम और अध्ययन सामग्री प्रदान करता है।पीडब्लू के 61 यूट्यूब चैनलों पर 3.1 करोड़ से अधिक ग्राहक हैं। इसके अलावा, इसके मोबाइल ऐप को 1 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया गया है और गूगल प्ले स्टोर पर इसकी रेटिंग 4.5 है।

# जेजीयू के कुलपति सी. राज कुमार को डॉ. प्रीतम सिंह ट्रांसफॉर्मेशनल लीडर अवार्ड-2023 मिला

**नोएडा।**

ओपी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के संस्थापक कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) सी. राज कुमार को डॉ. प्रीतम सिंह ट्रांसफॉर्मेशनल लीडर अवार्ड- 2023 से सम्मानित किया गया है। यह भारतीय उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट नेतृत्व योगदान के लिए सेवारत कुलपति-निदेशक को दिया जाता है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) सी. राज कुमार को उनके उल्लेखनीय नेतृत्व और उच्च शिक्षा में विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया।उन्हें गेम चेंजर वाइस चांसलर और अनुकरणीय उच्च शिक्षा नेता के रूप में उद्धृत किया गया था।कुमार संस्थान निर्माण के प्रति समर्पित हैं, जिसका उदाहरण ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में उनका असाधारण नेतृत्व है। कानून, सामाजिक विज्ञान और मानविकी के क्षेत्र में भारत को वैश्विक शैक्षणिक मानचित्र पर स्थापित करना राष्ट्र के लिए एक असाधारण योगदान है। कुमार ने प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने पर कहा, शिक्षा भविष्य के नेतृत्व को फिर से परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है। भारतीय शिक्षा के लिए एक नई कल्पना होनी चाहिए, जो अतीत से प्रेरणा ले, लेकिन भविष्य की ओर भी ध्यान दे। यदि भारतीय विश्वविद्यालय वैश्विक उत्कृष्टता हासिल करने और उच्च रैंकिंग हासिल करने के प्रति गंभीर हैं, तो उच्च शिक्षा में नीति निर्माण, विनियमन और शासन के हर स्तर पर परिवर्तनकारी बदलाव की जरूरत है।उन्होंने यह पुरस्कार प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित जूरी को धन्यवाद दिया और कहा, भारत, अपनी विविध आबादी और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध देश, पिछले कुछ वर्षों में कई क्षेत्रों में काफी आगे बढ़ा है।

ऐसे भविष्य की कल्पना करना महत्वपूर्ण है, जिसमें भारत शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करेगा, विशेष रूप से कानून, मानविकी और सामाजिक विज्ञान में बिजनेस स्कूलों और कॉलेजों के क्षेत्र में, क्योंकि भारत की स्वतंत्रता की शताब्दी करीब आ रही है।प्रासंगिक रूप से, भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली ने यूरोप में पहले विश्वविद्यालय के उद्भव से बहुत पहले ही प्राचीन दुनिया में विस्मय और सम्मान अर्जित किया था और दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ छात्रों और शिक्षाविदों को आकर्षित किया था। इसलिए, हमें अपने भविष्य पर सकारात्मक रूप से विचार करने के लिए अपने अतीत के कार्यों से वर्तमान में सीखना चाहिए। डॉ. प्रीतम सिंह लीडरशिप अवार्ड और प्रिज्म-2023 समापन समारोह बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) के परिसर में आयोजित किया गया था।



## सोने की वायदा कीमतों में तेजी, चांदी के वायदा भाव में गिरावट

**नई दिल्ली** । सोने की वायदा कीमतों की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। लेकिन बाद में चांदी के भाव में भी सुधार दिखाई दिया। सोने के वायदा भाव 60,700 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। चांदी के वायदा भाव 73,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा कीमतों की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। सोने के वायदा भाव की सोमवार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट सोमवार को 6 रुपये की तेजी के साथ 60,719 रुपये के भाव पर खुला। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सोमवार को सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट सोमवार को 143 रुपये की गिरावट के साथ 72,997 रुपये के भाव पर खुला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी की वायदा कीमतों की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। कॉमैक्स पर सोना 1980.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 1984.70 डॉलर था। कॉमैक्स पर चांदी के वायदा भाव 23.78 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 23.85 डॉलर था।

## ओपनएआई से बर्खास्त हुए सैम आल्टमैन ने किया माइक्रोसॉफ्ट जॉइन, सत्या नडेला का पोस्ट वायरल

**सैन फ्रांसिस्को।** माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला ने सोमवार को घोषणा की कि कंपनी अपने एडवांस एआई रिसर्च को आगे बढ़ाने के लिए ओपनएआई के पूर्व सीईओ सैम अल्टमैन और सह-संस्थापक ग्रेग ब्रॉकमैन को काम पर रख रही है। ऑल्टमैन, जिन्हें पिछले हफ्ते ओपनएआई ने सीईओ के पद से बर्खास्त किया था, कंपनी में वापसी को लेकर चर्चा में थे, लेकिन चैटजीपीटी डेवलपर ने पूर्व ट्विच सीईओ एम्मेट शीयर को अंतरिम सीईओ के रूप में नियुक्त किया। एक्स पर एक पोस्ट में नडेला ने कहा, हम इस खबर को शेयर करते हुए उत्साहित हैं कि सैम ऑल्टमैन और ग्रेग ब्रॉकमैन अपने साथियों के साथ एक नई एडवांस एआई रिसर्च टीम का नेतृत्व करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट में शामिल होंगे। उन्होंने कहा, हम उनकी सफलता के लिए जरूरी संसाधन प्रदान करने के लिए तेजी से आगे बढ़ने के लिए तत्पर हैं। नडेला ने कहा, हम एम्मेट शियर और ओपनएआई की नई नेतृत्व टीम को जानने और उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने ओपनएआई में 10 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। इस साल जनवरी में, इसने एआई सफलताओं में तेजी लाने के लिए मल्टी ईयर, अरबों डॉलर के निवेश के जरिए ओपनएआई के साथ लॉन्ग टर्म पार्टनशिप के तीसरे फेज की घोषणा की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन लाभों को व्यापक रूप से दुनिया के साथ साझा किया जाए।

## सरकार को ट्रांसफर हो सकता है सहारा का फंड

**मुंबई** । सरकार सहारा-सेबी रिफंड अकाउंट के अनक्लेम्ड फंड को कंसोलिडेटेड फंड ऑफ इंडिया में ट्रांसफर करने पर विचार कर रही है। इसमें बाद में दावा करने वाले निवेशकों को रिफंड का प्रावधान होगा। सहारा ग्रुफ के फाउंडर सुब्रत रॉय के निधन के बाद ये जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, रिफंड अकाउंट स्थापित होने के बाद से पिछले 11 वर्षों में मुश्किल से ही कोई दावेदार सामने आया है। ऐसे में फंड का इस्तेमाल पब्लिक वेलफेयर के लिए भी किया जा सकता है। वहीं बीते दिनों सहारा की 4 को-ऑपरेटिव सोसाइटीज के निवेशकों का पैसा लोटाने के लिए सहारा रिफंड पोर्टल भी लॉन्च किया गया था। शुरुआत 5 हजार करोड़ रुपए से की गई थी।

**24,400 करोड़ रुलौटाने के आदेश**

सुब्रत रॉय पर उनकी दो कंपनियों में नियमों के खिलाफ लोगों से पैसे निवेश करवाने का आरोप लगा था। इसके लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। दो साल तक तिहाड़ जेल में रहे और 2016 से वो पैरोल पर जेल से बाहर थे। 28 फरवरी 2014 को सुप्रीम कोर्ट ने सुब्रत रॉय को 24,400 करोड़ रुपए निवेशकों को लौटाने को कहा था। तब से लेकर आज तक यह केस चल रहा है। ये केस सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन लिमिटेड और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड से जुड़ा है।

## सैम ऑल्टमैन के माइक्रोसॉफ्ट ज्वाइन करने पर एलन मस्क ने कसा तंज, कहा- 'अब उन्हें टीम्स का यूज करना होगा!'



**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्या नडेला ने ओपनएआई के पूर्व सीईओ सैम ऑल्टमैन और सह-संस्थापक ग्रेग ब्रॉकमैन की नियुक्ति की घोषणा की। इस पर अरबपति एलन मस्क ने मजाकिया अंदाज में प्रतिक्रिया दी। मस्क ने सोमवार को ऑल्टमैन और ब्रॉकमैन की नियुक्ति की घोषणा करने वाली नडेला के एक्स पोस्ट का जवाब देते हुए कहा, 'अब उन्हें टीम्स का उपयोग करना होगा!' दरअलस, मस्क माइक्रोसॉफ्ट टीम्स का जिक्र कर रहे थे, जो माइक्रोसॉफ्ट द्वारा डेवलप बिजनेस कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म है। बता दें कि ग्रेग ब्रॉकमैन ने अपने पोस्ट में बताया था कि उन्हें और सैम को गूगल मीट की वीडियो कॉल पर निकाल दिया गया। इस पोस्ट पर एलन मस्क की ओर से प्रतिक्रिया आयी कि ओपनएआई की पार्टनरशिप तो माइक्रोसॉफ्ट के साथ है। उनका कहने का मतलब था कि वह माइक्रोसॉफ्ट के टीम्स का उपयोग करने के बजाय गूगल मीट का क्यों इस्तेमाल कर रहे थे? अब अपने लेटेस्ट रिएक्शन में एलन मस्क ने तंज कसते हुए कहा कि कि अब जब यहां से निकाले जाएंगे तो उन्हें टीम्स के जरिए वीडियो कॉल की जाएगी।इस बीच, ओपनएआई बोर्ड ने पूर्व ट्विच सीईओ एम्मेट शीयर को अंतरिम सीईओ नियुक्त किया है। ओपनएआई के सह-संस्थापक और बोर्ड निदेशक इल्या सुतस्केवर ने कहा कि शीयर अंतरिम सीईओ का पद संभालेंगे।

# कारोबारी सप्ताह के पहले लाल निशाने पर बंद हुआ बाजार

**मुंबई ।**

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार लाल निशान के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 139.58 अंक की गिरावट के साथ 65,655.15 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 37.80 अंकों की गिरावट के साथ 19,694.00 पर बंद हुआ। निफ्टी मिड कैप 100, बीएसई स्मॉल कैप और निफ्टी आईटी में मामूली तेजी दर्ज की गई। भारतीय शेयर बाजार की सोमवार को सपाट शुरुआत हुई। ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेतों के कारण प्रमुख इंडेक्स ओपेनिंग से ही लाल निशान में दिखे। बीएसई का 30 शेयरों सूचकांक 0.21 फीसदी की गिरावट के साथ क्लोज हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी में 0.19 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारती एयरटेल, विप्रो, एचसीएल तकनीक, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और मारुति लाभ पाने वालों में से थे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने




वाले शेयरों में बजाज फाइनैंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स और जेएसडब्ल्यू स्टील शामिल हैं। वहीं एशियाई बाजारों में, सियोल, शंघाई और हांगकांग हरे निशान में बंद हुए, जबकि टोक्यो निचले स्तर पर बंद हुआ।

यूरोपीय बाजार का मिला-जुला रुख रहा। बता दें कि शुक्रवार को अमेरिकी बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। ग्लोबल ऑयल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.74 प्रतिशत चढ़कर 81.21 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

एक्सचेंज डेटा के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 477.76 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची।

# कुछ महीनों तक काफी धीमी हो सकती है ऐप-आधारित ऋण सेवा

**नई दिल्ली।**

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की एक रिपोर्ट के अनुसार ऐप-आधारित ऋण सेवा में नए प्लेयर्स के आने से इसमें अब कम से कम कुछ महीनों के लिए बहुत धीमी वृद्धि देखी जा सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से पता चलता है कि व्यक्तिगत ऋण और क्रेडिट कार्ड खंड ने पिछले दो वर्षों में 22 प्रतिशत की सीएजीआर दर्ज की है। आरबीआई यह जांचने के लिए ऋणदाताओं पर बारीकी से नजर रखता है कि क्या किसी विशेष खंड में वृद्धि अधिक हो रही है। सावधानी के तौर पर, यदि आरबीआई को चिंता महसूस होती है तो वह ऋणदाताओं को विकास को धीमा करने के लिए सूचित करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ध्यान देने योग्य बात यह है कि आरबीआई ने आवास ऋण और वाहन वित्त में उच्च वृद्धि के बारे में चेतावनी नहीं दी है क्योंकि इन ऋणों के लिए आनुषंगिक (कोलैटरल) बेहतर प्रतीत होता है, जबकि उपभोक्ता ऋण के लिए आनुषंगिक (कोलैटरल) कमजोर होता है।आगे कहा गया, परिणामस्वरूप उपभोक्ता क्षेत्रों में चूक से ऋणदाताओं की लाभप्रदता में बाधा आ सकती है। इस कदम का उद्देश्य पूरे क्षेत्र में हाल ही में देखी गई तेजी से वृद्धि को रोकना है। इस कार्रवाई से एनबीएफसी और डिजिटल फिनटेक ऋणदाता काफी प्रभावित होंगे क्योंकि उनके




पास विविधीकृत बैलेंस शीट नहीं है। एनबीएफसी ग्राहकों पर लागत का बोझ डालने में सक्षम नहीं हो सकती हैं, जिससे निकट अवधि में मार्जिन पर कुछ दबाव पड़ सकता है।आरबीआई ने मजबूत डेटा विश्लेषण और अनुमान प्रस्तुत किए हैं, जबकि डिफॉल्ट पर कोई ठोस डेटा नहीं है।

## जीएम की सहायक कंपनी क्रूज के सह-संस्थापक और सीईओ काइल वोग्ट ने दिया इस्तीफा

सैन फ्रांसिस्को- कैलिफोर्निया के मोटर वाहन विभाग (डीएमवी) द्वारा क्रूज की तैनाती और चालक रहित परीक्षण परमिट को सस्पेंड करने के एक महीने से भी कम समय में जीएम की सेल्फ-ड्राइविंग कार सहायक कंपनी क्रूज के सह-संस्थापक और सीईओ काइल वोग्ट ने इस्तीफा दे दिया है। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, जीएम अध्यक्ष और सीईओ मैरी बर्रा ने घोषणा की कि क्रूज में इंजीनियरिंग के कार्यकारी उपाध्यक्ष मो एलशेनावी, क्रूज के अध्यक्ष और सीटीओ के रूप में काम करेंगे। हालांकि, नए क्रूज सीईओ की घोषणा होना अभी बाकी थी।वोग्ट ने कर्मचारियों को किए एक ईमेल में कहा, क्रूज अभी शुरू ही हुआ है, और मेरा मानना है कि इसका भविष्य बहुत ही शानदार होगा। आप सभी प्रतिभाशाली, प्रेरित और मेहनती हैं। मुझे दुख है कि मैं अब आपके साथ मिलकर काम नहीं करूंगा। उन्होंने आगे कहा, मैं जानता हूं कि आप एक बहुत ही मजबूत, मल्टी-ईयर टेक्नोलॉजी रोडमैप और एक्साइटिंग प्रोडक्ट विजन पर अमल कर रहे हैं और मैं यह देखकर रोमांचित हूं कि क्रूज ने अपने अगले चैप्टर में क्या स्टोर किया है।उन्होंने एक्स पर भी पोस्ट किया, जहां तक मेरी बात है कि मैं अपने परिवार के साथ समय बिताने और कुछ नए विचार तलाशने की योजना बना रहा हूं। शानदार यात्रा के लिए धन्यवाद! बर्रा ने कहा कि क्रूज बोर्ड सीईओ पद से इस्तीफा देने के उनके फैसले को समझता है और उसका सम्मान करता है।



# शिशु को नहलाना भी एक कला है

**नन्हा शिशु बहुत कोमल होता है। जरा-सी लापरवाही उसके लिए नुक्सानदेह हो सकती है। इस कला में निपुण होने के लिए निम्न बातों पर ध्यान देना जरूरी है।**

- बच्चे को नहलाते समय आपकी यही कोशिश होनी चाहिए कि वह पानी से डरने की बजाय स्नान में आनंद व प्रसन्नता का अनुभव करे। बच्चे को टब में बिठा कर नहलाएं। पानी से कलोल करने में उन्हें आनंद आता है, जिसे वे अपनी किलकारियों से प्रकट करते हैं। उसके इस आनंद में आप भी शामिल हों और अपना व अपने बच्चे का आनंद बढ़ाएं।
- शिशु को नहलाना शुरू करने के पहले सभी आवश्यक सामान अपने पास पहले ही रख लें ताकि आपको बीच में उठना न पड़े।
- बच्चे को नहलाने से तभी निश्चित करें, जब आपके पास पर्याप्त समय हो। हड़बड़ी में नहलाने से बच्चा पानी से भय खा सकता है।
- नहलाने से पहले बच्चे के शरीर की तेल से मालिश करें। मालिश करते समय सावधानी बरतें कि हाथ कोमलता से चलें और बच्चों के नाजुक अंगों को कोई झटका न लगे।
- मालिश के कुछ समय बाद ही नहलाना ठीक रहता है। सर्दी में बच्चों को धूप-स्नान देने के बाद ही नहलाना चाहिए। मालिश के बाद नहलाने से बच्चे की त्वचा स्वस्थ होती है। बच्चे की मांसपेशियों को व्यायाम व विश्राम मिलता है और बच्चा तनाव-थकान मुक्त होकर आराम की नींद सोता है।
- नहलाते समय आपके हाथ एकदम साफ हों, नाखून कटे हुए हों। यदि आपके हाथ में चुभने वाली चूड़ी, घड़ी या अंगूठी है तो उसे उतार दें।
- शिशु को न तो दूध पिलाने के एकदम बाद नहलाएं और न ही जब वह बहुत भूखा हो या किसी कारणवश रो रहा हो। स्नान के बाद उसे भली-भांति पोंछ कर मौसम के अनुकूल वस्त्र पहना कर दूध की खुराक दें ताकि पेट भर जाने के बाद ताजगी व प्रफुल्लता से शांति व आराम से देर तक सोता रहे।
- इस प्रकार आपकी थोड़ी-सी सावधानी व सूझ-बूझ बच्चों को स्वस्थ व प्रसन्नचित रखने में सहायक होगी और आप भी अपने साफ-सुथरे लाडले को आराम से सोता, खेलता देख कर खुश रहेंगी।

# नौकरी पर परिवार को वरीयता देती महिलाएँ



**पूरे देश में एक लाख गृहणियों पर किए गए अध्ययन में यह बात सामने आई है कि ज्यादातर महिलाएं घर की जिम्मेदारी बखूबी संभालने के लिए अपनी जॉब छोड़ रही हैं। यह सर्वे साठ साल तक की महिलाओं पर किया गया था।**

डॉक्टर की डिग्री लेकर जॉब कर रही 34 साल की निशा की जिंदगी तब आसान नहीं रह गई जब उनका पहला बच्चा हुआ। उनके इंजीनियर पति और उनके पढ़े लिखे परिवार ने निशा को नौकरी छोड़कर होममेकर बनने की सलाह दी। बच्चे व परिवार की देखभाल के लिए उसे यह कदम उठाना सही लगा। आजकल ज्यादातर महिलाएं अपने परिवार और बच्चे की देखभाल के लिए अपनी जॉब छोड़ रही हैं। निशा की सैलरी 40 हजार रुपए होते हुए भी उसे यही लगा कि उसे यह फैसला करना पड़ेगा। क्योंकि उसे अपने आस-पास कोई मदद करने वाला नहीं दिखा। ज्यादातर घरों में महिलाएं तभी जॉब कर पाती हैं जब उनके परिवार में उनके बच्चे को संभालने वाला कोई होता है। चाहे वह सास हों या मां या फिर जेठानी-देवरानी। नेशनल सैंपल सर्वे आर्गनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार जहां 2009-10 में भारत में जहां 47 फीसद महिलाएं होममेकर थीं, वहीं 1999-2000 में इसमें करीब पांच से छह प्रतिशत का इजाफा हुआ है। अब ज्यादातर भारतीय महिलाएं अपने परिवार की देखभाल के लिए अपना कॅरियर और जॉब को छोड़ रही हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह है- एकल परिवार। एकल परिवार में महिलाओं को घर-परिवार और नौकरी की दोहरी जिम्मेदारी अकेले ही उठानी पड़ती है। परिवार की जिम्मेदारी बखूबी निभाने में वे चौतरफा दबाव में रहती हैं। कहीं यह मजबूरी में है तो कहीं खुशी से। एक सर्वे के मुताबिक करीब 15 से 17 फीसद महिलाएं सामाजिक व पारिवारिक दबाव में होममेकर रहती हैं। वहीं लगभग सात से दस फीसद महिलाएं घरेलू काम इस वजह से करती हैं कि वे मेड का खर्च नहीं उठा सकतीं। अभी पिछले दिनों जापान से खबर आई है कि वहां भी महिलाएं नौकरी छोड़ कर होममेकर बनना चाहती हैं। यह एक बड़ा बदलाव है। शायद ग्लोबल भी।

पूरे देश में एक लाख गृहणियों पर किए गए अध्ययन में यह बात सामने आई है कि ज्यादातर महिलाएं घर की जिम्मेदारी बखूबी संभालने के लिए अपनी जॉब छोड़ रही हैं। यह सर्वे साठ साल तक की महिलाओं पर किया गया था। हालांकि होममेकर के काम को आजकल कोई महत्व नहीं दिया जाता। देश की छोड़िए घर की इकोनामी प्रॉफिट में भी कभी उनके काम को शामिल नहीं किया जाता। मगर देखा जाए तो आज महिलाओं की जब कोई मदद करने वाला नहीं होता, तो उनके पास कोई विकल्प नहीं बचता।

पिछले दिनों गृहणियों को पति की सैलरी का कुछ हिस्सा उनकी मेहनत के लिए दिए जाने की बात चली पर समय के साथ ठंडी पड़ गई। वैसे भी जिस घर और पति पर एक होममेकर का पूरा अधिकार है तो फिर मेहनताना किस बात का? और अपने इसी घर-परिवार को संभालने के लिए आज ज्यादातर महिलाएं होममेकर की भूमिका निभाना चाहती हैं। घर परिवार की जिम्मेदारी के साथ-साथ महिलाएं अब घर पर रहकर ही छोटे-छोटे काम कर अपनी पॉकेट मनी निकाल लेती हैं। ऐसे में परिवार के साथ-साथ उन्हें इस बात का भी मलाल नहीं रह जाता कि वह जॉब नहीं कर रहीं या उनकी शिक्षा बेकार जा रही है। आजकल की आधुनिक युवा महिलाएं शानदार पेंटिंग बना रही हैं तो घर पर फैशन डिजाइनिंग का काम भी कर रही हैं। कुछ महिलाएं टिफिन से लेकर पापड़-बड़िया तक का कारोबार कर रही हैं। यों काम कोई छोटा-बड़ा नहीं। सबसे अहम यह है कि परिवार पर आप ध्यान दे रही हैं और आप खाली भी नहीं हैं। कुछ न कुछ तो कर ही रही हैं।

# पॉजीटिव एनर्जी भी जरूरी

किसी भी घर में सुख-शांति बनाए रखने के लिए वास्तु बहुत उपयोगी होता है। वास्तु यह सुनिश्चित करता है कि घर में पॉजीटिव एनर्जी प्रवेश करे और सारी नैगेटिव वेव्स भाग जाएं। जब बात दीवाली की आती है तो वास्तु का महत्व और ज्यादा बढ़ जाता है।

## चीजों का स्थान बदल दें

वास्तु के अनुसार घर में रखी कुछ चीजों को इधर से उधर जरूर रखना चाहिए। यदि आप सोफे पर रखा कुशन भी एक सोफे से दूसरे सोफे पर रख दें तो भी आपका काम हो जाएगा। शो-पीस, फ्लावर पॉट या फिर सोफा इत्यादि को एक-दूसरे के स्थान पर बदल कर रख सकती हैं।

## नमक के पानी का छिड़काव

यूं तो पोंछा लगाने वाले पानी में नमक डालने से नैगेटिव एनर्जी दूर होती है परंतु आप दीवाली की सफाई के दौरान पानी में नमक मिला कर इसे घर के हर कोने में छिड़कते हैं तो भी यह घर की नैगेटिव एनर्जी को सोख लेता है।



## दीवाली हो मीठी-सी

इस दिन आपके घर में चीनी की बिल्कुल भी कमी नहीं होनी चाहिए। यह एक रस्म है जो सुनिश्चित करती है कि आप का पूरा साल मीठा बीते। घर आए मेहमानों का मुंह मिठाई, केक, बिस्कुट या चॉकलेट से अवश्य मीठा कराएं। इससे रिश्तों में भी मिठास बनी रहती है।

## मुख्य प्रवेश द्वार

आपके घर का मुख्य प्रवेश द्वार बेहतरीन अवसरों को आप तक पहुंचाने में मदद करता है। इसलिए मेन गेट के सामने कोई अवरोध नहीं होना चाहिए तथा मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए दरवाजे के सामने खूबसूरत रंगोली अवश्य बनानी चाहिए।

## धन के लिए उत्तर जाइए

घर में उत्तर दिशा को कुबेर का स्थान कहा जाता है। सुनिश्चित करें कि माता लक्ष्मी की मूर्ति यहीं रखी जाए और गणेश जी की मूर्ति उनके दाहिने ओर हो। इसके अलावा मूर्तियों को लाल रंग के वस्त्र पहनाएं तथा उनका पूरा श्रृंगार करें।

## बहता हुआ पानी

बहता पानी घर की सारी नैगेटिव एनर्जी को अपने साथ बहा कर ले जाता है। आप भी इन दिनों अपने घर के नॉर्थ-ईस्ट साइड में कोई छोटा-सा झरना लगा सकती हैं।

# फैशन ट्रेंड्स फॉर वॉल्स से स्टाईलिश बनाएं सपनों का घर



आपके घर को सुंदर और स्टाईलिश बनाने के लिए विश्व की सबसे बड़ी पेंट एवं कोटिंग कंपनी एक्जोनोबल के ब्रांड ड्यूलक्स ने एक ब्रांड कैंपेन के माध्यम से अपने नये ड्यूलक्स वेल्वेट टच कलेक्शन- 'फैशन ट्रेंड्स फॉर वॉल्स' प्रस्तुत किया है। ड्यूलक्स वेल्वेट टच-फैशन ट्रेंड्स फॉर वॉल्स फैशन से प्रेरित हाई-एंड इमल्शन (सजावटी पेंट) की पेशकश है जो आपके घर के वातावरण को फिर से ताजा करके इसे सुंदर, स्टाइलिश एवं 'सिंपली यू' बनाएगा। इस बारे जानकारी देते हुए निदेशक-विक्रय एवं विपणन सजावटी पेंट्स, एक्जोनोबल इंडिया राजीव राजगोपाल ने बताया, ''पिछले तीन दशकों से, ड्यूलक्स वेल्वेट टच भारत का अग्रणी इमल्शन ब्रांड बनकर उभरा है और होम डेकोर के क्षेत्र में इसने अलग जगह बनायी है। 'फैशन ट्रेंड्स फॉर वॉल्स' ब्रांड पोजिशनिंग से कहीं बढकर है। ड्यूलक्स वेल्वेट टच के ब्रांड एम्बेसडर व अभिनेता, निर्देशक, गायक फरहान अख्तर और प्रमुख फैशन डिजाइनर मनीष मलहोत्रा के मुताबिक, ''उनके लिए फैशन कार और कपड़ों से कहीं ज्यादा है। यह उस घर के विषय में भी हो सकता है, जिसमें हम रहते हैं और ड्यूलक्स पिछले कई वर्षों से अपनी वेल्वेट टच श्रृंखला के साथ घरों और उसमें रहने वाले लोगों को उनकी रचनात्मकता प्रस्तुत करने और स्टाइलिश बनने का माध्यम उपलब्ध करा रहा है। यह प्रमुख कारणों में से एक है कि उन्होंने ड्यूलक्स वेल्वेट टच का चयन किया ।

# ऐसे बनता है सुंदर और सौम्य व्यक्तित्व

**महिलाएं अपने सौंदर्य को लेकर बहुत सतर्क रहती हैं। लेकिन सौंदर्य सिर्फ त्वचा की देखभाल तक ही सीमित नहीं है। आचरण, आदतें और व्यवहार भी सुंदर और सौम्य व्यक्तित्व के लिए जरूरी हैं। कुछ आदतें जो किसी महिला की छवि गलत बनाती हैं वह इस प्रकार हैं-**



- सभ्य, सुसंस्कृत, फैशनेबल दिखने वाली स्त्री जिसका मुख खुलते ही बाह्य आवरण उड़ जाए यानी उसका गलत उच्चारण हो, गंदे और मैले दांत हों।
- खाते-पीते समय मुख की आकृति बेकाबू रहती हो।
- हंसने-मुस्कुराने के अंदाज का अभाव हो।
- बन-बनकर इठलाती-इतराती बोलती हो।
- व्यवहार में शिष्टाचार का अभाव हो। मौके-बेमौके सार्वजनिक स्थलों पर भी व्यवहार व बातचीत के तौर-तरीकों का अभाव हो।
- चपर-चपर कर खाती हो।
- शारीरिक अंग-प्रत्यंगों का संतुलन खोकर उच्छृंखल कदमों की बेताल चाल चलने वाली हो।
- वस्त्रों का सुरुचिपूर्ण चुनाव तथा पहनने-ओढ़ने की कला का अभाव हो।
- मौसम, आयु व अवसर के प्रतिकूल पहनावा हो।
- चेहरे पर उम्र की मार को नकारते हुए बालों को डाई किया हुआ हो।
- खूबसूरत साड़ी में बेजोड़ ब्लाउज को छिपाने का व्यर्थ प्रयास किया गया हो।
- किसी पार्टी में सबसे आगे भीड़ में घुसकर खाना ले रही हों।
- हाथ नचाकर या ताली पीटकर या किसी के कंधे या हाथ पर मारकर बातें कर रही हो।
- बातों में छिछोरे शब्दों का प्रयोग या गाली-गलौज से बातें करने वाली हो।
- ब्लाउज में हुक के स्थान पर पिन का प्रयोग या कंधे पर ढीले ब्लाउज से झांकता ब्रा का स्ट्रैप हो।
- मोटी थुलथुल कमर पर ऊंचा सा ब्लाउज तथा नाभिदर्शना साड़ी पहने हो।
- मोटी-मोटी बांहों पर स्लीवलेस ब्लाउज पहनकर सबके सामने बांहें उठाकर बैठी हो।
- कुर्सी पर एक टांग दूसरी पर रखकर ऐसे बैठी हो कि खुली टांगें भद्दी दिखें।
- जल्दी-जल्दी में लिपिस्टिक पोतने के प्रयासों में दांतों पर दाग लग गया हो।
- सांवले रंग पर बेमेल चटख रंगों के कपड़ों का चुनाव किया गया हो।
- ढलती उम्र में बहुत पतली नुची-खुची भवें रखी गई हों या झुर्रीदार आंखों पर मेकअप या प्रौढ़ावस्था में हैवी मेकअप हो।
- लम्बे नाखून मगर शेप रहित व गंदे मैल भरे हों।
- पुरुषों के बीच बैठकर बेवजह आकर्षण का केन्द्र बनने की कोशिश हो।
- शॉपिंग के समय दुकानदार से बेवजह बहस कर रही हो।
- फैशन की अंधी दौड़ में बहकर चेहरे के शेप के प्रतिकूल सज्जा की हो।

## कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत : मप्र चुनाव में पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

भोपाल। पुलिस ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान एक कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत की घटना के संबंध में छतरपुर से कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ हत्या के प्रयास के आरोप में मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। राज्य में विधानसभा चुनाव के दौरान शुक्रवार को छतरपुर जिले के राजनगर निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के दौरान सलमान खान नाम के कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत हो गई थी। पुलिस के मुताबिक, खान को एक वाहन ने कुचल दिया था। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया था कि खान की मौत दुर्घटना में नहीं हुई, बल्कि यह एक हत्या है। घटना के बाद खजुराहो पुलिस ने 17 नवंबर को राजनगर के भाजपा उम्मीदवार अरविंद पटेरिया और पार्टी के 20 अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), 307 (हत्या का प्रयास) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया। भाजपा ने पुलिस पर कांग्रेस के प्रभाव में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया था। अधिकारी ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीरव चतुर्वेदी की शिकायत के बाद पुलिस ने रविवार रात कांग्रेस उम्मीदवार विक्रम सिंह नाती राजा और आठ अन्य के साथ-साथ कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ भादंसं की धारा 307 (हत्या का प्रयास), 341 (गलत तरीके से रोकना), 147 (दंगा), 149 (गैरकानूनी रूप से जमा होना), 294 (अश्लील कृत्य), 506 (आपराधिक धमकी) और 427 (नुकसान पहुंचाना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की। प्राथमिकी के मुताबिक, विक्रम सिंह और उनके समर्थकों ने पटेरिया पर लाठियों से हमला किया और उन पर गोली भी चलाई, लेकिन निशाना चूक गया। पुलिस अधीक्षक अमित संघ ने कहा कि घटना के संबंध में दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले की वैज्ञानिक जांच की जाएगी और तथ्यों के आधार पर आगे कदम उठाये जाएंगे।

## टीम इंडिया की हार से फंस इतने नाराज हुए कि दुकान से टीवी उठाकर ही तोड़ दिए

झांसी। 19 नवंबर का दिन भारतीय क्रिकेट टीम और फैन्स के लिए बेहद निराशाजनक रहा। जैसे ही मैच खत्म हुआ, भारतीयों का दिल ही टूट गया। इसी दौरान यूपी के झांसी में तो कुछ युवकों ने गुस्से में दुकान से टीवी उठाए और उन्हें बाहर लाकर पटक दिया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। उनका कहना है कि भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने हमारा दिल तोड़ा है। उनके कारण ही वर्ल्ड कप हारे हैं। बता दें कि मैच हारने के बाद इस तरह टीवी तोड़ने की खबरें अक्सर पाकिस्तान से देखने और सुनने को मिलती थीं। लेकिन इस बार भारत से भी ऐसी ही खबर सामने आई है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे कुछ युवक एक टीवी की दुकान पर खड़े होकर मैच देख रहे हैं। जैसे ही ऑस्ट्रेलिया ने मैच जीता दो युवकों ने दुकान में रखे टीवी उठाए और बाहर जाकर उन्हें पटक दिया। इस दौरान दुकानदार बार-बार उन्हें कहता भी रहा कि ऐसा मत करो। लेकिन दोनों ने किसी की न सुनी। मैच देखने वाले लड़के गुस्से में कहने लगे कि भारतीय टीम की वजह से हम मैच हारे हैं। इस मैच में कंगारू टीम कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। इसके बाद पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम डगमगाती नजर आई। मैच के दौरान रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम 240 रन ही बना सकी। इस बीच केएल राहुल ने 107 गेंदों पर 66 और विराट कोहली ने 63 गेंदों पर 54 रनों की धीमी पारी खेली, लेकिन टीम को संभाला। कप्तान रोहित शर्मा ने 31 गेंदों पर 47 रन बनाए थे। जबकि, सूर्यकुमार यादव 28 गेंदों पर 18 रन ही बना सके। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए मिचेल स्टार्क ने 3 विकेट लिए। जबकि पैट कमिंस और जोश हेजलवुड ने 2-2 सफलता हासिल की। वहीं 241 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 4 विकेट गंवाकर मैच और खिताब अपने नाम कर लिया। मैच में ट्रेविस हेड ने 137 रनों की मैच विनिंग शतकीय पारी खेली।

## वायु गुणवत्ता में सुधार, लेकिन सावधानी की जरूरत : गोपाल राय

नई दिल्ली। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने हवा की गुणवत्ता में सुधार के बाद दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) - 4 के तहत प्रतिबंध हटाए जाने के एक दिन बाद, रविवार को लोगों से चरण 1, 2 और चरणों के नियमों का पालन जारी रखने का आग्रह किया। बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए जीआरएपी के 3 अभी भी लागू हैं। गोपाल राय ने कहा, हालांकि हवा की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है, लेकिन इस सुधार को बनाए रखने के लिए लोगों को अभी भी जागरूक होने की जरूरत है। सोमवार को एक्यूआई 290 तक पहुंचने के मद्देनजर उन्होंने दिल्ली और उत्तर भारत के लोगों से अनुरोध ?किया ?कि हालांकि प्रदूषण में सुधार हुआ है, लेकिन हमें सावधान रहने की जरूरत है। दिवाली से पहले, वायु गुणवत्ता सूचकांक 215 तक पहुंच गया था, लेकिन इसके बाद हुई लापरवाही के कारण दिवाली के बाद वायु गुणवत्ता सूचकांक में वृद्धि हुई। दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार के साथ, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शनिवार को जीआरएपी 4 के तहत लगाए गए प्रतिबंधों को रद्द कर दिया, जिसमें बीएस-3 और बीएस-4 पेट्रोल और डीजल वाहनों को छोड़कर ट्रकों और बसों को प्रवेश की अनुमति दी गई। गोपाल राय ने इस बात पर जोर दिया कि जीआरएपी 1, जीआरएपी 2 और जीआरएपी 3 के तीनों चरण अभी भी दिल्ली में लागू होने बाकी हैं। उन्होंने कहा कि एक बार प्रदूषण के स्तर में और सुधार होने पर इन प्रतिबंधों को वापस लेने पर भी विचार किया जाएगा। वाहनों से संबंधित प्रतिबंधों के बारे में बोलते हुए, गोपाल राय ने कहा, ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध हटा दिया गया है लेकिन बीएस 3 पेट्रोल वाहनों और बीएस 4 डीजल वाहनों पर प्रतिबंध अभी भी लागू है। इसलिए प्रतिबंध केवल ट्रकों पर हटाया गया है या वे वाहन जो बीएस 4 से ऊपर हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राज मार्ग, सड़क, फ्लाईओवर, फुट-ओवर ब्रिज और अन्य समान परियोजनाओं सहित रैखिक परियोजनाएं जिन्हें जीआरएपी 4 के तहत रोक दिया गया था, उन्हें अब अपना काम फिर से शुरू करने की अनुमति दी गई है।

## देश में फिर होगा मंहगा तलाक...गौतम सिंघानिया पत्नी को देंगे 8745 करोड़ रुपये

मुंबई। देश के अरबपति उद्योगपति गौतम सिंघानिया की पत्नी नवाज मोदी सिंघानिया ने फैमिली सेटलमेंट के तहत अपनी दो बेटियों निहारिका और निसा और खुद के लिए उनकी कथित तौर पर 1.4 बिलियन की कुल संपत्ति का 75 प्रतिशत मांगा है। यानी 11,660 करोड़ की संपत्ति में से उनकी पत्नी ने 8745 करोड़ रुपये मांगे हैं। मामले से जुड़े हुए एक व्यक्ति ने यह जानकारी दी। माना जा रहा है कि सिंघानिया इस डिमांड से काफी हद तक सहमत हो गए हैं, लेकिन उन्होंने एक फैमिली ट्रस्ट स्थापित करने और परिवार की संपत्ति को उसमें ट्रांसफर करने का सुझाव दिया है, जहां वह एकमात्र प्रबंध ट्रस्टी हो। मामले से जुड़े लोगों ने कहा कि सिंघानिया की मृत्यु पर, उनके परिवार के सदस्यों को उनके बाद संपत्ति की वसीयत करने की अनुमति दी जाएगी। लेकिन, माना जा रहा है कि यह शर्त पत्नी को मंजूर नहीं है। रेमंड ग्रुप में पहले से ही कई ट्रस्ट बने हुए हैं। इनमें जे.के. ट्रस्ट और सुनीति देवी सिंघानिया हॉस्पिटल ट्रस्ट शामिल हैं, इनके पास रेमंड लिमिटेड में 1.04 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वहीं, गौतम इन ट्रस्ट के चेयरमैन और मैनेजिंग ट्रस्टी हैं, जबकि नवाज मोदी सिंघानिया भी इसमें एक ट्रस्टी हैं। खेतान एंड पार्टनर के एच. खेतान को इस मामले में गौतम सिंघानिया का लीगल एडवाइजर बनाया गया है। वहीं, मुंबई की रश्मि कांत, नवाज मोदी सिंघानिया की वकील बन सकती हैं। लीगल जानकार का कहना है कि सिंघानिया का फैमिली ट्रस्ट बनाकर अकेले चेयरमैन और ट्रस्टी बने रहना मुश्किल हो सकता है। सिंघानिया ने इस मामले पर कोई जवाब नहीं दिया। बता दें कि रेमंड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर गौतम सिंघानिया ने 13 नवंबर को बयान जारी कर अपनी पत्नी नवाज मोदी सिंघानिया से अलग होने का ऐलान किया था।

## सूर्यदेव को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व

नई दिल्ली। उगते हुए सूर्य को सोमवार को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हुआ। इस दौरान 36 घंटे का निर्जला व्रत रख महिलाओं ने छठ मैया से परिवार एवं संतान की सुख समृद्धि की कामना की। लाखों की संख्या में व्रती महिलाओं ने जगह-जगह घाटों पर अपनी आस्था की उपस्थिति दर्ज करवाई। यह पर्व बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड राज्य में बड़े धूम-धाम के साथ मनाया गया। सोमवार को छठ पर्व का चौथा और आखिरी दिन था। छठ पूजा का व्रत घर की महिलाएं रखती हैं। यह व्रत छठी मैया और सूर्य भगवान को समर्पित होता है। मान्यता है कि छठी मैया निसंतान दांपतियों को संतान का वर्दान देती हैं और घर की सुख-समृद्धी का भी आशीर्वाद देती है। इस वजह से महिलाएं छठ पर्व का व्रत रखती है। जिससे उनकी संतान को दीर्घायु की प्राप्ति हो और जिनकी संतान नहीं हैं, उन विवाहित दंपतियों को संतान का सुख मिले।

# मराठा आंदोलन बनाम ओबीसी आंदोलन: छगन भुजबल का बयान महाराष्ट्र में पैदा करेगा नई हलचल




**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मंत्री और वरिष्ठ ओबीसी नेता छगन भुजबल द्वारा मराठों को चुनौती देने और ओबीसी वर्ग से आने वाले लोगों को उसी लहजे में जवाब देने के लिए कहने के कुछ दिनों बाद ओबीसी नेताओं की एकता में दरारें दिखाई देने लगीं। भले ही कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर समुदायों के भीतर जानबूझकर तनाव पैदा करने और राज्य की शांति को भंग करने का आरोप लगाया है, पार्टी के दो ओबीसी नेताओं ने भुजबल के बयानों की निंदा की। विपक्ष के नेता और कांग्रेस के विजय वडेट्टीवार ने टिप्पणियों से खुद को अलग कर लिया और कहा कि वह उग्रवाद का समर्थन नहीं करते हैं।

वडेट्टीवार ने कहा कि किसी भी समुदाय को चरमपंथी पक्ष नहीं लेना चाहिए। अगर इस (भुजबल के बयान) बयान को गंभीरता से लिया गया और ग्रामीण स्तर पर समुदाय एक-दूसरे के खिलाफ भिड़ गए, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष महाराष्ट्र को कभी भी समुदायों के भीतर इस तरह की दुश्मनी का सामना नहीं करना पड़ा। विदर्भ के एक अन्य पिछड़ा वर्ग के नेता, वडेट्टीवार ने पिछले सप्ताह जालना जिले के अंबाद में सार्वजनिक रैली में भाग लिया था, जहां भुजबल ने मराठा समुदाय की कुनबी (ओबीसी) प्रमाणपत्र प्राप्त करने की मांग का विरोध करते हुए राज्य भर के ओबीसी संगठनों की सभा में बात की थी।

वडेट्टीवार ने तब इस कदम का विरोध किया था और कहा था कि इस मुद्दे को हल करने का एकमात्र तरीका जाति जनगणना है। रैली के दौरान भुजबल ने कहा था, 'मुझे संदेश मिल रहे हैं कि हमारे बैनर फाड़े जा रहे हैं. क्या आपके हाथ बंधे हुए हैं? हमें उसी सिक्के से जवाब देना होगा. नेताओं के प्रवेश पर प्रतिबंध के बैनर लगे हैं? उन्हें कौन डालता है? क्या अब वे जमीन के मालिक हैं? मैं पुलिस प्रशासन को चेतावनी देना चाहता हूं कि उन बैनरों को तुरंत हटाया जाए. क्या शासन का कोई अस्तित्व है? क्या कानून का कोई शासन है?

## चंद्रबाबू नायडू को स्किल डेवलपमेंट केस में बड़ी राहत, हाई कोर्ट से नियमित जमानत मिली

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने सोमवार को कौशल विकास निगम मामले में विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को नियमित जमानत दे दी। 31 अक्टूबर को, उच्च न्यायालय ने नायडू को चिकित्सा आधार पर चार सप्ताह की अंतरिम जमानत दी, जो अब हैदराबाद में इलाज की मांग कर रहे हैं।



73 वर्षीय नायडू को 20014 से 2019 तक तेलुगु देशम पार्टी के शासन के दौरान एपी कौशल विकास निगम में एक घोटाले में कथित संलिप्तता के लिए 9 सितंबर को आंध्र प्रदेश सीआईडी ने गिरफ्तार किया था। सीआईडी ने आरोप लगाया कि नायडू इस मामले में प्राथमिक आरोपी हैं, जिसमें कथित तौर पर 371 करोड़ रुपये की सरकारी धनराशि को मुखौटा कंपनियों को हस्तांतरित करना शामिल है। इस मामले में एफआईआर 9 दिसंबर, 2021 को दर्ज की गई थी। नायडू को उस समय हिरासत में लिया गया था जब वह नंद्याल दौरे पर थे और फिर पूछताछ के लिए विजयवाड़ा ले जाया गया था। उसके बाद उन्हें विजयवाड़ा में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया और राजामहेंद्रवरम सेंट्रल जेल में बंद कर दिया। नायडू को अंतरिम जमानत देते समय अदालत ने जो शर्तें लगाईं, उनमें कोई भी राजनीतिक गतिविधि नहीं करना या राजनीतिक भाषण नहीं देना शामिल है, जो 28 नवंबर तक लागू रहेंगी। 29 नवंबर से वह राजनीतिक गतिविधियों में भाग ले सकते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल रवि की खिंचाई की, लंबित बिल पर तीन साल से क्या कर रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि की खिंचाई की। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के बिलों को मंजूरी देने में देरी के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई शुरू की। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि 'ये बिल 2020 से लंबित हैं, वह तीन साल से क्या कर रहे थे?' सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी तब सामने आई है, जब राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्य विधानसभा में उन दस विधेयकों पर विचार करने के लिए एक विशेष प्रस्ताव पेश किया था, जो पहले सदन द्वारा पारित किए गए थे लेकिन राज्यपाल रवि द्वारा लौटा दिए गए थे।

राज्यपाल रवि ने कहा कि, इन बिलों को पारित किया जाएगा और फिर से राज्यपाल रवि को भेजा जाएगा। सत्र के दौरान स्टालिन ने राज्यपाल पर बिल लौटाकर विधानसभा और राज्य के लोगों का 'अपमान' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल रवि ने बिना कोई कारण बताए बिल वापस



कर दिए हैं। कानून, कृषि और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न विभागों को कवर करने वाले विधेयकों को विधानसभा ने फिर से मंजूर कर दिया। इससे पहले 10 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने विधेयकों को मंजूरी देने में राज्यपाल रवि द्वारा की गई देरी को 'गंभीर चिंता का विषय' बताया था।

सुप्रीम कोर्ट ने राजभवन पर 12 कानूनों को दबाकर रखने का आरोप लगाने वाली राज्य सरकार की याचिका पर केंद्र सरकार से भी जवाब मांगा। सुप्रीम कोर्ट ने मुद्दे को सुलझाने के लिए अटॉर्नी जनरल या सॉलिसिटर जनरल की सहायता मांगी। केरल में राज्यपाल के साथ इसी तरह के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार केरल सरकार की एक याचिका पर भी सुनवाई की। इसमें राज्य के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पर विधानसभा द्वारा पारित कई विधेयकों को मंजूरी नहीं देने का आरोप लगाया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस बारे में केंद्र और केरल के राज्यपाल के ऑफिस से जवाब मांगा।

इस मामले की अगली सुनवाई 24 नवंबर को होगी। केरल सरकार की ओर से पेश वेणुगोपाल ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि राज्यपाल ने कुछ अहम विधेयकों पर अब तक फैसला नहीं किया है। राज्यपाल ने अब तक तीन विधेयकों पर हस्ताक्षर किए हैं, जबकि 7 से 23 महीने पहले विधानसभा द्वारा पास किए 8 विधेयक अभी भी लंबित हैं।

# मुख्तार, अतीक के बाद बाहुबली नेता दिवंगत तिवारी के परिवार पर योगी की डेढ़ी नजर

### - ईडी ने परिवार की 72 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में योगी की सरकार बनने के बाद से ही बाहुबलियों और माफियाओं के बुरे दिन शुरू हो चुके हैं। पहले अमरमणि त्रिपाठी, मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद और विजय मिश्रा के साम्राज्य को ध्वस्त करने के बाद सरकार की नजरें पूर्वांचल के सबसे बड़े बाहुबली नेता दिवंगत हरिशंकर तिवारी की ओर पड़ चुकी हैं। इसकी शुरूआत तिवारी के परिवार से संबंधित करोड़ों की संपत्तियों को जब्त करने के साथ हुई है। ईडी ने बाहुबली नेता के बेटे विनय शंकर तिवारी पर शिकंजा कसते हुए उनके परिवार की 72 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की है। उनकी ये संपत्तियां लखनऊ, गोरखपुर और महराजगंज जिले में स्थित हैं। इस कार्रवाई को तिवारी परिवार पर गहरी चोट माना जा रहा है।

बाहुबली रहे हरिशंकर के बेटे विनय शंकर तिवारी गोरखपुर के चिल्लूपार विधानसभा सीट से विधायक रहे हैं। यूपी की राजनीति में उनके परिवार का लंबे समय तक दखल रहा है। एक वक्त था जब पूर्वांचल क्या पूरे देश में हरिशंकर की तूती बोलती थी। उनके बाहुबल और होशियारी की वजह से अपराध से लेकर राजनीति तक कोई कभी उन्हें शिकस्त नहीं दे सका। वीरेंद्र शाही से लेकर श्रीप्रकाश शुक्ला तक एक से बढ़कर एक माफिया और बाहुबली पैदा हुए, लेकिन उनके आगे कोई टिक नहीं पाया। यहां तक कि उनके परिवार के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद सीबीआई और ईडी भी उनके जीवित रहते कार्रवाई नहीं कर सकी। लेकिन निधन के बाद केंद्रीय एजेंसी ने पहली बार जोरदार झटका दिया है। पूर्व विधायक विनय शंकर और उनके परिवार के लोग गंगोत्री इंटरप्राइजेज लिमिटेड नामक कंपनी में डायरेक्टर, प्रमोटर और गारंटर की भूमिका में हैं। इस कंपनी पर कई बैंकों के करीब 1200 करोड़ रुपए हड़पने का आरोप है। बताया जा रहा है कि इस कंपनी के जरिए बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले सात बैंकों के कंसोर्टियम से 1129.44 करोड़ रुपए की क्रेडिट सुविधाओं का लाभ लिया गया था। लेकिन पैसे लौटाए नहीं गए, जिसकी वजह से इन बैंकों को 754.24 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था।

## बीआरएस के खिलाफ मौन क्रांति चल रही, भाजपा सत्ता में आएगी : रेड्डी

हैदराबाद। तेलंगाना राज्य भाजपा प्रमुख जी किशन रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना में सत्तारूढ़ बीआरएस के खिलाफ एक मौन क्रांति चल रही है और लोगों को विश्वास हो रहा है, कि मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की सरकार हारेगी और आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा सत्ता में आएगी। रेड्डी ने कहा कि कुछ गलत सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रसारित होने के बावजूद, भाजपा उम्मीदवारों को क्षेत्र में अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और लोग पार्टी के घोषणापत्र को सकारात्मक रूप से प्राप्त कर रहे हैं। यह आरोप लगाकर कि पूर्व एआईसीसी प्रमुख राहुल गांधी के निर्देशों के आधार पर कर्नाटक में कांग्रेस सरकार लोगों पर तेलंगाना चुनाव कर लगा रही है, रेड्डी ने कहा कि राशि यहां भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि कई विधानसभा क्षेत्रों में बीजेपी सबसे आगे है। यह बीआरएस पार्टी के खिलाफ एक मूक क्रांति की तरह है। लोग बीजेपी के अभियान पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। लोग स्वेच्छा से बीआरएस प्रचार वाहनों को अपने गांवों में जाने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता बीआरएस सरकार से खुश नहीं हैं, क्योंकि उन्हें दलित और बीसी बंधु जैसी योजनाएं नहीं मिल रही हैं और उनकी पंचायतें राज्य सरकार से फंड नहीं मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि तेलंगाना में 18 से 35 साल की उम्र के 60 से 70 फीसदी लोग पूरी तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में हैं।

## 4 ट्रिलियन डॉलर की भारत की जीडीपी की खबर पूरी तरफ फर्जी : रमेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद और पार्टी के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 4 ट्रिलियन डॉलर की कमाई की। बीजेपी के कई नेताओं ने एक्स पर स्क्रीनशॉट साझा कर दावा किया कि भारत की जीडीपी 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गई है। हालाँकि, यह दावा फर्जी साबित हुआ और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सहित कई मंत्रियों और अन्य को अपना ट्वीट हटाना पड़ा।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि जब पूरा देश विश्व कप 2023 का भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया फाइनल मैच देख रहा था। राजस्थान और तेलंगाना के वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री सहित मोदी सरकार के विभिन्न ढोल बजाने वाले, जैसे साथ ही पीएम के सबसे पसंदीदा बिजनेसमैन ने ट्वीट किया कि कल ही भारत की जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गई है।

भाजपा के केंद्रीय मंत्री गजेंद्र



शेखावत, तेलंगाना से जी किशन रेड्डी, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और व्यवसायी गौतम अडानी उन प्रमुख लोगों में से थे। रविवार को भारत के 4 ट्रिलियन जीडीपी के आंकड़े को पार करने के बारे में ट्वीट किया था। स्क्रीनशॉट झूठा साबित हुआ और मंत्रियों और बिजनेसमैन को अपने ट्वीट हटाने पड़े या डिलीट करने पड़े। यह पूरी तरह से फर्जी खबर थी, जिसका उद्देश्य अधिक उत्साह पैदा करना और चाटुकारिता और हेडलाइन प्रबंधन दोनों का एक दयनीय प्रयास था।

## सरकार ने देश के साथ किया धोखा, अनुच्छेद 370 को लेकर भड़के उमर अब्दुल्ला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कुलगाम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें कहा गया था कि कश्मीर में अगर बंदूकें हैं, तो अनुच्छेद 370 के कारण हैं। अगर कश्मीर में अलग सोच रखने वाले लोग हैं, तो सिर्फ धारा 370 के कारण हैं। अगर धारा 370 हटी तो बंदूकों से राहत मिलेगी और सब कुछ ठीक हो जाएगा। अभी एक हफ्ता भर भी नहीं हुआ है जब इस इलाके में मुठभेड़ हुई थी। 5 लोग मारे गए थे। सरकार ने कहा कि वे आतंकवादी थे। उनमें से 4 ने 2020 में और 5 ने 2021 में हथियार उठाए यह 2019 के बाद था।



उमर अब्दुल्ला ने कहा कि कहने को तो आपने कहा कि 2019 के बाद वहां कोई बंदूक उठाने वाला नहीं होगा। सब संतुष्ट होंगे, सब खुश होंगे। अगर ये बात सही है तो ये 5 क्यों मर गए हैं। इन्होंने बंदूक उठाई थी। कहीं न कहीं इसमें आपकी नाकाबलियत है। कहीं न कहीं इसमें आपका धोखा है। अबदुल्ला ने कहा कि न केवल आपने जम्मू कश्मीर के लोगों को धोखा दिया आपने पूरे मुल्क के लोगों को धोखा दिया। मुल्क के लोगों को कहा गया था कि कश्मीर में बस अब अमन होगा। चैन होगी और यहां कोई मुश्किल ही नहीं होगा। हालात बिल्कुल सुधर जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

जम्मू-कश्मीर में 17 नवंबर को सुरक्षा बलों के साथ दो मुठभेड़ों में छह आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कश्मीर घाटी के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ रातभर चली मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के पांच आतंकवादी मारे गये। कुलगाम जिले में 18 घंटे तक चली मुठभेड़ खत्म होने के बाद कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों के शव बरामद किए जा चुके हैं और इलाके में छानबीन की जा रही है।

## भूकंप के झटकों से कांपे महाराष्ट्र सहित तीन राज्य

मुंबई। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा स्थित हिंगोली जिले में सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। सोमवार की सुबह 5 बजकर 9 मिनट पर आये इस भूकंप का केंद्र हिंगोली जिले में धरती की सतह के 5 किलोमीटर नीचे रहा। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई है। भूकंप से अभी तक किसी भी तरह के जान माल के नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। लेकिन इसके झटके तेलंगाना और कर्नाटक तक महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से 255 किलोमीटर और नागपुर से 265 किलोमीटर दूर पूर्वी महाराष्ट्र के हिंगोली जिला में बताया जा रहा है। इससे पहले 19 नवंबर की शाम शाम 6 बजकर 36 मिनट पर अरब सागर में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.5 मापी गई थी।

# सुरंग में फंसे मजदूरों की जिंदगी बचाने युद्ध स्तर पर चल रहा बचाव कार्य

### -केंद्रीय मंत्री गडकरी और सीएम धामी ने किया निरीक्षण

**उत्तरकाशी (एजेंसी)।** उत्तरकाशी के सिलक्यारा में सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों की जिंदगी बचाने के लिए युद्ध स्तर पर बचाव एवं राहत कार्य किया जा रहा है। चार एजेंसियां अलग-अलग विकल्पों पर कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय बचाव और राहत अभियान पर नजर बनाए हुए है। यह जानकारी ध्वस्त हुई सुरंग का निरीक्षण करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री नितिन ने पत्रकारों को दी।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा सुरंग में चल रहे राहत एवं बचाव कार्य का निरीक्षण करने सिलक्यारा पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ उत्तराखंड के मुख्य सचिव एस एस संधू भी थे। पत्रकारों से चर्चा कर रहे केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा, कि सुरंग में फंसी जिंदगियों को बचाने में हम सफल होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी चिंता जाहिर की है। राज्य सरकार इस मामले में हमारी पूरी मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय सरकार की अनेक एजेंसियां इस कार्य में मदद कर रही हैं। निजी एजेंसियां भी इस कार्य में शामिल की गई हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिकी विशेषज्ञ भी बचाव और राहत कार्य के लिए संपर्क बनाए हुए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारी प्राथमिकता सुरंग में फंसे लोगों की जिंदगी बचाना है।

गौरतलब है कि उत्तरकाशी के सिलक्यारा में एक निर्माणाधीन सुरंग के अंदरुनी हिस्से के ध्वस्त हो जाने के कारण सुरंग में 41 श्रमिक अंदर ही फंस गए हैं। मजदूरों को बचाने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। रविवार को रेस्क्यू ऑपरेशन का 8वां दिन था और इस बीच केंद्रीय मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री धामी भी घटना स्थल का जायजा लेने से लेकर राहत व बचाव कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि पहाड़ी के ऊपर से एक वर्टिकल होल बनाने ड्रिलिंग की जा रही है। सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बचाने के लिए चार मोर्चों पर कार्य किया जा रहा है। प्रथम मोर्चे की जिम्मेदारी एसजेवीएनएल यानी सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड है, जो कि सुरंग के ऊपर 120 मीटर की 1 मीटर वर्टिकल सुरंग के लिए खुदाई करने का कार्य कर रहा है। द्वितीय मोर्चे पर नवयुग इंजीनियरिंग है जिस पर करीब 60 मीटर लंबाई की सुरंग खोदने की जिम्मेदारी है। तृतीय मोर्चे पर टीएचडीसी है जो कि विपरीत दिशा से लगभग 400 मीटर सुरंग की खुदाई करने का कार्य कर रही है। इसी प्रकार चौथे मोर्चे पर ओएनजीसी जो कि नीचे से हॉरिजोंटल ढंग से संभवत-सुरंग खोदने का कार्य करेंगे।



गौरतलब है कि बचाव कार्य में एनएचआईडीसीएल यानी राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड, ओएनजीसी अर्थात तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम, एसजेवीएनएल यानी सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड, टीएचडीसी और आरवीएनएल अहम जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इनके अतिरिक्त बीआरओ और भारतीय सेना की निर्माण शाखा भी बचाव एवं राहत अभियान में सहभागिता निभा रही है।

## अली खामेनेई की अपील, सभी मुस्लिम-बहुल जायोनी राज्य के साथ राजनीतिक संबंध तोड़े

तेलअवीव । इजराइल और हमास के बीच युद्ध के 40 दिन पूरे होने पर, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने सभी मुस्लिम-बहुल देशों से एक अपील जारी की, जिसमें उन्हें जायोनी राज्य के साथ राजनीतिक संबंध तोड़ने के लिए कहा गया। खामेनेई ने तेहरान में एक सैन्य प्रदर्शनी में भाग लेने के दौरान कहा कि इस्लामी सरकारों को कम से कम सीमित समय के लिए इजराइल से राजनीतिक संबंध खत्म कर देने चाहिए। खामेनेई ने उन इस्लामिक देशों की आलोचना की जो गाजा में उसकी सेनाओं द्वारा की गई कथित ज्यादतियों के लिए इजरायल की निंदा करने में विफल रहे हैं। खामेनेई के हवाले से कहा कि कुछ इस्लामी सरकारों ने विधानसभाओं में इजरायली अपराधों की निंदा की है जबकि कुछ ने नहीं। शीर्ष ईरानी नेता ने दोहराया कि इस्लामी सरकारों को इजराइल को अपने माल और ऊर्जा से काट देना चाहिए। खामेनेई की टिप्पणी ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के इजराइल पर व्यापक प्रतिबंधों के प्रस्ताव को अधिकांश इस्लामी देशों के बीच अपील नहीं मिलने के कुछ दिनों बाद आई है। रायसी ने यह प्रस्ताव 10 नवंबर को रियाद में इस्लामिक सहयोग संगठन और अरब लीग के संयुक्त शिखर सम्मेलन के दौरान रखा था। सऊदी अरब को मुस्लिम दुनिया का वास्तविक नेता माना जाता है। अपने पड़ोसी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ उन देशों में शामिल था, जिन्होंने इस्लामिक-अरब शिखर सम्मेलन में लाए गए एक और प्रस्ताव को अवरुद्ध किया था, जिसमें सभी संबंधों को खत्म करने की मांग की गई थी।

## कार की चपेट में आने से 52 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत

ओहायो । अमेरिका के ओहायो राज्य में कार की चपेट में आने से 52 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि ब्रंसविक शहर के निवासी पीयूष पटेल जब एक सब स्टेशन मार्ग पर जा रहे थे तभी एक कार ने टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलने के बाद गश्ती अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। इस दुर्घटना में पटेल को काफी गंभीर चोटें आईं, इसकारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि जिस कार ने पटेल को टक्कर मारी उस कार को एक 25 वर्षीय युवक चला रहा था। बताया गया कि दुर्घटना की जांच की जा रही है और पुलिस ने अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया है।

## 70 फ़ीसदी युवा लैंडलाइन टेलीफोन उठाने से डरते हैं

टोक्यो। जापान के 20 से 30 साल के लगभग 70 फ़ीसदी युवा टेलीफोन फोबिया की बीमारी से पीड़ित है। एक सर्वे के दौरान यह जानकारी सामने आई। लैंडलाइन फोन की घंटी बजती है, और युवाओं को अज्ञात भय महसूस होने लगता है। लैंडलाइन मे फोन करने वाले का नाम नहीं आना भय का सबसे बड़ा कारण है। आईटी एवं मनोविज्ञान के विशेषज्ञों के अनुसार मोबाइल फोन का इस्तेमाल ज्यादा होता है। लैंडलाइन फोन से युवा दूर हो चुके हैं। जब भी लैंडलाइन फोन की घंटी बजती है। तब युवाओं को आशंका होती है कि कहीं वह गलत जवाब ना दे दे। मोबाइल पर जब फोन आता है, तो मोबाइल फोन करने वाले का नाम भी आता है। किस मकसद से फोन किया जा रहा है,फोन उठाने के पहले वह समझ जाता है। जापान में लैंडलाइन फोन एक बीमारी की तरह देखा जा रहा है। सर्वे में यह तथ्य उजागर हुआ है।

## अमेरिका में हिंदू भक्ति काल का दौर, 6 साल में रिकॉर्ड 500 मंदिर बने

वाशिंगटन । अमेरिका में पिछले 6 साल में लगभग 500 नए हिंदू मंदिर तैयार हुए हैं। अमेरिका के हर राज्य में लगभग एक दर्जन मंदिर हैं। अमेरिका के कई शहरों में भारतीय संस्कृति की पहचान देखने को मिलती है। जिस तरह से नए-नए मंदिर बनते जा रहे हैं। उसके बाद लगता है,कि अमेरिका में हिन्दू भक्ति काल का नया दौर शुरू हो गया है। अमेरिका में भारतवंशियों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। अमेरिका के कैलिफोर्निया में सबसे ज्यादा 120 मंदिर हैं। न्यूयॉर्क में फ्लोरिडा में 60 और जार्जिया में 30 मंदिर हैं। पिछले 6 वर्षों में अमेरिका में मंदिर का निर्माण करने में तेजी आई है। 2006 तक अमेरिका में कुल 58 मंदिर थे।

न्यूजर्सी में सबसे बड़ा मंदिर बना हुआ है। जो 183 एकड़ में फैला हुआ है। इसकी लागत 800 करोड रुपए आई है। इस मंदिर निर्माण के लिए भारत, ग्रीस, बुल्गारिया, इटली और तुर्की से निर्माण सामग्री मंगाकर इस मंदिर का निर्माण कराया गया है। मंदिर निर्माण के लिए भारतवंशी दिल खोलकर दान कर रहे हैं। रियल स्टेट के कारोबारी रक्षित शाह ने मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए 8 करोड रुपए का दान दिया है। इसी तरह मंदिर निर्माण के लिए दान देने वाले लोगों की संख्या बड़ी तेजी के साथ अमेरिका में बढ़ रही है। न्यूयॉर्क में गणेश मंदिर के कारण एक स्ट्रीट का नाम ही गणेश टेंपल स्ट्रीट रखा गया है। पहले इसका नाम ब्राउनी स्ट्रीट था।

## सड़कों के बीच की खुली जगह में केले की खेती

टोक्यो । जापान में एक व्यक्ति ने सड़क के बीच की खाली जगह पर पिछले 2 साल से केले की खेती करना शुरू कर दी है। सड़क पर लगे केले के पेड़ अब बड़े हो गए हैं। जिसके कारण वाहन चालकों को परेशानी भी हो रही है। अवैध रूप से के द्यले के पेड़ लगाने के आरोप में इस व्यक्ति को 1 साल की सजा भी हो सकती है। जापान के नियमों के अनुसार 2 ।80 लाख रुपए का जुर्माना भी लग सकता है। जापान के फुकुओका प्रीफेक्चर सेंट्रल वर्ज की जमीन पर पिछले 2 साल से केले की खेती कर रहा है। अभी तक इसके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। किसी ने इसकी शिकायत भी नहीं की। पर्यावरण और उत्पादन की दृष्टि से यह एक नया प्रयोग भी है।

## चीन के धुर विरोधी दक्षिणपंथी नेता माइली ने जीता अर्जेंटीना में राष्ट्रपति चुनाव

ब्यूनस आयर्स । अर्जेंटीना के दक्षिणपंथी नेता जेवियर माइली ने देश का राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। अर्जेंटीना की जनता ने तीन अंकों की मुद्रास्फीति, बढ़ती मंदी और बढ़ती गरीबी से जूझ रही अर्थव्यवस्था को ठीक करने के लिए कट्टरपंथी विचारों वाले एक बाहरी व्यक्ति पर पासा फेंका है। रिपोर्ट्स के मुताबिक माइली को लगभग 56 प्रतिशत, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी सर्जियो मस्सा को 44 प्रतिशत से कुछ अधिक वोट मिले हैं। बता दें कि अर्जेंटीना इनदिनों आर्थिक संकट से जूझ रहा है। जेवियर ने इस चुनाव में लोगों को आर्थिक समस्याओं से छुटकारा दिलाने के लिए कई वादे किए हैं, इसमें अर्जेंटीना के केंद्रीय बैंक को खत्म करके नई व्यवस्था लागू करना भी शामिल है। बता दें कि जेवियर माइली को चीन विरोधी समझा जाता है। वह चीन के अलावा ब्राजील की भी खूब आलोचना करते हैं। जेवियर ने कई बार दोहराया है कि वह किसी भी कम्युनिस्ट देश के साथ कोई सौदा नहीं करने वाले हैं। हालांकि उनके चुनाव जीतने के बाद ब्राजील के राष्ट्रपति लूला सिल्वा ने उन्हें बधाई दी है। इधर सर्जियो मस्सा ने अपनी हार स्वीकार कर ली है और जेवियर को देश का अगला राष्ट्रपति बनने के लिए बधाई दी है। माइली अपने अलग अंदाज के लिए भी काफी लोकप्रिय रहे हैं। उन्हें अक्सर रैलियों में एक आरी के साथ देखा जाता था। उनका अपने साथ आरी लाने को उनके कटौती के वादों के प्रतीक के तौर पर माना जाता था।

## घर में गोलीबारी से दो लोगों की मौत और तीन घायल

वाशिंगटन । अमेरिका के दक्षिण मध्य राज्य ओकलाहोमा में रविवार को सुबह एक घर में हुई गोलीबारी में दो लोगों की जान चली गई। मिली जानकारी के अनुसार यहां एक सभा के दौरान हुई बहस के बाद गोली चलने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। तुलसा पुलिस ने बताया कि देर रात करीब दो बजे अधिकारियों को इस घटना की सूचना मिली। हालांकि, पुलिस ने अभी यह जानकारी साझा नहीं की है कि कितने लोगों ने गोलीबारी की या किसी संदिग्ध की पहचान की गई है या नहीं। साथ ही, गिरफ्तारी को लेकर भी कुछ नहीं बताया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ितों में से एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य को गंभीर चोटों के कारण अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना के समय घर के पिछले कमरे में चार छोटे बच्चे भी मौजूद थे, लेकिन वे सभी सुरक्षित हैं।



लोग दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर में भोजन राहत की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## पीटीआई छोड़ आईपीपी मे पहुंचे अवान, सजायाफ्ता पूर्व पीएम इमरान को लगा झटका

लाहौर । तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी नेता अली नवाज अवान द्वारा पीटीआई छोड़कर इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी (आईपीपी) की सदस्यता ग्रहण करने से जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को एक और झटका लगा है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में अगले साल 8 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। आईपीपी ने एक बयान में पूर्व फेडरल मंत्री अली नवाज के पार्टी में शामिल होने को बड़ी सफलता बताया। इस बीच, एक अन्य पीटीआई नेता और पूर्व प्रांतीय मंत्री सरदार आसिफ नाकाई ने भी जहांगीर तरीन और अलीम खान के साथ मुलाकात करने के बाद इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी में शामिल होने की घोषणा की है। बता दें कि पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद पाकिस्तान चुनाव आयोग ने देश में आम चुनाव 8 फरवरी, 2024 को कराने की घोषणा की है। चुनावी घोषणा के बाद से ही पाकिस्तान में नेताओं का पार्टी बदलने का सिलसिला शरू हो गया है। वहीं, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो नवाज शरीफ ने हाल ही में बलूचिस्तान के क्वेटा का दौरा किया, जहां वह चुनाव से पहले 30 से अधिक नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करने के लिए मनाने में सफल रहे। बता दें कि अलीम खान और जहांगीर तरीन पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान के करीबी रहे हैं। दोनों नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के साथ मतभेद होने के बाद इसी साल 8 जून को इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी की स्थापना की है। पार्टी बनने के बाद से फैयाज उल हसन चौहान, फिरदौस आशिक अवान, मुराद रास और गुलाम सरवर खान सहित कई पीटीआई नेता आईपीपी में शामिल हो गए हैं।

# गाजा के सबसे बड़े अस्पताल अल शिफा के नीचे मिली 55 मीटर लंबी सुरंग

### -विदेशी बंधकों का वीडियो भी किया शेयर


**गाजा (एजेंसी)।** इजराइल ने गाजा पट्टी के सबसे बड़े अस्पताल अल-शिफा को अपने अड्डे के रूप में इस्तेमाल करने वाले हमास आतंकवादियों के अपने दावों को तेज करते हुए कहा है कि साइट पर एक बंदी सैनिक को मार डाला गया था और दो विदेशी बंधकों को रखा गया था। एक्स पर जारी एक वीडियो में इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दावा किया कि दो बंधकों एक नेपाली और एक थाई नागरिक को हमास द्वारा 7 अक्टूबर के हमले के दौरान इज़राइल से अपहरण कर लिया गया था और अल-शिफा अस्पताल ले जाया गया था। आईडीएफ ने एक्स पोस्ट में कहा कि बंधकों में से एक घायल है और उसे अस्पताल के बिस्तर पर ले जाया जा रहा है और दूसरा चल रहा है।



इज़राइल ने कहा कि निगरानी कैमरे के फुटेज से पता चला है कि हमास के आतंकवादियों ने अस्पताल को आतंकवादी बुनियादी ढांचे के रूप में इस्तेमाल किया। एक अन्य वीडियो में इज़राइल ने कहा कि उसकी सेना ने खुफिया-आधारित ऑपरेशन के दौरान अल-शिफा अस्पताल परिसर के 10 मीटर नीचे 55 मीटर लंबी सुरंग की खोज की। एक्स के पोस्ट में आईडीएफ ने कहा कि सुरंग की खोज उनके दावे के सबूत के रूप में काम करती है कि हमास गाजा निवासियों और अस्पताल के मरीजों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

हमास के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मिस्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में स्थानांतरित होने से पहले कम से कम 30 समय से पहले जन्मे बच्चों को निकालने के लिए रविवार को अल-शिफा अस्पताल में एक टीम भेजी। इस बीच, गंभीर घावों और अन्य जरूरी स्थितियों वाले 250 से अधिक मरीज कथित तौर पर अस्पताल परिसर में फंसे रहे। हमास ने अल-शिफा अस्पताल के नीचे सुरंग मिलने के इजराइल के बयान को खारिज करते हुए इसे शुद्ध झूठ बताया।

# हूती ने भारत आ रहे जहाज को किया हाइजैक





### -इजराइल ने कहा यह ईरान का आतंकी काम

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** येरूसलम,(ईएमएस)। इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है, इसी बीच खबर आई है कि हूती समूह ने भारत आ रहे एक जहाज को हाईजैक कर लिया है। हूती ने एक बयान जारी कर कहा है, कि उसने दक्षिणी लाल सागर में एक इजराइली जहाज को जब्त किया है।

हूती समूह के प्रवक्ता का कहना था कि जिस इजराइली जहाज को जब्त किया गया है, उसके चालक दल के साथ इस्लामी सिद्धांतों और मूल्यों के आधार पर व्यवहार किया जा रहा है। गौरतलब है कि हूती, तेहरान का सहयोगी है और हाल ही में गाजा पट्टी में लड़ रहे फलस्तीनी हमास के साथ एकजुटता दिखाते हुए उसने इजराइल पर हमले भी किए थे। इस बीच जबकि इजरायल-हमास युद्ध लगातार जारी है और इजराइली सेना ने गाजा में प्रवेश कर हमास का खात्मा करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रख रही है। इसी बीच, यमन के हूती समूह ने भारत आ रहे जहाज को इजराइल का बताकर दक्षिणी लाल सागर में हाइजैक कर लिया है। दूसरी तरफ इजराइल का कहना है कि हूती द्वारा हाईजैक किया गया जहाज उनका नहीं है। इजराइल का कहना है कि यह जहाज असल में एक मालवाहक जहाज है जो कि ब्रिटिश स्वामित्व वाला और जापान द्वारा संचालित है। इसके साथ ही इजराइल ने जहाज हाईजैक किये जाने की घटना को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा के लिए खतरा बताया है और आरोप लगाया है कि यह ईरान का आतंकवादी कृत्य है।

इस पूरे मामले में हूती समूह ने रविवार को बयान जारी कर कहा था कि इजराइली कंपनियों के स्वामित्व वाले या उनके द्वारा संचालित या उनके ध्वज वाले जहाजों को निशाना बनाया जा सकता है। वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी अधिकारी ने बयान जारी कर कहा कि अमेरिका स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## हमास को हराने में फेल रहा इजरायल, ईरान के नेता खामनेई ने किया दावा



इज़राइल और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के बीच युद्ध के 40 दिन पूरे होने पर, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने 19 नवंबर को सभी मुस्लिम-बहुल देशों से एक अपील जारी की, जिसमें उन्हें ज़ायोनी राज्य के साथ राजनीतिक संबंध तोड़ने के लिए कहा गया। खामेनेई ने 19 नवंबर को तेहरान में एक सैन्य प्रदर्शनी में भाग लेने के दौरान कहा कि इस्लामी सरकारों को कम से कम सीमित समय के लिए इज़राइल से राजनीतिक संबंध खत्म कर देने चाहिए। खामेनेई ने उन इस्लामिक देशों की भी आलोचना की जो गाजा में उसकी सेनाओं द्वारा की गई कथित ज्यादतियों के लिए इजरायल की निंदा करने में विफल रहे हैं। सरकारी मीडिया ने खामेनेई के हवाले से कहा कि कुछ इस्लामी सरकारों ने विधानसभाओं में इजरायली अपराधों की निंदा की है जबकि कुछ ने नहीं। यह अस्वीकार्य है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष ईरानी नेता ने यह भी दोहराया कि इस्लामी सरकारों को इज़राइल को अपने माल और ऊर्जा से काट देना चाहिए। खामेनेई की टिप्पणी ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के इज़राइल पर व्यापक प्रतिबंधों के प्रस्ताव को अधिकांश इस्लामी देशों के बीच अपील नहीं मिलने के कुछ दिनों बाद आई है। रायसी ने यह प्रस्ताव 10 नवंबर को रियाद में इस्लामिक सहयोग संगठन और अरब लीग के संयुक्त शिखर सम्मेलन के दौरान रखा था। सऊदी अरब को मुस्लिम दुनिया का वास्तविक नेता माना जाता है। अपने पड़ोसी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ उन देशों में शामिल था, जिन्होंने इस्लामिक-अरब शिखर सम्मेलन में लाए गए एक और प्रस्ताव को अवरुद्ध कर दिया था, जिसमें सभी संबंधों को खत्म करने की मांग की गई थी।

## यूरोप का पहला धूम्रपान मुक्त देश बनने जा रहा स्वीडन

**स्टॉकहोल्म (एजेंसी)।** स्वीडन जल्दी ही यूरोप का पहला धूम्रपान मुक्त देश बनने जा रहा है और इसकी वजह एक ऐस तंबाकू उत्पाद है जिससे धूम्रपान नहीं होता है। जहां एक तरफ स्नस नाम के इस उत्पाद को स्वीडन की संस्कृति से जोड़ा जाता है तो कई लोगों का मानना है कि धूम्रपान छोड़ने में उन्हें स्नस से मदद मिली है। स्नस एक तरह का नम सुंघनी होती जो होठों पर लगाई जाती है। यह स्वीडन में इतनी लोकप्रिय है कि यहां हर सात में से एक व्यक्ति इसका उपयोग करता है। यहां की सरकार के मुताबिक स्नस की ही वजह से धूम्रपान करने वालों की संख्या 2005 में स्वीडन की जनसंख्या 15वां फीसदी से पिछले साल 5.2 फीसदी तक आ गई है जो कि यूरोप में सबसे कम का रिकॉर्ड है। कोई देश तब धूम्रपान मुक्त माना जाता है जब वहां की जनसंख्या में रोजाना धूम्रपान करने वालों की संख्या पांच फीसदी से भी कम हो जाती हो। स्वीडन में यह सब स्नस की वजह से हो रहा है माना जाता रहा है। हैरानी की बात यह है कि स्नस पर यूरोपीय संघ ने 1992 से ही बैन लगा रखा है जबकि इसके तीन साल बाद इसी रियायत के साथ ही स्वीडन यूरोपीय संघ का सदस्य बना था। स्वीडन के पश्चिम में स्थित गोटनबर्ग शहर की स्वीडिश मैच फेक्ट्री में जटिल मशीनों के जरिए हजारों की संख्या मेंस्नस के सैशे बनते हैं। 2021 में कंपनी ने स्वीडन और नॉर्वे में 27.7 लाख बॉक्स बेचे थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी की प्रवक्ता ने पैट्रिक हिल्डिंगसन ने बताया कि स्नस स्वीडन में 200 सालों से इस्तेमाल की जा रही है। हिल्डिंगसन का कहना है कि सन्स स्वीडन की संस्कृति का हिस्सा जैसे कि यूरोप के कई देशों में वाइन संस्कृति का हिस्सा है। स्नस के लिए तंबाकू भारत या अमेरिका से आती है।

## हमारी सेना आएगी...सियोल ने उत्तर कोरिया को जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण रोकने की दी चेतावनी

**सियोल (एजेंसी)।** दक्षिण कोरिया की सेना ने उत्तर कोरिया को अपने नियोजित जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण के साथ आगे नहीं बढ़ने की चेतावनी दी, सोमवार को सुझाव दिया कि सियोल एक अंतर-कोरियाई शांति समझौते को निलंबित कर सकता है और प्रक्षेपण के प्रतिशोध में फ्रंटलाइन हवाई निगरानी फिर से शुरू कर सकता है। उत्तर कोरिया इस साल की शुरुआत में एक सैन्य जासूसी उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने के अपने पहले दो प्रयासों में विफल रहा और अक्टूबर में तीसरा प्रयास करने की प्रतिज्ञा का पालन नहीं किया। दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने कहा कि देरी की संभावना इसलिए है क्योंकि उत्तर कोरिया को रूसी तकनीकी सहायता मिल रही है और उत्तर कोरिया आने वाले दिनों में एक प्रक्षेपण कर सकता है।



दक्षिण कोरिया के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी कांग होपिल ने उत्तर कोरिया से अपने तीसरे प्रक्षेपण प्रयास को तुरंत रद्द करने का आग्रह किया। कांग ने एक टेलीविजन बयान में कहा कि अगर उत्तर कोरिया हमारी चेतावनी के बावजूद सैन्य जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण को आगे बढ़ाता है, तो हमारी सेना लोगों के जीवन और सुरक्षा की रक्षा के लिए आवश्यक उपाय करेगी। दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्री शिन वॉनसिक ने रविवार को सार्वजनिक प्रसारक केबीएस के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि प्रक्षेपण इस महीने के अंत में होने की उम्मीद है और दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी अधिकारी उत्तर कोरिया की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद उत्तर कोरिया द्वारा किसी भी उपग्रह प्रक्षेपण पर प्रतिबंध लगाती है क्योंकि वह इसे अपनी मिसाइल प्रौद्योगिकी के प्रच्छन्न परीक्षण के रूप में देखती है। कांग ने कहा कि उत्तर कोरिया को दक्षिण कोरिया की निगरानी में सुधार के लिए एक जासूसी उपग्रह की जरूरत है, लेकिन इसके प्रक्षेपण का उद्देश्य उसके लंबी दूरी के मिसाइल कार्यक्रम को बढ़ावा देना भी है। दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया पर यूक्रेन में रूस के युद्ध का समर्थन करने के लिए पारंपरिक हथियारों की आपूर्ति के बदले में अपनी परमाणु और अन्य सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने के लिए रूसी तकनीक प्राप्त करने का आरोप लगाया है। मॉस्को और प्योंगयांग दोनों ने कथित हथियार हस्तांतरण सौदे को आधारहीन बताकर खारिज कर दिया है, लेकिन दोनों देश संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ अलग-अलग, लंबे समय तक सुरक्षा तनाव में बंद खुले तौर पर द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने पर जोर दे रहे हैं।

## भारत का मोस्ट वांटेड आतंकी बनेगा पाकिस्तान का प्रधानमंत्री? इस बार होने वाले चुनाव में ठोक रहा ताल

**लाहौर (एजेंसी)।** आतंकी और लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद साल 2024 में होने वाले पाकिस्तान के आम चुनाव में हिस्सा लेने का फैसला किया है। इसके अलावा उसने इसकी तैयारियां भी जोरों से शुरू कर दी है। बता दें कि तल्हा सईद को भारत सरकार ने आतंकवादी घोषित कर दिया है। तल्हा यह चुनाव अल्लाह अकबर तहरीक पार्टी से लड़ेगा। कुख्यात आतंकवादी और कथित पाकिस्तानी जेलर हाफिज सईद के बेटे तल्हा ने अगले साल की शुरुआत में पाकिस्तान में होने वाले चुनाव की कमान संभाल ली है। दिलचस्प बात यह है कि चूंकि हाफिज सईद कथित तौर पर जेल में है, इसलिए आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की कमान भी उसके पास है।

हाफ़िज़ सईद के जीवनकाल में भी वह लश्कर में नंबर दो पर था। तल्हा का नाम कई आतंकी गतिविधियों में सामने आ चुका है और वह काफी समय से अपने आतंकी संगठन के लिए फंड जुटाने का काम कर रहा है। बता दें कि इससे पहले 2018 में हाफिज सईद के दामाद ने चुनाव लड़ा था। हालांकि, तल्हा सईद पहली बार चुनाव नहीं लड़ रहा है। इससे पहले 2018 में उसने अपने पिता के गृहनगर सरगोधा से चुनाव लड़ा था। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने नेशनल असेंबली सीट 91 (सरगोधा-IV) और नेशनल असेंबली सीट 133 (लाहौर) के लिए हाफिज तल्हा सईद (बेटे) और हाफिज खालिद वलीद (दामाद) के कागजात स्वीकार कर लिए हैं। इस चुनाव में तल्हा सईद 11000 वोटों से हार गये थे. इसके अलावा हाफिज के दामाद भी चुनाव हार गए. उस समय इस पार्टी ने कुल 50 उम्मीदवार मैदान में उतारे थे।

तल्हा ने पाकिस्तान चुनाव आयोग को जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक उसका नाम तल्हा सईद उर्फ हाफिज तल्हा सईद है. बता दें कि हाफिज सईद के बेटे तल्हा सईद को भारत साल 2022 में आतंकवादी घोषित कर दिया और उन पर आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने और भारत में कई आतंकवादी घटनाओं में शामिल होने का आरोप लगाया।



### कंगारू टीम ने भारत को 6 विकेट से मात देकर ट्रॉफी कब्जाई, ट्रेविस का शानदार शतक

# गेंदबाजों व हेड ने ऑस्ट्रेलिया को छठी बार विश्व चैंपियन बनाया



भाषा ⏭ अहमदाबाद

मिशेल स्टार्क की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद ट्रेविस हेड के शतक से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां आईसीसी क्रिकेट विश्व कप फाइनल में भारत को छह विकेट से हराकर लगातार नौवीं जीत के साथ अभूतपूर्व छठा एकदिवसीय विश्व कप जीता और साथ ही करोड़ों भारतीयों का दिल और मेजबान टीम का विश्व चैंपियन बनने का सपना तोड़ दिया। लगातार 10 जीत के विजय रथ पर सवार होकर फाइनल में पहुंचे भारत को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में तीसरा विश्व कप जीतने की उम्मीद थी। टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन ने एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का दूसरी बार हिस्सा बनने का सपना देखा था जबकि कप्तान रोहित शर्मा पहली बार एकदिवसीय विश्व चैंपियन बनने का सपना संजोए थे लेकिन पैट कमिंस की टीम ने इन सपनों को साकार नहीं होने दिया। ऑस्ट्रेलिया ने दिखा दिया कि क्यों वह विश्व क्रिकेट की शीर्ष टीम है। टीम ने भारत के खिलाफ पहले मैच सहित लगातार दो हार के साथ अपने अभियान की शुरुआत की लेकिन फिर लगातार नौ मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया। भारत के 241 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने हेड की 120 गेंद में चार छक्कों और 15 चौकों से 137 रन की पारी के अलावा मार्नस लाबुशेन (110 गेंद में नाबाद 58 रन, चार चौके) के साथ उनकी चौथे विकेट की 192 रन की साझेदारी से 43 ओवर में चार विकेट पर 241 रन बनाकर जीत दर्ज की।



### ऑस्ट्रेलिया का सफर

- ⏭ **पहला मैच:** ऑस्ट्रेलिया चेन्नई में भारत से छह विकेट से हार गया
- ⏭ **दूसरा मैच:** ऑस्ट्रेलिया लखनऊ में दक्षिण अफ्रीका से 134 रन से हार गया
- ⏭ **तीसरा मैच:** ऑस्ट्रेलिया ने लखनऊ में श्रीलंका को पांच विकेट से हराया
- ⏭ **चौथा मैच:** ऑस्ट्रेलिया ने बेंगलुरू में पाकिस्तान को 62 रन से हराया
- ⏭ **पांचवां मैच:** ऑस्ट्रेलिया ने दिल्ली में नीदरलैंड को 309 रन से हराया
- ⏭ **छठा मैच:** ऑस्ट्रेलिया ने धर्मशाला में न्यूजीलैंड को पांच रन से हराया
- ⏭ **सातवां मैच:** ऑस्ट्रेलिया ने अहमदाबाद में इंग्लैंड को 33 रन से हराया
- ⏭ **आठवां मैच:** ऑस्ट्रेलिया ने पुणे में अफगानिस्तान को 3 विकेट से हराया
- ⏭ **नौवां मैच:** ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया
- ⏭ **सेमीफाइनल:** ऑस्ट्रेलिया ने कोलकाता में अफ्रीका को 3 विकेट से हराया
- ⏭ **फाइनल:** ऑस्ट्रेलिया ने अहमदाबाद में भारत को छह विकेट से हराया।

### ऑस्ट्रेलिया को मिले 33 करोड़

- ⏭ **विजेता:** ऑस्ट्रेलियाई टीम को 33.31 करोड़ रुपये मिले हैं।
- ⏭ ऑस्ट्रेलिया आठ साल बाद चैंपियन बना है। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले 1987, 1999, 2003, 2007 और 2015 में खिताब जीता।
- ⏭ प्राइज मनी का बजट 83.29 करोड़ (10 मिलियन अमेरिकी डॉलर)।
- ⏭ **उपविजेता:** भारत को 16.65 करोड़ रुपये से संतोष करना पड़ा।
- ⏭ सेफा में हारने वाली दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड टीम को 6.66 करोड़ मिले।
- ⏭ ग्रुप दौर में बाहर होने वाली छह टीमों पाकिस्तान, अफगानिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश और नीदरलैंड को 83.29 लाख रुपये मिले।

### भावुक हुए रोहित व सिराज

भारतीय टीम के रविवार को यहां आस्ट्रेलिया से विश्व कप फाइनल में हारने के बाद कप्तान रोहित और गेंदबाज मोहम्मद सिराज की आंखें भर आई, जिसके बाद जसप्रीत बुमराह उन्हें ढाढ़स बंधाते नजर आए। विराट कोहली सहित अन्य खिलाड़ी भी उन्हें ढाढस बंधाने लगे। इसके बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की आंखें भी ड्रेसिंग रूम की ओर सीढ़ियां चढ़ते हुए भर आयी थीं।

### भारत-240/10 (50)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित शर्मा का हेड बो मैक्सवेल | 47 |
| शुभमन गिल का जंपा बो स्टार्क | 04 |
| विराट कोहली बो कमिंस | 54 |
| श्रेयस अय्यर का इंग्लिस बो कमिंस | 04 |
| लोकेश राहुल का इंग्लिस बो स्टार्क | 66 |
| जडेजा का इंग्लिस बो हेजलवुड | 09 |
| सूर्यकुमार का इंग्लिस बो हेजलुवड | 18 |
| मोहम्मद शमी का इंग्लिस बो स्टार्क | 06 |
| जसप्रीत बुमराह पगबाधा बो जंपा | 01 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 10 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 09 |

अतिरिक्त: 12

कुल:50 ओवर में सभी विकेट खोकर: 240 रन

विकेट पतन: 1-30, 2-76, 3-81, 4-148, 5-178, 6-203, 7-211, 8-214, 9-226

गेंदबाजी: स्टार्क 10-0-55-3, हेजलवुड 10-0-60-2, मैक्सवेल 6-0-35-1, कमिंस 10-0-34-2, जंपा 10-0-44-1, मार्श 2-0-5-0, हेड 2-0-4-0

### ऑस्ट्रेलिया-241/4 (43)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| डेविड वार्नर का कोहली बो शमी | 07 |
| ट्रेविस हेड का गिल बो सिराज | 137 |
| मिशेल मार्श का राहुल बो बुमराह | 15 |
| स्टीव स्मिथ पगबाधा बो बुमराह | 04 |
| मार्नस लाबुशेन नाबाद | 58 |
| ग्लेन मैक्सवेल नाबाद | 02 |

अतिरिक्त: 18


कुल:43 ओवर में चार विकेट पर: 241 रन

विकेट पतन: 1-16, 2-41, 3-47, 4-239

गेंदबाजी: बुमराह 9-2-43-2, शमी 7-1-47-1, जडेजा 10-0-43-0, कुलदीप 10-056-0, सिराज 7-0-45-1

## कोहली का रिकॉर्ड लगातार 5वीं बार 50+ स्कोर
## 11 मैचों में तीन बड़े शतक सहित बनाए 765 रन

**अहमदाबाद।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्वकप का फाइनल मुकाबला खेला गया। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए न्योता दिया। कोहली ने 63 गेंदों पर 54 रनों की पारी खेली जिसमें चार चौके शामिल हैं। विराट ने 11 मैचों में 95.62 की औसत से रिकॉर्ड 765 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने तीन शतक और छह अर्धशतक जड़े हैं। 113 रन इस विश्व कप में कोहली का सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है। विश्वकप के एक संस्करण में किसी भी खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक रन कोहली ने अपने नाम कर लिया है। लगातार पांच बार 50+ स्कोर का कीर्तिमान कोहली बनाया है जो विश्वकप में तीसरी बार है और खुद कोहली द्वारा दूसरी बार है। इसके अलावा इस विश्वकप में कोहली ने 95.62 के औसत से रन बनाए हैं जो 500 से ज्यादा रन वाले किसी भी खिलाड़ी के लिए दूसरा सबसे बड़ा रिकॉर्ड है।




### कोहली प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

**सबसे ज्यादा रन**

| खिलाड़ी | देश | रन |
|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | भारत | 2278 |
| विराट कोहली | भारत | 1767 |
| रिकी पोंटिंग | ऑस्ट्रेलिया | 1743 |
| रोहित शर्मा | भारत | 1575 |
| कुमार संगाकारा | श्रीलंका | 1532 |

### एक वर्ल्ड कप में 597 रन बनाने वाले पहले कप्तान बने रोहित

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में 597 रन बनाए। वह फाइनल में 47 रन बनाकर आउट हुए और इसी के साथ टूर्नामेंट में उनकी आक्रामक बैटिंग का सफर खत्म हुआ। वह एक वर्ल्ड कप में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। रोहित ने न्यूजीलैंड के केन विलियमसन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2019 में बतौर कप्तान 578 रन बनाए थे। रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में 3 सिक्स लगाए। इसी के साथ वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके 87 छक्के पूरे हो गए। उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 85 सिक्स लगा रखे हैं। रोहित के इस टूर्नामेंट में 31 सिक्स भी हो गए। वह एक वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2015 के वर्ल्ड कप में 26 सिक्स लगाए थे।

### स्मिथ की बराबरी की

2015 में स्टीवन स्मिथ ने पांच बार 50 से ज्यादा रन बनाए थे। वहीं विराट कोहली ने 2019 और 2023 में 50 से ज्यादा रनों की पांच पारियां खेली हैं। विश्व कप संस्करण में सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में 50+ स्कोर बनाने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गए हैं। पहले माइक ब्रियरली (1979), डेविड बून (1987), जावेद मियांदाद (1992), अरविंदा डी सिल्वा (1996), ग्रांट इलियट (2015) और स्टीवन स्मिथ (2015) इस सूची में शामिल थे। इसके अलावा इस टूर्नामेंट में लगातार 5वां अर्धशतक और 9वां 50+ स्कोर भी बनाया है।



### रोहित के 2500 रन पूरे

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोहित शर्मा ने 47 रन बनाकर एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। रोहित शर्मा सभी वर्ल्ड कप ( टी-20 और वनडे) में 2500 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। भारत के विराट कोहली पहले स्थान पर हैं। रोहित ने सभी विश्व कप में 67 मैच में 47 की औसत और 113 की स्ट्राइक-रेट के साथ सात शतक और 15 अर्धशतक के साथ 2538 रन बनाए हैं। कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में यह उपलब्धि हासिल की थी। इसके अलावा रोहित शर्मा पहले ऐसे कप्तान बने हैं, जिन्होंने वर्ल्ड कप में एक सीजन में सर्वाधिक रन बनाने का कारनाम किया है। रोहित ने इस मामले में केन विलियमसन को पीछे छोड़ा। रोहित ने मौजूदा वर्ल्ड कप में 597 रन बनाए हैं, इसमें एक शतक और 3 अर्धशतक लगाए हैं। विलियमसन ने 2019 के वर्ल्ड कप में 9 पारियों में 83 की औसत से 578 रन बनाए थे।








### खबर संक्षेप



#### आईसीसी का प्रतिबंध देश के साथ विश्वासघात

**कोलंबो।** श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से प्रतिबंध लगाने की सिफारिश करने के लिए श्रीलंका क्रिकेट की कड़ी आलोचना करते हुए इस देश के साथ बड़ा विश्वासघात करार दिया। श्रीलंका की टीम के विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद रणसिंघे ने शम्मी सिल्वा की अध्यक्षता वाली संचालन संस्था को बर्खास्त करके अंतरिम समिति गठित की थी।

#### अवनी मालोर्का ओपन में 13वें स्थान पर

**पाल्मा।** भारत की अवनी प्रशांत अंतिम दौर में एक ओवर 73 के स्कोर से यहां मालोर्का लेडीज गोल्फ ओपन में 13वें स्थान पर रहीं। सत्रह साल की भारतीय अवनी ने अंतिम तीन होल में दो बोगी और एक बर्डी की जिससे उनका स्कोर एक ओवर रहा। उनक कुल स्कोर दो अंडर रहा। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही एक अन्य भारतीय दीक्षा डागर अंतिम दौर में तीन ओवर 75 के स्कोर से 31वें स्थान पर रहीं। उनका कुल स्कोर दो ओवर रहा जिससे वह रेस टू कोस्टा डेल सोल में दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गईं।

## जोकोविच फाइनल में, अब सिनर से होगा मुकाबला

एजेंसी ⏭ तूरिन

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कार्लोस अल्कराज को सीधे सेटों में हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना स्थानीय खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा। जोकोविच ने शीर्ष रैंकिंग के दो खिलाड़ियों के बीच खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में अल्कराज को 90 मिनट से भी कम समय में 6-3 6-2 से पराजित किया। अब उनका प्रयास रिकॉर्ड सातवीं बार एटीपी फाइनल्स का खिताब जीतना होगा। इससे पहले सेमीफाइनल के एक अन्य मुकाबले में सिनर ने दानिल मेदवेदेव को 6-3 6-7(4) 6-1 से हराया था। साल के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेली जाने वाली सत्र की इस अंतिम प्रतियोगिता में जोकोविच ने अभी तक छह खिताब जीते हैं और वह रोजर फेडरर की बराबरी पर हैं। दूसरी तरफ सिनर इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। सिनर इस सप्ताह के शुरू में जोकोविच को हराया था। फाइनल मुकाबले में सर्बिया के खिलाड़ी को सिनर के अलावा दर्शकों से मिलने वाली चुनौती का भी सामना करना होगा।

## गगनजीत ने जीता इंडोनेशिया मास्टर्स खिताब

एजेंसी ⏭ जकार्ता



भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने रविवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स में 18वें होल में शानदार ईगल लगाकर अपना 11वां एशियाई टूर खिताब जीत लिया। यह उनकी इंडोनेशिया में पांचवीं जीत है। भुल्लर ने अंतिम दिन 67 का कार्ड खेला जिसमें चार बर्डी और दो बोगी शामिल थी। लेकिन 20 फीट की दूरी से लगाया ईगल शॉट शानदार रहा। उनका कुल स्कोर 24 अंडर 260 रहा जिससे उन्होंने 270,000 डॉलर की राशि जीती। भुल्लर की यह पांच शॉट की जीत उनके अंतरराष्ट्रीय करियर की सबसे बड़ी जीत है। भारत के करणदीप कोचर ने अंतिम दिन बिना बोगी के 63 का कार्ड खेला जिससे वह भुल्लर के पीछे दूसरे स्थान पर रहे। अंतरराष्ट्रीय सीरीज में यह किसी भी भारतीय की पहली जीत है। एशियाई टूर पर किसी भारतीय की पिछली जीत 15 महीने पहले इंडोनेशिया में भुल्लर ने ही हासिल की थी। उन्होंने 2012 और 2017 में मकाओ ओपन में और 2013 में इंडोनेशिया ओपन जीता था।

### कर्नाटक, तमिलनाडु हरियाणा व दिल्ली जीते

**चेन्नई।** कर्नाटक, हरियाणा, तमिलनाडु, दिल्ली और ओड़िशा ने रविवार को यहां सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप के तीसरे दिन अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। दिन के पहले मैच में कर्नाटक ने दादर एवं नागर हवेली और दमन एवं दीव को 5-0 से पराजित किया। हरियाणा ने दूसरे मैच में गुजरात को 22-1 से रौंद दिया। अगले मैच में तमिलनाडु ने हॉकी हिमाचल को 13-1 से और दिल्ली ने तेलंगाना को 6-1 से मात दी। दिन के अंतिम मैच में हॉकी ओडिशा ने हॉकी अरूणाचल को 27-0 से पराजित किया।

### फ्रांस ने जिब्राल्टर को 14-0 से हराया

## नीदरलैंड, स्विटजरलैंड यूरो के लिए क्वालीफाई, फ्रांस की रिकॉर्ड जीत

एजेंसी ⏭ लंदन



नीदरलैंड, स्विटजरलैंड और रोमानिया ने यूरो 2024 में अपनी जगह सुरक्षित की जबकि फ्रांस ने जिब्राल्टर को 14-0 से हराया, जो यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग में सबसे बड़ी जीत है। नीदरलैंड को क्वालीफाई करने के लिए आयरलैंड के खिलाफ मैच में केवल जीत की जरूरत थी। उसने वाउट वेघोर्स्ट के 12वें मिनट में किए गए गोल की मदद से 1-0 से जीत दर्ज की।

स्विट्ज़रलैंड ने कोसोवो के साथ 1-1 से ड्रा खेला। रोमानिया की तीसरे स्थान की टीम इजराइल के खिलाफ 2-1 से जीत के बाद स्विट्ज़रलैंड को क्वालीफाई करने के लिए केवल ड्रा की जरूरत थी। इस बीच फ्रांस ने जिब्राल्टर को 14-0 से हराकर अपनी अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की। यह प्रतियोगिता का भी नया रिकॉर्ड है। स्टार स्ट्राइकर काइलन एमबापे ने हैट्रिक बनाई जबकि फ्रांस के 9 खिलाड़ियों ने गोल किये। जिब्राल्टर की तरफ से एक आत्मघाती गोल भी किया गया। फ्रांस ने इससे पहले सबसे बड़ी जीत 1995 में अजरबेजान के खिलाफ दर्ज की थी। उसने तब अजरबेजान को 10-0 से हराया था। यूरोपीय चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग में इससे पहले सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड जर्मनी के नाम पर था। उसने 2006 में सैन मेरिनो को 13-0 से पराजित किया था। फ्रांस पहले ही अगले साल होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुका है।

### *शिलांग ने गोकुलम केरल को 3-1 से हराया*

*शिलांग। शिलांग लाजोंग एफसी ने रविवार को यहां आई लीग फुटबॉल मैच में अपनी घरेलू परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए पूर्व चैम्पियन गोकुलम केरला एफसी को 3-1 से मात दी। शिलांग लाजोंग की यह चार मैच में पहली जीत है जिससे उसके चार मैच में छह अंक हो गये हैं जबकि गोकुलम केरला को सत्र की पहली हार झेलनी पड़ी।केरल की टीम पांच मैच में 10 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर चल रही है। मोहम्मडन स्पोर्टिंग पांच मैच में 13 अंक से तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। शिलांग लाजोंग के लिए डेनियल गोंकाल्वेस, रेनान पॉलिनो और कप्तान हार्डी क्लिफ नोंगब्री ने जबकि गोकुलम केरला के लिए एलेक्स सांचेज ने गोल दागा।*

## मैक्स वर्स्टापेन ने फॉर्मूला-1 सत्र की दर्ज की 18वीं जीत

एजेंसी ⏭ लास वेगास



मैक्स वर्स्टापेन ने शनिवार की रात लास वेगास ग्रां प्री में सत्र की 18वीं रेस जीती। यह सत्र की सबसे प्रतिस्पर्धी रेस में से एक रही और तीन बार के मौजूदा विश्व चैम्पियन ने जस्टिन बीबर द्वारा दिखाये गये झंडे को पार करने के बाद 'विवा लास वेगास, विवा लास वेगास' गाना शुरू कर दिया।

रेड बुल के वर्स्टापेन ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि हर किसी ने इसका लुत्फ उठाया होगा, हमने निश्चित रूप से ऐसा किया। अगले साल यहां आने और फिर ट्राफी जीतने के लिए उत्साहित हूं।' रेस देखने के लिए बड़े सितारे जैसे ब्रैड पिट, रिहाना, उसेन बोल्ट और शाकिले ओनील भी मौजूद थे।यह वर्स्टापेन की लगातार छठी जीत थी। फेरारी के चार्ल्स लेकलर्क दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने रेडबुल को पहला दूसरा पोडियम स्थान हासिल करने से वंचित कर दिया। रेड बुल के दूसरे ड्राइवर सर्गियो पेरेज तीसरे स्थान पर रहे। इन तीनों को लिमोजीन से पोडियम तक ले जाया गया। सात बार के फॉर्मूला वन चैम्पियन लुईस हैमिल्टन मर्सिडीज के लिए सातवें स्थान पर रहे।



# 2024 में ग्रैंड वर्ल्ड टूर करेंगी नोरा फतेही



बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही 2024 की शुरुआत में एक ग्रैंड वर्ल्ड टूर पर निकलेंगी। इस दौरान वह न केवल अपने बॉलीवुड सोलो पर परफॉर्म करेंगी, बल्कि एक नए इंटरनेशनल ट्रैक का भी अनावरण करेंगी। इस टूर में उनके वोकल टैलेंट का भी परफॉर्मेंस होगा, साथ ही कुछ और बेहतरीन डांस परफॉर्मेंस भी देखने को मिलेंगे। जैसे-जैसे उनके वर्ल्ड टूर के चलते उनके प्रोफेशनल लाइफ में एक नया मोड़ आ रहा है, नोरा फतेही भी अपकमिंग फिल्मों की सूची में अभिनय करने के लिए तैयार हो रही हैं। वह वरुण तेज की फिल्म मटका से तेलुगु में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री में, नोरा अपनी एक्टिंग क्षमता का प्रदर्शन करते हुए हाई-ऑक्टेन थ्रिलर क्रैक में विद्युत जामवाल के साथ स्क्रीन पर नजर आने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, वह अभिषेक बच्चन के साथ रेमो डिसूजा की बी हैप्पी में दर्शकों को खुश करने के लिए भी तैयार हैं, और कुणाल खेमू की मडगांव एक्सप्रेस के कलाकारों के साथ जुड़कर अपनी फिल्मोग्राफी में विविधता लाएंगी, जहां वह एक हास्य भूमिका निभाएंगी।



# एक बार फिर साथ आए आर माधवन-कंगना रणौत


बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रणौत अक्सर सुर्खियों में छाई रहती हैं। हाल ही में उनकी फिल्म तेजस रिलीज हुई थी, जिसकी स्क्रीनिंग उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए भी की गई थी। वहीं, अब अभिनेत्री से जुड़ी नई खबर सामने आ रही है। कंगना एक बार फिर अभिनेता आर माधवन के साथ काम करने वाली हैं। कंगना एक आगामी अखिल भारतीय मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म के लिए आर माधवन के साथ फिर से जुड़ने के लिए तैयार हैं। इसकी जानकारी खुद अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर साझा की है। अभिनेत्री की नई फिल्म का निर्माण आज चेन्नई में शुरू हुआ। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कंगना ने एक तस्वीर साझा की और लिखा, आज चेन्नई में हमने अपनी नई फिल्म एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर की शूटिंग शुरू की। अन्य विवरण जल्द ही आ रहे हैं। फिलहाल इस बेहद असामान्य और रोमांचक स्क्रिप्ट के लिए आपके सभी समर्थन और आशीर्वाद की जरूरत है। फिल्म का निर्देशन विजय करेंगे। इससे पहले वह कंगना रणौत की फिल्म थलाइवी का निदेशन कर चुके हैं। वहीं, आर माधवन और कंगना ने इससे पहले तनु वेड्स मनु और तनु वेड्स मनु रिटर्न्स में साथ काम किया था। एक बार फिर विजय के साथ काम करने को लेकर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कंगना ने कहा, प्रिय विजय सर, थलाइवी के अविश्वसनीय अनुभव के बाद फिर से आपकी महिमा का आनंद लेते हुए खुश हूं। मुझे आपकी टीम में शामिल होना और आपके आदेश लेना पसंद है। धन्यवाद सर।

फिल्म के लिए संगीत प्रतिभाशाली जीवी प्रकाश कुमार द्वारा तैयार किया गया है। कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अपनी सिनेमैटोग्राफी के लिए प्रसिद्ध नीरव शाह, फोटोग्राफी के निदेशक (डीओपी) के रूप में कार्य करेंगे। बहुप्रतीक्षित मनोवैज्ञानिक थ्रिलर हिंदी और तमिल, द्विभाषी रिलीज में दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। प्रोडक्शन टीम इस सहयोग को लेकर उत्साहित है और उसे विश्वास है कि शानदार प्रतिभा का यह संयोजन एक ऐसी फिल्म पेश करेगा, जो दुनिया भर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। वहीं बात करें अभिनेत्री की आने वाली फिल्मों के अरे में तो कंगना आगामी पीरियड ड्रामा फिल्म इमरजेंसी में भी नजर आएंगी, जो उनकी पहली एकल निर्देशित फिल्म भी है। फिल्म में वह देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी। वहीं दूसरी ओर, आर माधवन भी विकास बहल द्वारा निर्देशित एक थ्रिलर में अजय देवगन के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते दिखाई देंगे।

# दुल्हनिया 3 में फिर साथ नजर आएंगे आलिया -वरुण धवन?

फिल्मकार करण जौहर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे सफल निर्देशकों में से एक हैं। फैंस को उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है। अपने करियर में वह अब तक कई ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके हैं। इन दिनों करण जौहर अपने चैट शो कॉफी विद करण 8 को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। इस चैट शो में करण अपनी निजी जिंदगी से लेकर प्रोफेशनल लाइफ के कई दिलचस्प किस्सों का खुलासा करते हैं। इस दौरान करण ने अपने अगले प्रोजेक्ट दुल्हनिया 3 को लेकर भी कई दिलचस्प खुलासे किए हैं। तो चलिए जानते हैं कि निर्माता ने क्या कहा है। करण जौहर को अक्सर अपने इंस्टाग्राम सेशन के लिए जाना जाता है। इस लाइव सेशन के दौरान निर्माता अपने फैंस संग अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा करते रहते हैं। लाइव सेशन के दौरान उनके एक फैन ने उनसे पूछा, क्या आप दुल्हनिया बना रहे हैं? हम आलिया और वरुण को एक साथ फिल्म में चाहते हैं। फैन के इस सवाल का जवाब देते हुए करण ने कहा, दुल्हनिया एक बेहतरीन फ्रेंचाइजी है। यह हमारी प्रीमियर फ्रेंचाइजी में से एक है। यह प्यार और भावनाओं से भरपूर है। दो प्यार करने वाले कपल की भावनाओं के साथ हास्य का मिश्रण भी दर्शकों का मनोरंजन करेगा। हमें उम्मीद है कि शायद हम दुल्हनिया को एक दिलचस्प कहानी में वापस लाएंगे।

बता दें कि इससे पहले वरुण ने दुल्हनिया 3 का हिस्सा बनने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की थी और कहा था कि वह और उनकी टीम फिल्म करने के लिए उत्सुक हैं, हालांकि, उन्होंने कहा कि वे कुछ ऐसी चीज का इंतजार कर रहे हैं जो बहुत अच्छी होगी और बनी रहेगी। करण और वरुण को इस बयान के बाद कयासों का बाजार गर्म होता दिख रहा है क्योंकि फैन की इस गुजारिश पर करण ने इंकार नहीं किया था। बता दें कि दुल्हनिया सीरीज का पहला भाग 2014 की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया थी, जिसमें आलिया भट्ट और वरुण धवन मुख्य भूमिका में थे। दुल्हनिया सीरीज का दूसरा भाग 2017 में आई बद्रीनाथ की दुल्हनिया थी। इस फिल्म में आलिया और वरुण ने भी अभिनय किया था। अब फैंस इसके तीसरे भाग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# अब भोजपुरी सिनेमा में अपनी किस्मत आजमाएंगे आर्य बब्बर

हिंदी, पंजाबी और बंगाली फिल्मों में काम कर चुके अभिनेता- राजनेता राज बब्बर के बेटे आर्य बब्बर अब भोजपुरी सिनेमा में अपनी किस्मत आजमाने जा रहे हैं। अभिनेता आर्य बब्बर इन दिनों उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में भोजपुरी फिल्म राजाराम की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में आर्य बब्बर विलेन की भूमिका में निभा रहे हैं। भोजपुरी फिल्म राजाराम में विलेन की भूमिका निभा रहे आर्य बब्बर कहते हैं, मुझे क्षेत्रीय सिनेमा में काम करने से कभी भी परहेज नहीं रहा। जहां भी मुझे अच्छे मौके मिले, मैंने काम किया चाहे पंजाबी फिल्में हो या फिर बंगाली फिल्में। जब मुझे निर्देशक पराग पाटिल ने भोजपुरी फिल्म राजाराम ऑफर की तो मुझे मेरा किरदार काफी चैलेंजिंग लगा। अब भोजपुरी फिल्में भी बड़ी भव्य स्तर पर बन रही। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान काम करके बहुत ही आनंदित हूं। अभिनेता आर्य बब्बर कहते हैं, इस फिल्म में मेरी भूमिका बेहद चुनौतीपूर्ण है। मेरी पूरी कोशिश है कि इस किरदार को जीवंत करने में अपना सौ फीसदी दूं। मुझे उम्मीद है कि जब यह फिल्म रिलीज होगी तो दर्शक मेरे किरदार को जरूर पसंद करेंगे। फिल्म में खेसारी लाल यादव के साथ काम करने बहुत ही अच्छा अनुभव रहा है, वह भोजपुरी में डायलॉग बोलने में मेरी बहुत मदद करते हैं। अभिनेता आर्य बब्बर ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2002 में रिलीज फिल्म अब के बरस से हीरो के रूप में की। राज कंवर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आर्य बब्बर के साथ अमृता राव की लीड भूमिका थी। इस फिल्म के बाद आर्य बब्बर ने मुद्दा -द इश्यू, थोड़ा तुम बदलो थोड़ा हम जैसी फिल्मों में बतौर हीरो नजर आए, लेकिन जब हीरो के रूप में वह सफल नहीं हुए तो मणि रत्नम की फिल्म गुरु से फिल्मों में चरित्र भूमिकाएं करने लगे।



# मलायका अरोड़ा मेरी पहली संतान हैं



फिल्म निर्माता-कोरियोग्राफर फराह खान ने उन्हें अपनी पहली संतान बताते हुए कहा कि उन्होंने पहले मलायका अरोड़ा को खोजा और फिर दीपिका पादुकोण को। छैया छैया गाने के लिए चलती ट्रेन में शूटिंग के अपने अनुभव के बारे में झलक दिखला जा की जज मलाइका ने कहा, मुझे याद है कि चलती ट्रेन पर डांस करना कितना चुनौतीपूर्ण था। हम सभी डरे हुए थे। आपने यहां इस मूविंग प्लेटफॉर्म पर जो प्रयास किया, वह आपके लिए भी कठिन रहा होगा। यह एक बहुत अच्छा एलिमेंट है, जिसे आप लेकर आये। ये किस्से सेलिब्रिटी डांस शो झलक दिखला जा में साझा किए गए, जहां कंटेस्टेंट्स आने वाले एपिसोड में कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। कुश्ती के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के लिए मशहूर संगीता फोगाट ने कोरियोग्राफर भरत घरे के साथ बॉलीवुड ट्रैक छैया छैया में अपने अभिनय से अमिट छाप छोड़ी है। फराह खान, जिन्होंने मूल रूप से गाने की कोरियोग्राफी की थी, ने खुलासा किया कि उन्होंने मलायका को कैसे ढूंढा। उन्होंने कहा, हर कोई कहता है कि मैंने दीपिका को खोजा, लेकिन मैंने पहले मलायका को खोजा। वह मेरी पहली संतान है। गाने की शूटिंग से दो दिन पहले मैंने मलायका को यह गाना करने के लिए बुलाया। उनसे पहले हमने छह-सात हीरोइनों को अप्रोच किया था, लेकिन बात नहीं बनी। हम इस बात को लेकर असमंजस में थे कि इस गाने के लिए किसे चुनें। तभी मिकी कॉन्ट्रैक्टर ने मुझे बताया कि मलायका एक बहुत अच्छी डांसर हैं। वह मॉडल हैं। मुझे चिंता थी कि वह घाघरा-चोली में इंडियन डांस कैसे करेंगी। इसलिए, मैंने उन्हें दो दिन पहले ऊटी बुलाया, और हमने रात में रिहर्सल की, और हमने दिन के दौरान शूटिंग की। डांस नंबर के लिए ट्रेन पर चढ़ते वक्त मलाइका कांप रही थीं। हमने उन्हें ट्रेन पर चढ़ाया। वह कांप रही थी, सचमुच, कोई सेफ्टी नहीं थी, कुछ भी नहीं। उन्होंने कोई मेकअप नहीं किया था, केवल काजल और एक टैटू था जो गीता ने उनकी बाहों पर बनाया था। और हां, शाहरुख उनके साथ वहां थे। फराह ने बताया कि शाहरुख खान, मलायका का बहुत ख्याल रखते थे। शाहरुख उनका बहुत ख्याल रखते थे। हर कोई हमसे सुरक्षा सावधानियों के बारे में पूछता था, और मैंने जो एकमात्र सावधानी बरती वह अतिरिक्त डांसर्स को ले जाना था। यह शो सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

# मौनी रॉय ने स्टारडम की अपनी यात्रा के हर कदम को सीखने का अनुभव बताया

अभिनेत्री मौनी रॉय ने मनोरंजन की दुनिया में काफी पहचान बनाई है। सुल्तान ऑफ दिल्ली में अपने प्रदर्शन के लिए प्रशंसा पाने वाली अभिनेत्री ने स्टार बनने की अपनी यात्रा के बारे में खुलकर बात की। अपनी यात्रा पर विचार करते हुए, ब्रह्मास्त्र अभिनेत्री ने कहा, इस यात्रा का हर कदम एक सीखने का अनुभव रहा है, जो प्यार और समर्थन से भरा है। मैं स्नेह से अभिभूत हूं और गहराई से आभारी हूं। नयनतारा गंगोपाध्याय की भूमिका निभाते हुए, अभिनेत्री को क्राइम-थ्रिलर श्रृंखला में उनके प्रदर्शन के लिए बहुत प्रशंसा मिली है, बावजूद इसके कि शो को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली थी। पर्दे पर मौनी रॉय अगली बार द वर्जिन ट्री में नजर आएंगी। इसके अलावा, वह बंगाली भाषा के रियलिटी शो डांस बांग्ला डांस 12 में नजर आएंगी। फिलहाल वह रियलिटी-टीवी शो टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया की होस्ट भी हैं।





# एंकर से ऐसे अभिनेत्री बनीं नयनतारा, बॉलीवुड में भी चमकाई किस्मत

साउथ इंडस्ट्री में लेडी सुपरस्टार के नाम से मशहूर नयनतारा आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अभिनेत्री ने साउथ ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड इंडस्ट्री में भी अपने दमदार अभिनय से खास पहचान बनाई हैं। अभिनेत्री नयनतारा ने हाल ही में शाहरुख खान की फिल्म जवान से बॉलीवुड डेब्यू किया। नयनतारा अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म से ही सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। साउथ की लेडी सुपरस्टार का असली नाम नयनतारा नहीं डायना मरियम कुरियन हैं। कर्नाटक में जन्मीं नयनतारा मलयाली परिवार से ताल्लुक रखती हैं। अभिनेत्री ने अपने करियर की शुरुआत बतौर मॉडल और एंकर की। नयनतारा ने साल 2003 में मलयालम फिल्म मनासिनक्कारे से इंडस्ट्री में कदम रखा। इसके बाद अभिनेत्री ने साउथ इंडस्ट्री में एक से बढ़कर एक ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया। नयनतारा ने तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में 80 से ज्यादा फिल्में की हैं। अभिनेत्री के करियर की ज्यादातर फिल्में सफल रही हैं। नयनतारा अनामिका, माया, ऐरा और नेत्रिकन के अलावा साउथ सिनेमा की गजनी, बिल्ला, यारादी नी मोहिनी, बॉडीगार्ड, कृष्णम वंदे जगद्गुरुम्, थानी ओरुवन जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में कर चुकी हैं। इतना ही नहीं, नयनतारा भारत में सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में शामिल हैं। वहीं बात करें अभिनेत्री की निजी जिंदगी के बारे में तो नयनतारा और फिल्म निर्माता विग्नेश शिवन ने काफी समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद शादी रचाई थी। कपल ने 9 जून 2022 को चेन्नई में ग्रैंड वेडिंग की थी। शादी के चार साल बाद नयनतारा और विग्नेश शिवन सेरोगेसी के जरिए दो जुड़वा बच्चों के माता-पिता बने। फिल्म जवान से बॉलीवुड में कदम रखने वाली नयनतारा को इंडस्ट्री में एक अलग पहचान मिली। शाहरुख खान की फिल्म ने भारत में 643.87 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। जवान की सफलता ने लेडी सुपरस्टार के करियर को आसमान पर पहुंचा दिया है। वहीं, चर्चा है कि जवान के बाद नयनतारा संजय लीला भंसाली की फिल्म बैजू बावरा में नजर आ सकती हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें इस फिल्म की पेशकश की गई है। फिल्म में वह रणवीर सिंह और आलिया भट्ट के साथ अहम किरदार अदा करती दिखेंगी। हालांकि, फिलहाल आधिकारिक रूप से इसे लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है।